CMYK

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, मंगलवार 30 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 31 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 9 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा की मौजूदा सरकार 'नंबर एक' : अखिलेश यादव पेज 2


स्मृति मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन किए पूरे खेल टाइम्स


वनों का कटान एक गंभीर समस्या सम्पादकीय


पानी को हथियार बना रहा भारत: शेरी रहमान पेज 12

# सेना के आधुनिकीकरण के लिए 79000 करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 79,000 करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष की अंतिम बैठक में मंजूर किए गए इन खरीद सौदों की कुल अनुमानित लागत लगभग 79,000 करोड़ रुपये है और इनमें सेना की तोपखाना रेजिमेंट के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट एम्युनिशन तथा इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क-2 की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक तथा हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के प्रस्तावों को आवश्यकता पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई। वायुसेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र मार्क-2 मिसाइलें, फुल मिशन सिम्युलेटर तथा स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट्स आदि की खरीद को आवश्यकता की स्वीकृति दी गई। लॉयटर म्यूनिशन का उपयोग सामरिक लक्ष्यों पर सटीक प्रहार के लिए किया जाता है, जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे आकार की, कम ऊंचाई पर उड़ने वाली मानवरहित हवाई प्रणालियों का पता लगाने और उनका पीछा करने में सक्षम होते हैं। लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट प्रणाली की मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ाएंगे, जिससे लक्ष्यों पर प्रभावी प्रहार संभव होगा। उन्नत रेंज वाला इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क-2 सामरिक युद्ध क्षेत्र और हिन्टरलैंड में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। नौसेना के लिए खरीदा जाने वाला बोलार्ड पुल टग्स की तैनाती से नौसैनिक जहाजों और पनडुब्बियों को बंदरगाहों और संकरे जल क्षेत्रों में बर्थिंग, अनबर्थिंग और संचालन में सहायता मिलेगी। यह एक विशेष तरह की टगबोट होती है, जो जहाजों को खींचने में सक्षम होती है। हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो बोर्डिंग और लैंडिंग अभियानों के दौरान लंबी दूरी की सुरक्षित संचार व्यवस्था को मजबूत करेगा।



- **भारत की सैन्य शक्ति में होगा बड़ा इजाफा: रक्षा मंत्री**
- **रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं की आवश्यकताओं पर मंथन के बाद फैसला**

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने ऋण निपटान मामले में दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। ईडी के सूत्रों ने बताया कि ये छापेमारी इंदरजीत सिंह यादव, उनके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अन्य संबंधित संस्थाओं से जुड़े धन शोधन मामले में चल रही जांच का हिस्सा है। तलाशी में पता चला कि यादव द्वारा कॉरपोरेट घरानों और निजी वित्तदाताओं के बीच ऋण निपटान की सुविधा के लिए एक वेबसाइट/पोर्टल विकसित और संचालित किया गया था। इसके अलावा अभियान के दौरान यह भी पता चला है कि धन शोधन की आय का उपयोग करके यादव और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर विभिन्न चल और अचल संपत्तियां अर्जित की गई है। ईडी ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज की गई 15 से अधिक प्राथमिकी और आरोपपत्र के आधार पर धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जांच शुरू की।

### नौसेना का स्वदेशी पाल नौकायन पोत ओमान रवाना

**नई दिल्ली।** नौसेना के पारंपरिक तरीके से सिले हुए स्वदेशी पाल नौकायन पोत आईएनएस कौंडिन्य ने सोमवार को गुजरात के पोरबंदर से ओमान सल्तनत के मस्कट के लिए अपनी पहली विदेशी समुद्री यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पोत को बनाने वाली टीम को बधाई देते हुए इसके चालक दल को सुरक्षित और यादगार यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह ऐतिहासिक अभियान जीवंत समुद्री यात्रा के माध्यम से भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को पुनर्जीवित करने, समझने और उसे मनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि आईएनएसवी कौंडिन्य पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए अपनी पहली समुद्री यात्रा पर रवाना हो रहा है।

### PDUNASS और ICCFG के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सर्वोच्च प्रशिक्षण संस्था पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पीडीयूएनएएसएस) ने आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस (आईसीसीएफजी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से सोमवार को बताया गया कि पीडीयूएनएएसएस के क्षेत्रीय पीएफ आयुक्त-प्रथम राम आनंद और आईसीसीएफजी के महासचिव शांति नारायण ने यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पीडीयूएनएएसएस के निदेशक कुमार रोहित ने इस साझेदारी की रणनीतिक अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि भारत के सामाजिक सुरक्षा परिदृश्य में परिवर्तनकारी सुधारों के बीच ईपीएफओ की जिम्मेदारियां बढ़ रही हैं, ऐसे में हमारे अधिकारियों को न केवल प्रक्रियात्मक दक्षता बल्कि नैतिक योग्यता की भी आवश्यकता है।

### सीबीआई ने टीवीके के दो नेताओं के बयान दर्ज किए

**नई दिल्ली।** करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के महासचिव अधर्व अर्जुन और पार्टी पदाधिकारी निर्मल कुमार सोमवार की सुबह सीबीआई के सामने पेश हुए और अधिकारियों के सामने अपने बयान दर्ज कराए। सीबीआई ने स्थानीय पुलिस से मामला अपने हाथ लिया है। वह इससे जुड़े व्यक्तियों को तलब कर उनकी भूमिका की जांच कर रही है। इसी प्रक्रिया के तहत अधर्व अर्जुन और निर्मल कुमार को बुलाया गया था। दोनों नेताओं ने कहा कि जांच में पूरा सहयोग करेंगे और संबंधित सभी जानकारी जानकारी साझा करेंगे।

# कुलदीप सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से लगा बड़ा झटका

## शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के जमानत आदेश पर लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उन्नाव दुष्कर्म मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उन्हें जमानत दे दी थी।

यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए जारी किया गया था। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आदेश जारी करते हुए कहा कि इस मामले में कानून के कई महत्वपूर्ण प्रश्न जुड़े हुए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि आमतौर पर जमानत पर रिहा हुए व्यक्ति को सुने बिना उसके आदेश पर रोक नहीं लगाई जाती, लेकिन इस मामले के तथ्य 'असाधारण' हैं। न्यायालय ने -शेष पृष्ठ दो पर

**उन्नाव दुष्कर्म कांड**





**कोर्ट ने सेंगर को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया**

## अरावली केस: सुप्रीम कोर्ट का अपने ऑर्डर पर स्टे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरावली पहाड़ियों की संशोधित 'परिभाषा' से संबंधित अपने पिछले निर्देशों और एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी। अदालत ने अरावली के संबंध में उठ रही चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि संशोधन का गलत अर्थ निकाला जा रहा है कि इससे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अनियमित खनन की अनुमति मिल सकती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एजी मसीह की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि संशोधित परिभाषा को लागू करने से पहले और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। पीठ ने टिप्पणी की कि हम यह आवश्यक समझते हैं कि समिति की सिफारिशों और इस अदालत के निर्देशों को स्थगित रखा जाए।

- **कोर्ट ने पहले 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन को दी थी मंजूरी, अब रोक लगाई**

# असम ही नहीं, पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचान: शाह

## गृह मंत्री ने असम में कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया।

बटाद्रवा को 227 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे। गृह मंत्री ने असम दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में शहीद स्मारक क्षेत्र में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। इसके बाद बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का गायन-बयान (गायक और ढोल वादक) द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल का पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शाह केंद्रीय भवन में भी गए जहां गुरु आसन पूजनीय संत की सीट रखी है। महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र नाम की इस जगह को फिर से विकसित करने का फैसला सबसे पहले 2021-22 के राज्य बजट में प्रस्तावित किया गया था। इस परियोजना को न केवल ऐतिहासिक स्थल बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए भी डिजाइन किया गया है। यहां महापुरुष शंकरदेव से जुड़े जीवन, आदर्शों और कलात्मक विरासत और राज्य की व्यापक सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाया गया है। सरमा ने कहा कि यह परियोजना (आविर्भाव क्षेत्र), महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए असम के सत्रों, नामघरों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। बोरदुरवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव ने एक भारत का आह्वान किया था, जिसका अब पीएम नरेंद्र मोदी पालन कर रहे हैं। अमित शाह ने दावा किया कि असम में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है। हम न सिर्फ असम से बल्कि पूरे भारत से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए, इन समझौतों की 92 फीसदी शर्तें पूरी हो चुकी हैं। शाह ने कहा कि बीजेपी पूरे देश से सभी घुसपैठियों को हटाने का संकल्प लेती है। क्या यह सही था कि शंकरदेव की इस जगह पर बांग्लादेशी घुसपैठिए थे? मैं हिमंत बिस्वा सरमा को यहां से घुसपैठियों को हटाने और नामघर को फिर से स्थापित करने के लिए बधाई देता हूं। एक लाख बीघा से ज्यादा जमीन घुसपैठियों से आजाद कराई गई है।

- **अमित शाह ने घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की**

# ललित मोदी ने वायरल वीडियो पर मांगी माफी

**नई दिल्ली।** भारत में आर्थिक अपराधी घोषित ललित मोदी का 22 दिसम्बर को वीडियो सामने आया था। इसमें वो भगोड़े विजय माल्या के साथ नजर आए थे।

इसमें ललित ने खुद को और माल्या को भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े कहा था। अब ललित ने अपने वीडियो पर माफी मांगी है। एक्स पोस्ट में ललित ने लिखा कि मेरे बयान से यदि किसी की भावनाएं आहत हुई हों, खासकर भारत सरकार की, तो मैं इसके लिए माफी चाहता हूं। बयान का आशय वैसा नहीं था, जैसा उसे समझा गया। किसी भी गलतफहमी के लिए फिर से माफी मांगता हूं।

- **लिखा: मैं भारत सरकार से माफी मांगता हूं**

# आंध्र प्रदेश में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में लगी आग, एक की मौत, दो कोच जले

**विशाखापट्टनम।** विशाखापट्टनम से करीब 66किमी दूर येलमंचिली में टाटानगर- एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12:45 बजे ट्रेन में आग लगने की खबर मिली। उस वक्त ट्रेन आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में येलमंचिली रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी। जब ट्रेन में आग लगी, तो दोनों कोच में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री थे। पुलिस को बी1 कोच से एक शव मिला। मरने वाले की पहचान 70 साल के चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई है।



# दिल्ली घने कोहरे व जहरीले धुएं की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में छाई गहरी धुंध के कारण सोमवार सुबह दृश्यता में भारी गिरावट दर्ज की गई और पूरे एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 318 दर्ज किया गया, जिसका मतलब है कि एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वायु प्रदूषण की स्थिति और बिगड़ती गई और सुबह सात बजे तक एक्यूआई 403 तक पहुंच गया। घने कोहरे के कारण दृश्यता लगभग शून्य हो गई, जिससे रेलगाड़ियों एवं दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पर उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। ठंड एवं धुंध के कारण नोएडा के स्कूल बंद रहे। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली में अत्यधिक घने कोहरे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान लगाया है। आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सबसे खराब दर्ज की गई, जहां एक्यूआई 459 दर्ज किया गया।

- **एक्यूआई पहुंचा गंभीर स्तर पर**

### 125 से अधिक उड़ानें रद्द, आठ दूसरे शहरों में भेजी गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण सोमवार सुबह को 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गई और आठ उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए रवाना करना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे तक विभिन्न एयरलाइंस की यहां से जाने वाली 64 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसके अलावा, दूसरे शहरों से यहां आने वाली भी इतनी ही उड़ानें रद्द रहीं।

# ऐंजल चकमा हत्याकांड में राहुल गांधी की एंट्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के देहरादून में त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा के साथ हुई बर्बरता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश में फैल रही नफरत का ताजा उदाहरण है।

श्री गांधी ने दोनों भाईयों को न्याय देने की मांग करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देहरादून में अंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ वह एक भयानक घृणा से उपजा अपराध है। नफरत रातोरात पैदा नहीं होती। अब वर्षों से इसे रोजाना -विशेष रूप से युवाओं को-जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदाराना आख्यानों के माध्यम से नफरता का जहर खिलाया जा रहा है और सत्तारूढ़ भाजपा के नफरत फैलाने वाले नेतृत्व द्वारा इसे सामान्य बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का निर्माण बंधुत्व, समानता और प्रेम आधारित है तथा एकता पर हुआ है। भय और दुर्व्यवहार के लिए इस माहौल में कहीं काई जगह रही नहीं है।

- **कहा: देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या नफरत का नतीजा**

## रिटायर सैनिकों को प्राइवेट अस्पतालों में इलाज नहीं मिलता: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को डिफेंस की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी में रिटायर सैनिकों से मुद्दे उठाए। संसद में आयोजित बैठक में राहुल ने कहा कि रिटायक सैनिकों को जब प्राइवेट अस्पतालों में रैफर किया जाता है, तो उन्हें वहां इलाज नहीं मिलता। राहुल ने बैठक में कहा है कि पूर्व सैनिकों की भर्ती और पुनर्वास में कमी है। बड़ी संख्या में रिटायर सैनिकों को रोजगार और तय सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। दरअसल, राहुल गांधी रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सदस्य हैं। आज की बैठक का एजेंडा पूर्व सैनिकों के पुनर्वास, स्वास्थ्य सुविधाओं और उनके लिए उपलब्ध रोजगार के अवसरों की समीक्षा करना था।



## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी बलात्कारियों को बचाने के पक्ष में

**लखनऊ।** उन्नाव रेप केस में सजायाफ्ता कुलदीप सेंगर की जमानत के हाईकोर्ट के फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समाजवादी पार्टी ने स्वागत किया है और कहा कि कमजोर पैरवी की वजह से कुलदीप सेंगर को जमानत मिल गई थी। बीजेपी का चरित्र सामने आ गया है, वो हमेशा बलात्कारियों के पक्ष में खड़ी रहती है। उन्नाव रेप केस में कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक लगने पर सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि बीजेपी का चरित्र सामने आ गया है। कहीं वो बलात्कारियों की सजा माफ करती है, तो कहीं बलात्कारियों के पक्ष में खड़ी रहती है और कुलदीप सेंगर के मामले में तो जब से ये शुरू हुआ, तब से हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही मुकदमा लिखा गया और कार्रवाई हुई। सपा नेता ने कहा कि कमजोर पैरवी की वजह से हाईकोर्ट से उसे जमानत मिल गई थी, जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है।

### सेंगर के समर्थन में उतरा पुरुष आयोग

**लखनऊ।** उन्नाव रेप केस में दोषी कुलदीप सेंगर के समर्थन में पुरुष आयोग आ गया है। आयोग की अध्यक्ष बरखा त्रेहन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले रविवार को मीडिया में यह बयान दिया था कि बलात्कार जैसे मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पीड़िता को लेकर भी सवाल उठाया था कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से न्याय नहीं मिलेगा। बरखा त्रेहन ने कहा कि हमें अदालत के फैसले का सम्मान करना चाहिए, इसीलिए वे कुलदीप सेंगर के समर्थन में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने गईं थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि जो लोग संविधान की किताब लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, क्या उन्हें कोर्ट के फैसले का सम्मान नहीं करना चाहिए, कोर्ट ने उन्हें निर्दोष नहीं किया।

### मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

# यूपी के कई शहर भीषण ठंड की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक जनवरी तक 12वीं तक स्कूल बंद करने के आदेश, आगरा, सहारनपुर में दृश्यता शून्य

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। वाराणसी, कानपुर शहर, प्रयागराज, गाजीपुर, शाहजहांपुर, हरदोई और आसपास के जिलों में दिन के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

इस बीच योगी सरकार ने एक जनवरी तक 12 तक के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए सोमवार और मंगलवार को घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रह सकती है। रविवार को लखनऊ में इस मौसम का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान गिरकर 15.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 5.8 डिग्री कम रहा। इससे पहले 19 दिसम्बर को अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। लखनऊ मौसम कार्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार, पिछले साल दिसम्बर में लखनऊ का न्यूनतम दिन का तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा था। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए लखनऊ में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, दिन में कोल्ड डे की स्थिति और सुबह के समय घने कोहरे की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान करीब 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश के अन्य शहरों में भी दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। शाहजहांपुर और हरदोई में सबसे कम 12.5 डिग्री, वाराणसी एयरपोर्ट और गाजीपुर में 13.5 डिग्री, वाराणसी बीएचयू में 13.9 डिग्री और बरेली में 14 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। आजमगढ़ और हमीरपुर में 14.2, कानपुर शहर में 14.3, उरई और मुजफ्फरनगर में 14.4, गोरखपुर और बलिया में 14.5 तथा प्रयागराज में 14.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर कोल्ड डे की स्थिति भी बनी रह सकती है।

### ठंड में भी जारी रहा सीएम का जनता दर्शन

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रचंड ठंड में भी गोरखपुर में सोमवार को जनता के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराएंगे और सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़्ति व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# कोडीनयुक्त कफ सिरप की पैरेलल सप्लाई चेन ध्वस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम के निर्देश पर एफएसडीए का बड़ा एक्शन

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में अवैध नशे के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की है। सूत्रों की मानें तो अगले माह एसआईटी जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप सकती है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) को कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय- विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। विभाग ने कोडिनयुक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन को लेकर देश का सबसे बड़ा क्रैक डाउन शुरू करने से पहले अंदरुनी गहन जांच शुरू की। इस दौरान झारखंड, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड जैसे राज्यों में विवेचना की गई और यूपी के सुपर स्टॉकिस्ट और होलसेलर के साथ उनके कारोबा. री रिश्तों के सबूत जुटाए। इसके बाद प्रदेश में क्रैक डाउन शुरू हुआ, जिसने सिरप के अवैध डायवर्जन की परतें उधेड़ दीं। एसएसडीए की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस और एसटीएफ ने नशे के सौदागरों को दबोचने के लिए एक्शन शुरू किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिरप का नशे के रूप में इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस और बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा चलाने को सही ठहराते हुए 22 मामलों में आरो. पियों की रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने 22 मामलों में आरोपियों द्वारा अरेस्ट स्टे की रिट याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। एफएसडीए ने पिछले तीन माह में कोडिनयुक्त कफ सिरप और एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर कुल 52 जनपदों में 332 से अधिक थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान प्राप्त अभिलेखीय एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर 36 जनपदों की कुल 161 फर्मों/संचालकों के विरुद्ध बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# यूपी वालों का जनवरी में कम आएगा बिजली का बिल!

■ यूपीपीसीएल ने नए साल पर किया ऐलान

**लखनऊ।** यूपी में नए साल पर बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ा तोहफा दिया गया है। बिजली विभाग ने साल 2026 के जनवरी महीने में बिजली के बिल पर 2.33 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। ऐसे में बिजली उपभोक्ताओं का नए साल पर बिजली का बिल कम रहेगा, जिससे उन्हें राहत मिलेगी।

दरअसल उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी यूपीपीसीएल ने ईंधन अधिभार शुल्क को लेकर आदेश जारी किया है। जिसके तहत जनवरी महीने में बिजली के बिल में 2.33 प्रतिशत छूट रहेगी और एक महीने के लिए बिजली की दरें कम हो जाएंगी। इससे करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं का नए साल के पहले महीने का बिल कम आएगा। उत्तर प्रदेश में यूपीपीसीएल प्रत्येक महीने विद्युत का फ्यूल सरचार्ज निर्धारित किया जाता है। आदेश के तहत अक्टूबर महीने के ईंधन अधिभार का समायोजन जनवरी 2026 में किया जाएगा। जिसका लाभ बिजली के सभी तरह के उपभोक्ताओं को मिलेगा और प्रदेश के उपभोक्ताओं को करीब 141 करोड़ रुपये का सीधा लाभ होगा। इससे पहले सितंबर 2025 का ईंधन अधिभार दिसंबर में 5.56 प्रतिशत की दर से लिया गया था, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 264 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था।

# भ्रष्टाचार में भाजपा सरकार नंबर-1: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जल जीवन मिशन अब लूट का मिशन बन गया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट अपने चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी हावी है और भ्रष्टाचार के मामले में मौजूदा सरकार 'नंबर एक' बन चुकी है।

सोमवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण और जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। कई जिलों में पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का बोझ नहीं झेल पाईं और धराशाई हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन अब 'लूट का मिशन' बन गया है, जहां गुणवत्ता और जनहित की बजाय कमीशन को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में अवैध कारोबारों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। पूरे उत्तर प्रदेश में नशे और अवैध धंधों का जाल फैला हुआ है। भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में माफिया पैदा कर दिए हैं भूमाफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया और लकड़ी माफिया खुलेआम लूट मचा रहे हैं। जनता से किए गए वादे पूरे करने में सरकार विफल रही है और भ्रष्टाचार रोकने के उसके दावे खोखले साबित हुए हैं। कन्नौज जनपद के छिबरामऊ का उदाहरण देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि चार दिन में करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क उखड़ गई। भाजपा सरकार में सड़कें नहीं बनतीं, बल्कि 'कमीशनखोरी की सड़कें' बिछाई जाती हैं। तहसील और थाने भ्रष्टाचार के अड्डे बन गए हैं, जहां आम आदमी को अपने ही काम के लिए रिश्वत देनी पड़ रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण आम जनता बुरी तरह परेशान और त्रस्त है। सपा जनता की आवाज बनेगी और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा भ्रष्टाचार को सड़क से सदन तक उजागर करती रहेगी।

### कश्मीर के तंगमर्ग जंगलों में ट्रेकिंग पर पुलिस की पाबंदी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को उत्तर कश्मीर के बारामुला जिले के तंगमर्ग क्षेत्र के ऊपरी वन क्षेत्रों में ट्रेकिंग को लेकर सख्त प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए गैर-स्थानीय पर्यटकों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, जबकि स्थानीय निवासियों को जंगल क्षेत्रों में जाने से पहले पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। पुलिस ने इस बावत एक सुरक्षा परामर्श जारी किया है और इसे गत 21 दिसम्बर को डनवास वन क्षेत्र में हुई एक अनधिकृत ट्रेकिंग की घटना के बाद जारी किया गया है। पुलिस ने कहा कि जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी तरह की सुरक्षा संबंधी गलतफहमी से बचने के लिए स्थानीय निवा. सियों को ऊपरी वन क्षेत्रों में प्रवेश से पहले संबंधित स्थानीय अधिकारियों से आवश्यक अनुमति लेनी होगी तथा स्थानीय पुलिस या प्रशासन को इसकी जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि गैर-स्थानीय पर्यटकों के लिए ऊपरी वन क्षेत्रों में प्रवेश और ट्रेकिंग सभी परिस्थितियों में सख्त रूप से प्रतिबंधित रहेगी।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# ऑटो और आईटी कंपनियों के शेयर टूटे

मुंबई, वार्ता



■ सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक गिरकर बंद हुए

विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक लगभग डेढ़ सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 345.91 अंक (0.41 प्रतिशत) टूटकर 84,695.54 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबार दिवस पर लाल निशान में बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 100.20 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,942.10 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 18 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन खुलते ही दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में चले गए। हालांकि कुछ ही देर बाद वे एक बार फिर गिरावट में आ गए। मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत टूट गया। ऑटो, आईटी, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, एफएमसीजी और सार्वजनिक बैंकों के सूचकांकों में तेजी दर्ज की गई। एनएसई में कुल 3,294 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,185 के शेयरों में गिरावट और 1,022 में बढ़त रही। अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य सात के हरे निशान में रहे। अडानी पोर्ट्स का शेयर 2.22 प्रतिशत टूट गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.86 फीसदी और पावरग्रिड में 1.85 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.36 प्रतिशत, बीईएल का 1.26 और भारती एयरटेल का 1.14 प्रतिशत गिर गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टाटा स्टील का शेयर 1.83 फीसदी और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इटरनल, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 0.71 फीसदी और जापान का निक्केई 0.44 प्रतिशत टूट गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.04 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.02 प्रतिशत नीचे था जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.07 फीसदी की बढ़त थी।

# चांदी 2.43 लाख किलो हुई, तो सोना 1.38 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन ऑलटाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम सोने की कीमत 205 रुपए बढ़कर 1,38,161 पर पहुंच गई। इससे पहले ये 1,37,956 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी 1,53,76 रुपए महंगी होकर 2,43,483 किलो हो गई है। इससे पहले ये 2,28,107 रुपए पर थी। इस साल सोना 61,999 रुपए और चांदी 1,57,466 रुपए महंगी हो चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 61,999 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,38,161 रुपए हो गया है। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई है, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं।

# चावल, चीनी और दालें रहीं मजबूत खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई, जबकि गेहूं के दाम टूट गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये बढ़कर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपये सस्ता हुआ और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटा भी 30 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 161 रुपये और तुअर दाल 165 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 133 रुपये मजबूत हुई। मूंग दाल 92 रुपये और उड़द दाल 44 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 40 रिंगिट की गिरावट के साथ 4049 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 प्रतिशत टूटकर 49.05 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 63 रुपये, सोया तेल की 53 रुपये और सरसों तेल की 52 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति का भाव 110 रुपये, मूंगफली तेल का 84 रुपये और सूरजमुखी तेल का 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। गुड़ के औसत भाव में 43 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। चीनी की कीमत भी 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल चना 7814.33 रुपये, मसूर काली 8148.03 रुपये, मूंग दाल 10089.91 रुपये, उड़द दाल 10357.58 रुपये, तुअर दाल 10581.51 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्र गेहूं दड़ा 2853.64 रुपये और चावल 3850.88 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3293.77 रुपये प्रति क्विंटल। खाद्य तेल : सरसों तेल 17883.03 रुपये, मूंगफली तेल 17883.03 रुपये, सूरजमुखी तेल 15776.27 रुपये, सोया तेल 13796.77 रुपये, पाम ऑयल 12420.68 रुपये और वनस्पति 14450.39 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# उत्तर प्रदेश बना देश में सर्वाधिक पर्यटकों के आगमन वाला राज्य

**लखनऊ।** एक दशक पहले तक ताजमहल समेत कुछ अन्य ऐतिहासिक धरोहरें उत्तर प्रदेश में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हुआ करती थीं मगर हाल के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के चलते पर्यटन क्षेत्र को अभूतपूर्व रफ्तार मिली है और घनी आबादी वाले राज्य में प्रयागराज, काशी, मथुरा, अयोध्या समेत अन्य जिलों में स्थित धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल आज देश दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहा. सिक स्थलों के नवीनीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास से यूपी ने घरेलू पर्यटन में देश में प्रथम तथा विदेशी पर्यटन में चौथा स्थान प्राप्त किया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में प्रदेश में 137 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों का आगमन हुआ, जबकि 3.66 लाख विद. ेशी पर्यटकों ने प्रदेश की यात्रा की। इसकी सबसे बड़ी वजह प्रयागराज में आयोजित दिव्य-भव्य महाकुंभ-2025 रहा, जहां रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### कुलदीप सेंगर को...

जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। इस मामले में सीबीआई ने एक विशेष अनुमति याचिका दायर 26 दिसम्बर, 2025 को दायर की थी। इसमें 23 दिसम्बर के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसने सेंगर की अपील लंबित रहने के दौरान उनके आजीवन कारावास की सजा पर रोक लगा दी थी। सेंगर को दिसम्बर 2019 में एक विशेष सीबीआई अदालत ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के लिए दोषी ठहराया था और 25 लाख रुपये के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सेंगर ने जनवरी 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की थी और बाद में मार्च 2022 में अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उच्च न्यायालय ने 23 दिसम्बर को अपने आदेश में सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उनकी अपील के निपटारे तक कुछ शर्तों के अधीन उन्हें जमानत दे दी। हालांकि सेंगर अभी भी जेल में बंद है, क्योंकि वह पीड़िता के पिता की गैर-इरादतन हत्या से संबंधित एक अलग सीबीआई मामले में 10 साल की सजा काट रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला उन्नाव पीड़िता व परिजनों की जीत: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के उन्नाव दुष्कर्म मामले में उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि यह फैसला पीड़िता और उसके साथ खड़े लोगों की जीत है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा कि आज उच्चतम न्यायालय के फैसले ने उच्च न्यायालय के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत दी गई थी। उच्चतम न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि नाबालिग से दुष्कर्म और उसके परिजनों की हत्या का दोषी भाजपा का पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर जेल से बाहर नहीं आएगा। यह पीड़िता, उसके परिवार और उसके साथ खड़ी हर आवाज की जीत है। मगर यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि श्री मोदी कहते थे कि नाबालिग के दुष्कर्मियों को दोषी साबित होते ही फांसी दी जाएगी, लेकिन सभी ने देखा कि कैसे दुष्कर्मी और अपराधियों को बचाया जा रहा है। सेंगर का मामला अब उच्चम न्यायालय पहुंच चुका है। कुलद. ीप सिंह सेंगर हो, अंकिता भंडारी के दोषी हों या बिलकिस बानो के दोषी हों, मोदी और उनकी सरकार हर मामले में बेनकाब हुई है। आज न्याय की जीत हुई है।

### कांग्रेस ने अरावली पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अरावली पर्वतमाला की परिभाषा बदलने के केंद्र सरकार के प्रयासों पर उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का स्वागत किया है। पार्टी ने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव जिस तरह के तर्कों से इस बदलाव को सही ठहरा रहे थे, न्यायालय ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया है, इसलिए उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मोदी सरकार के अरावली की परिभाषा बदलने के प्रयासों पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पार्टी स्वागत करती है।

# अगले सत्र में विधायकों को बिल पढ़कर आना होगा

■ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बोले- 19 को लखनऊ में होगा सम्मेलन

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विधानसभा के सदस्य अपने सवालों को रखने के लिए परेशान रहते हैं। कभी-कभी उत्ते. जित भी हो जाते हैं, इस सत्र के दौरान एक ही दिन में 11 बिल पारित हुए हैं।

विधायकों को अगले सत्र में सदन में बिल पढ़कर आना होगा। किसी भी विधायक को रैंडम बोलने के लिए कहा जा सकता है। ये बातें सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कही। विधानसभा में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि मैंने सभी सदस्यों से कहा था कि एक बात को रिपीट न किया जाए, उसे मैं कार्यवाही में शामिल नहीं करूंगा। विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करने के बाद कई पूर्व विधायक मेरे पास आए। पुराने सदस्य सदन की कार्यवाही की प्रशंसा कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर के 2 साल पूरे हो रहे हैं। विधायकों को इस बार अयोध्या ले जाएंगे, अगले विधानसभा सत्र में यह प्रयास करूंगा कि मैं किसी विधायक से कह दूंगा कि इस बिल पर आप बोलिए, चाहे वह हाथ उठाएं या न उठाएं. इससे कम से कम विधायक बिल को पढ़कर सदन में आएंगे। कम से कम उन्हें पता तो रहेगा कि बिल आखिर किस चीज के लिए है। अध्यक्ष ने कहा कि मैं सभी सदस्यों को सदन की कार्यवाही में भागीदारी कराने के लिए प्रयास करूंगा। वंदे मातरम पर भी इस बार चर्चा हुई। कई विधायकों को टीस रह गई कि उन्हें बोलने का मौका नहीं मिला।

# प्रशासन के खिलाफ कलेक्ट्रेट में गरजे दलित

## पीड़ित पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज होने पर फूटा गुस्सा, अवैध झोलाछापों को संरक्षण दे रहा प्रशासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव नवाबपुरा भूड़ स्थित माधव नर्सिंग होम में हुई प्रसूता प्रियंका की मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है. सोमवार को मृतका के परिजन और ग्रामीणों का आक्रोश जिला मुख्यालय तक जा पहुंचा। समता सैनिक दल के बैनर तले बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और धरना-प्रदर्शन कर स्वास्थ्य विभाग व पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि माधव नर्सिंग होम बिना वैध मानकों और कथित फर्जी डिग्रियों के दम पर चलाया जा रहा था। 22 दिसंबर को मुकरामपुर निवासी आनंद कुमार अपनी पत्नी प्रियंका को डिलीवरी के लिए इसी नर्सिंग होम में लाया। परिजनों का कहना है कि यहां नॉर्मल डिलीवरी से साफ इनकार कर दिया गया और तुरंत ऑपरेशन का रास्ता अपनाया गया। ऑपरेशन के बाद प्रियंका की हालत बिगड़ी तो बिना परिजनों की सहमति के निजी वाहन से मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के नाम पर दो लाख रुपये जमा कराए गए और अंत में प्रियंका की जिंदगी हार गई। परिजनों का आरोप है कि मौत के बाद डॉक्टर ज्योति और राहुल कुमार फरार हो गए। जब वे माधव नर्सिंग होम पहुंचे तो उनके साथ मारपीट तक की गई। यही नहीं, उन्होंने सवाल उठाया कि 15 सितंबर को जब नर्सिंग होम का संचालन संदिग्ध था ऑपरेशन थिएटर को अधिकारियों ने सील किया था, तब वह किस आधार पर चलता रहा? क्या फाइलों में सब ठीक था और जमीनी हकीकत कुछ और? धरना दे रहे लोगों ने एडीएम गरिमा सिंह को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि यह मामला केवल एक मौत का नहीं, बल्कि फर्जीवाड़े की पूरी फैक्ट्री का है। उन्होंने मांग की कि डॉक्टर ज्योति व राहुल कुमार की शीघ्र गिरफ्तारी हो, उनकी डिग्रियों की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए और अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों व खातों को जब्त किया जाए। साथ ही, राहुल कुमार पर मंडल भर में दर्ज अन्य मामलों की भी जांच की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य विभाग पर भी सीधा तंज कसते हुए कहा कि अगर सब कुछ नियमों के मुताबिक था, तो प्रियंका की जान क्यों गई? अगर अवैध था, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? मांग की गई कि माधव नर्सिंग होम को यूपी में हमेशा के लिए प्रतिबंधित किया जाए और दर्ज मुकदमों में शामिल सभी आरोपियों को जेल भेजा जाए।

**माधव नर्सिंग होम नवाबपुरा में प्रसूता प्रियंका की गलत इलाज से मौत का मामला**


अमरोहा। कलेक्ट्रेट में धरने के दौरान नारेबाजी के करते दलित समाज के लोग।

# सोमवार को भी नहीं मिली राहत जमानत से वकीलों का इंकार

## दिनभर तहसील में डेरा, अधिवक्ताओं ने बनाई दूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** माधव नर्सिंग होम में प्रसूता प्रियंका की मौत के बाद हुए हंगामे और मारपीट के मामले में जेल भेजे गए सात आरो. पियों को सोमवार को भी कोई राहत नहीं मिल सकी। अधिवक्ता सूत्रों ने बताया कि जमानत की आस लगाए आरोपियों के परिजन सुबह से ही तहसील परिसर में डेरा डाले रहे और लगातार अधिवक्ताओं से संपर्क करते रहे, लेकिन दिन ढलने तक कोई भी अधिवक्ता जमानत पैरवी के लिए तैयार नहीं हुआ।

तहसील परिसर में सोमवार को पूरे दिन असहज माहौल बना रहा। आरोपियों के परि. जनो ने कई अधिवक्ता से मुलाकात कर जमानत कराने का आग्रह किया. लेकिन अधिकांश अधिवक्ताओं ने साफ शब्दों में इनकार कर दिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि मामला बेहद संवेदनशील है और प्रियंका की मौत से जुड़ा होने के कारण वे इस प्रकरण में फिलहाल कोई भूमिका नहीं निभाना चाहते। सूत्रों के मुताबिक, बार एसोसिएशन से जुड़े व्हाट्सएप ग्रुप में भी अपीलें दोहराई जाती रहीं कि मामला साथी अधिवक्ता के परिवार से जुड़ा है, इसलिए जमानत के लिए कोई सहयोग नहीं किया जाए। नतीजतन बेल बॉन्ड और पैरवी पत्र दाखिल कराने की कोशिशें एक बार फिर नाकाम रहीं। उधर, जेल में बंद सातों आरो. पियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। लगातार प्रयासों के बावजूद जमानत न हो पाने से परिजनों की चिंता साफ झलक रही है। क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज है कि जैसे-जैसे मामले की गंभीरता सामने आ रही है, वैसे-वैसे कानूनी राहत की राह और कठिन होती जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, प्रियंका के परिजन सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या आरोपियों को जल्द कोई कानूनी सहारा मिल पाएगा या उन्हें अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

# गला घोंटकर की गई थी नवजात की हत्या

## पोस्टमार्टम से खुला मौत का रहस्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्कूल के खंडहर में मिले नवजात के शव का पोस्टमार्टम हो गया है। जन्म के अगले दिन उसकी हत्या गला घोंट कर की गई थी। चिकित्सक ने रिपोर्ट में हत्या किए जाने की पुष्टि की है। इसके बाद पुलिस की जांच का रूख भी बदल गया है हालांकि शव को खंडहर में किसने फेंका था चार दिन गुजरने के बाद भी पुलिस इसका पता लगाने में नाकाम रही है। नियमानुसार 72 घंटे बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

गौरतलब है कि शहर के मोहल्ला कुरैशी में गुरुवार दोपहर एक बंद पड़े स्कूल के खंडहर में कूड़े के ढेर पर नवजात का शव मिला था। उसके गले में दुपट्टे का फंदा कसा हुआ था जबकि शरीर पर गहरे घाव थे, हाथ-पैरों पर खून की छींटे थीं। गले में दुपट्टा कसा हुआ था जबकि शरीर पर जगह-जगह गहरे घाव थे। जिसे देख कयास लगाया गया था कि जख्म कुत्तों के नोचने से बने हैं। तभी चर्चा थी जन्म के बाद नवजात का गला घोंट कर हत्या की गई है हालांकि पुलिस शुरुआत से ही हत्या की बात को नकार रही थी। जांच-पड़ताल के बाद आखिर में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया था। 72 घंटा गुजरने के बाद नियमानुसार रविवार को नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। चिकित्सक के मुताबिक जन्म लेने के बाद ही नवजात की हत्या गला घोंट कर की गई थी। सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नवजात की हत्या की पुष्टि की गई है। मामले में जांच जारी है। मोहल्ले के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उम्मीद है कि कोई न कोई सुराग जरूर मिल जाएगा। शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

### महाराष्ट्र से डीसीएम में कतरन लादकर आ रहे थे पाकबड़ा

# राजस्थान में हुए हादसे में अतरासी के चालक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राजस्थान के अलवर के पास मुंबई हाईवे पर हुए सड़क हादसे में गांव अतरासी कलां निवासी डीसीएम चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि डीसीएम मालिक का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में दूसरा चालक बाल-बाल बच गया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

**गाड़ी स्वामी का बेटा घायल, परिजनों में मचा कोहराम**

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव अतरासी कलां में किसान शाहिद का परिवार रहता है। मृतक आसिफ उनका बेटा था तथा वह पेशे से चालक था। आसिफ की शादी लगभग तीन साल पहले हुई थी। उसके परिवार में पत्नी शाहिस्ता के अलावा दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी अजमा की उम्र करीब डेढ़ साल की है जबकि छोटी बेटी बरीरा की उम्र करीब तीन महीने की है। परिजनों के मुताबिक आसिफ गांव के ही रहने वाले कलवा की डीसीएम पर चालक था। साथ ही पाकबड़ा का रहने वाला एक युवक डीसीएम पर सहयोगी चालक था। आसिफ और डीसीएम मालिक कलवा का बेटा सलमान महाराष्ट्र से कतरन लादकर अमरोहा आ रहे थे। इस दौरान पाकबड़ा का रहने वाला युवक डीसीएम चला रहा था। रविवार सुबह जैसे ही डीसीएम राजस्थान के अलवर के पास मुंबई हाईवे पर पहुंची, उसी दौरान सामने से आ रहे किसी वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में आसिफ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सलमान और पाकबड़ा का रहने वाला चालक घायल हो गए। मौके पर पहुंची राजस्थान पुलिस ने जांच-पड़ताल की हादसे की जानकारी मिलते ही आसिफ के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान के साथ आसिफ के परिजन राजस्थान के लिए रवाना हो गए। पोस्टमार्टम कराने के बाद सोमवार देर रात परिजन आसिफ का शव घर ले आए जबकि सलमान की हालत अभी चिंताजनक बनी है। वहीं, पाकबड़ा निवासी दूसरा चालक घर लौट आया है।

### मासूम बेटियों के सिर से उठा पिता का साया



**अमरोहा।** हादसे में जान गंवाने वाले डीसीएम चालक आसिफ अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। करीब तीन साल पहले हुई शादी के बाद उसके घर में दो बेटियों ने जन्म लिया। बड़ी बेटी अजमा की उम्र डेढ़ साल है, जबकि छोटी बेटी बरीरा महज तीन महीने की है। इतनी छोटी उम्र में दोनों बेटियां अपने पिता के दुलार से हमेशा के लिए वंचित हो गईं। आसिफ डीसीएम चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी शाहिस्ता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर कोई इस असमय मौत से स्तब्ध है, वहीं परिवार के सामने अब भविष्य की बड़ी चिंता खड़ी हो गई है। आसिफ की कमाई से चल रहा घर अब सवालों से घिर गया है कि इन मासूम बेटियों का भविष्य क्या होगा, उनका सहारा कौन बनेगा? हर आने-जाने वाला यही कहकर आंसू पोंछता है.....

# रिश्तेदार के एक्सीडेंट की सूचना देकर 25 हजार ठगे

## फर्जी मैसेज भेजकर बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** साइबर ठगों ने ठगी के नये नये तरीके इजाद किये हैं। नगर के एक युवक को फोन कर उसके रिश्तेदार का एक्सीडेंट होने की सूचना देकर उसके खाते से 25 हजार रूपये ट्रांसफर करा दिये। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित मोहम्मद वसीम के मोबाइल फोन पर एक अनजान व्यक्ति ने काल कर स्वयं को रिश्तेदार से जुड़ा बताते हुए कहा कि किसी करीबी का एक्सीडेंट हो गया है। उसके खाते से लेन-देन नहीं हो पा रहा है। कालर ने यह कहकर विश्वास दिलाया कि उसने वसीम के खाते में 25 हजार रुपये नेफ्ट कर दिए हैं और इसका फर्जी ट्रांजेक्शन मैसेज भी भेज दिया। फर्जी मैसेज पर भरोसा कर मोहम्मद वसीम ने अपने कैनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक के खातों से चार बार में 2 हजार, 4 हजार, 9 हजार और 10 हजार रुपये, कुल 25 हजार रुपये नेफ्ट कर दिए। बाद में जब उन्होंने बैंक मैसेज और खाते की जांच की तो पता चला कि उनके खाते में कोई रकम आई ही नहीं थी।खुद को साइबर ठगी का शिकार समझते हुए पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद वह डिडौली कोतवाली पहुंचा और पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देकर ठगे गए रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले को साइबर ठगी का बताते हुए जांच शुरू कर दी है और लोगों से इस तरह के फर्जी काल व मैसेज से सतर्क रहने की अपील की है।

# बस में तोड़फोड़ करने में चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शनिवार की रात को हाइवे पर दौड़ रही एक प्राइवेट बस के शीशे तोड़ने और चालक को जान से मारने की धमकी देने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान किया और न्यायालय में प्रस्तुत किया।

**एएसपी ने किया घटना का अनावरण**

बता दें कि सीतापुर जनपद के ग्राम गांधीनगर लहरपुर निवासी चालक अफरोज अपनी स्लीपर बस को दिल्ली से सीतापुर के लिए ले जा रहा था। आरोप है कि कारों से आए लोगों ने बिजौरा ढ़ाल के पास बस को रोककर शीशे तोड़े और चालक को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद अफरोज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने घटना का अनावरण करते हुए बताया कि घटना में शामिल जनपद हापुड़ के थाना सिम्भावली के गांव सिखैड़ा निवासी शहनबाज, जनपद मेरठ के थाना किठौर निवासी वकील, जनपद हापुड़ के थाना हापुड़ देहात के गांव ग्राम टियाला निवासी अजीम और जनपद बरेली के थाना व कस्बा शीशगढ़ निवासी साबुद्दीन को गिरफ्तार कर चालान किया और न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस दौरान सीओ अंजलि कटारिया, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, ब्रजघाट चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे।



# फांसी के फंदे पर झूलता मिला छात्रा का शव

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बीए की छात्रा का शव दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया। जब घर के पास स्थित दुकान में बीए की एक छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। और भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गये।परिजनों के अनुसार छात्रा ने आत्मघाती कदम उठाया है। हालांकि परिवार के सदस्य इस बात को लेकर हैरान और परेशान हैं कि छात्रा ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। सुसाइड के पीछे की कोई स्पष्ट वजह अभी सामने नहीं आई है। परिजनों ने बताया कि छात्रा बीए की पढ़ाई कर रही थी। घर में किसी भी तरह के तनाव की जानकारी उन्हें नहीं थी। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष विकास कुमार शेरावत मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्राथमिक जांच की। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों ने छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराने से स्पष्ट इनकार कर दिया। परिजनों की लिखित मांग और दुखद स्थिति को देखते हुए पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।




हसनपुर। भाकियू टिकैत की पंचायत को संबोधित करते वक्ता।

# किसानों की मर्जी के बिना न लगें स्मार्ट मीटर

## भाकियू टिकैत की पंचायत में उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गंगेश्वरी विकासखंड के रहरा स्थित ब्लॉक परिसर में आयोजित की गई।

पंचायत का नेतृत्व करते हुए संगठन के वरिष्ठ नेता ठाकुर महेश सिंह ने प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का किसान बिजली, चकबंदी, विकास, राजस्व और आवारा पशुओं की समस्याओं से बुरी तरह त्रस्त है। बार-बार चेतावनी और आंदोलनों के बावजूद अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। भावुक होते हुए उन्होंने कहा क्षेत्र का किसान मेरे हाथ-पैर के समान है। उनका शोषण और दुख में किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करूँगा। क्योंकि किसान का दुख सहना बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की आत्मा के साथ धोखा होगा। यूनियन ने ईएक्सईएन विद्युत को एक ज्ञापन सौंपकर गलत और अत्यधिक आये बिलों में तत्काल सुधार किये जाने की मांग की। किसी भी किसान के परिसर में बिना सहमति के स्मार्ट मीटर न लगाये जाये। विभाग किसानों की लंबित समस्याओं का निस्तारण तुरंत करे। बेसहारा पशुओं को पकड़वाकर तत्काल गौशाला भेजा जाये ताकि फसलें सुरक्षित रहें। इस अवसर पर सुरेश चौधरी, महेश पहलवान, निगम त्यागी, विजेंद्र सिंह, सुरेश त्यागी, शीशपाल त्यागी, आलोक कुमार, सुरेंद्र कुमार शर्मा और टीटू त्यागी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर मारपीट में दस लोगों पर मुकदमा

## आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** घर में घुसकर मारपीट के मामले में थाना पुलिस ने एक ही परिवार के तीन नामजद समेत दस लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर की है। यहां किसान राहुल सिंह का परिवार रहता है। उनकी पत्नी शीतल के मुताबिक 28 दिसंबर की सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर पर खाना बना रही थी। तभी गांव के ही विशाल, अमित, आशुतोष समेत छह-सात अज्ञात लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर शीतल को धक्का देकर गिरा दिया। बचाव में आए शीतल के पति राहुल सिंह, ससुर जसवंत सिंह और परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में विशाल, अमित, आशुतोष के अलावा छह-सात अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# सरेराह महिला को पीटा, बेटियों से अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महिला ने दो भाईयों सहित तीन आरोपियों के विरूद्ध रास्ते में रोककर मारपीट करने और पुत्रियों को गलत नीयत से दबाचने, जान से मारने की धमकी आदि देने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**न्यायालय के आदेश पर तीन आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज**

जानकारी के अनुसार हसनपुर नगर क्षेत्र में स्थित एक मुहल्ले में रहने वाली एक महिला 21 अगस्त 2025 को अपनी दो बेटियों को साथ लेकर ई-रिक्शा द्वारा गजरौला स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रही थी। जब इनकी ई-रिक्शा मुहल्ला अल्लीपुर भूड़ के पास पहुंची तो एक बाइक पर सवार होकर पहुंचे दो भाईयों सहित तीन व्यक्तियों ने ई-रिक्शा रूकवा ली। महिला के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मां को पिटता देखकर बेटियों ने बचाना चाहा तो आरोपितों ने उन्हें भी गलत नीयत से दबोच लिया। शोर शराबा सुनकर दो तीन लोग एकत्र हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता स्थानीय गजरौला थाने पहुंची, आरोप है कि पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की। इसके बाद उसने डाक से पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भी शिकायती पत्र भेजा मगर उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने गजरौला पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी तालिब व कासिफ पुत्रगण शाहिद व आसिफ पुत्र चन्दा के विरूद्ध न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच पड़ताल करके अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# कनपुरा में लगाए 51 सीसीटीवी कैमरे



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कनपुरा में 51 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने गांव पहुंच मुहिम में सहयोग करने वाले ग्रामीणों व ग्राम प्रधान अब्दुल मुतल्लिब को सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया। वहीं, अन्य लोगों से भी अपने प्रतिष्ठानों और घरों के आस-पास कैमरे लगवाने की अपील की। एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया व सीओ सिटी अभिषेक यादव के निर्देशन में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत डिडौली पुलिस की क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों से कवर करने की मुहिम जारी है।

# चोरी की बाइक व तमंचे के साथ दबोचा

**हसनपुर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक तमंचा कारतूस समेत अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने खुलासा कर बताया कि रात्रि चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अपराधी समीर पुत्र जब्बार निवासी कनैटा रोड चक्की वाली गली कस्बा थाना हसनपुर को मोहल्ला काशीराम कॉलोनी तिराहा से एक चोरी की मोटरसाइकिल एक फर्जी नंबर प्लेट एक तमंचा एक जिंदा कारतूस तीन हो पंद्रह बोर समेत गिरफ्तार कर लिया।

# तहसील बार अध्यक्ष के लिए नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के वर्ष 2026 की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद के लिए तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने एल्डर कमेटी / चुनाव कमेटी के अध्यक्ष शिवचरन सिंह व सदस्य श्यौराज सिंह राणा, दिनेश गुप्ता, ऋषिपाल सिंह तथा हरिओम शर्मा के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुजाहिद चौधरी के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता गंगा सरन खड़गवंशी, महावीर सिंह चौहान, महीपाल सिंह, सुबोध शर्मा, वीर सिंह, सुनील भटनागर, नासिर अली,करन सिंह, मेघराज सिंह, कृपाल सिंह, संजय कुमार, राजवीर पोसवाल, देवेंद्र कुमार शर्मा, रमेश चंद्र,जय कुमार,मौ नसीम, रोहित कुमार, संजीव कुमार, अनिल राणा,केशव प्रजापति, जितेन्द्र आर्या, मौ.सरफराज, कमल सिंह, सेवा राम, लक्ष्मीकांत आदि दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ढक्का में चकबंदी प्रक्रिया निरस्त कराने की मांग

## भाकियू शंकर ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गांव ढक्का में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग को भाकियू शंकर ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि चकबंदी के दौरान मुख्य मार्ग पर स्थित चकों को हटाकर दूर कर दिया गया है। ट्यूबवेल लगे चकों पर अन्य लोगों के चक बना दिए गए, जबकि मौके पर बनी आबादी, मकान व लगे पेड़ों को नक्शे में नहीं दर्शाया गया। भूमि की नाप और मालियत निर्धारण में भी गड़बड़ी के आरोप लगाए गए हैं। चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि गांव के 70 से 80 प्रतिशत किसान चकबंदी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने चकबंदी निरस्त करने और राजस्व अभिलेख तहसील भेजने की मांग की, ताकि किसानों के केसीसी संबंधी कार्य पूरे हो सकें। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच कर समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करेगा। इस दौरान चौधरी धर्मवीर सिंह, विक्रम पवार, अमित कुमार, नैपाल सिंह, वीरपाल सिंह गुर्जर, रामकुमार सिंह, दीपक कुमार, विनीत कुमार, शिव स्वरूप सिंह, राजीव कुमार, मदन सिंह, संदेश कुमार, भोलू सिंह, रामचंद्र सिंह, वीर सिंह तथा जिला अध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह, शेर सिंह राणा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने जाते भाकियू शंकरके पदाधिकारी।

# दरोगा पर अवैध वसूली करने का आरोप

## एसपी ने रहरा प्रभारी को सौंपी जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** बाइक सवार चालक ने दरोगा पर अभद्रता करने तथा अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है।चालक ने पुलिस अधीक्षक अमरोहा से दरोगा की शिकायत की है। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी रहरा को जांचकर रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिए हैं।

आदमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दूल्हेपुर अहीर गांव निवासी संजीव कुमार त्यागी 27 दिसम्बर को दोपहर में दढ़ियाल गांव से बाइक से अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि रहरा थाना क्षेत्र के चचौरा चेकपोस्ट पर थाने में तैनात दरोगा परशुराम ने गाली गलौज करते हुए अभद्रता की तथा बाइक के कागजात देखने के बजाय पांच हजार रुपए का चालान काटने की धमकी देने लगा जब संजीव ने विरोध किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। बाद में पांच सौ रुपए लेकर जाने दिया। संजीव त्यागी ने घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को देते हुए दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जिस पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने थाना प्रभारी रहरा को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिए हैं। दरोगा परशुराम पर अवैध वसूली करने व ग्रामीणों के साथ अभद्रता करने की शिकायत को लेकर भारतीय किसान संघ ने भी तहसील हसनपुर परिसर में धरना प्रदर्शन किया था।

# तीन माह में दो करोड़ की वसूली का लक्ष्य

## वसूली कम होने पर मिलेगी प्रतिकूल प्रवृष्टि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर पालिका परिषद के उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने तीन माह में दो करोड़ रूपये की वसूली न होने पर चेतावनी देते विशेष प्रतिकूल प्रवृष्टि देने के निर्देश दिये हैं।

सोमवार को निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली करने वाले वसूलीकर्ताओ को विशेष प्रतिकूल प्रवृष्टि व चेतावनी देते हुए आगामी 3 माह मे 2 करोड़ वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया। शासन स्तर व जिलाधिकारी द्वारा करो की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष किये जाने के निर्देश देते हुए नियमित रूप से वसूली की समीक्षा की जा रही है। जिसके अनुपालन मे पालिका का अधिशासी अधिकारी द्वारा पालिका के राजस्व अनुभाग मे कार्यरत राजस्व निरीक्षकों, कर अमीनो को मासिक वसूली का लक्ष्य निर्धारित करके उसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाती है। पालिका के उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार द्वारा कर करेत्तर वसूली की समीक्षा करते हुए दिये गये लक्ष्य से कम वसूली करने वाले कर अमीनो / वसूलीकर्ताओ को विशेष प्रतिकूल प्रवीष्टि देते हुए चेतावनी दी गयी की आगामी माह मे इस माह की अवशेष वसूली एवं आगामी माह मे लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करना सुनिश्चित करें। अन्यथा उनके वेतन पर रोक लगाते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# भारतीय राजनीति के युगपुरूष थे अटल

## विधायक राजीव तरारा के संयोजन में आयोजित हुआ अटल स्मृति सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन धनौरा विधायक राजीव तरारा के संयोजन में सम्पन्न हुआ।



सोमवार को धनौरा मार्ग स्थित एक वेंक्ट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विमला बाथम ने कहा कि, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने राष्ट्रवाद, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को नई ऊँचाई दी। उनका संपूर्ण जीवन देश और समाज की सेवा को समर्पित रहा, जो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। विधायक राजीव तरारा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कहा कि अटल जी की विचारधारा राष्ट्र प्रथम, सुशासन और अंत्योदय आज भी भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली की आधारशिला है। विधायक ने कार्यकर्ताओं से अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के कार्यों में पूरी निष्ठा से जुटने का आह्वान किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषिपाल नागर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बिजनौर राजीव सिसोदिया, महामंत्री पूरण सैनी, महिला मोर्चा की शशि चौहान, कुसुम लता, पूर्व प्रमुख धर्मेंद्र चौधरी, मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, कपिल भड़ाना, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र औलख , उधम सिंह, सुरेंद्र सिंह, पवन चौधरी, विनोद कुमार, सत्यपाल सिंह, सतवीर सिंह, सूरज सिंह पाल, रवि कुमार चौधरी, सुशील सिद्धू, निहार त्यागी, गौरव सागर, अक्षय भारती, विशाल कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुकान में नकब लगाकर तीन लाख की बैटरी चोरी

## पुलिस ने दर्ज नहीं की चोरी की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शहर में बेखौफ चोरों ने बैट्री की दुकान में नकब लगाकर लाखों रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। चोर यहां से नई-पुरानी बैट्रियों सहित हजारों रुपयों का स्क्रैप व अन्य सामान समेटकर फरार हो गए। सूचना पर डायल-112 पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ित दुकानदार ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली में तहरीर दे दी है हालांकि पुलिस ने अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया है। चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई जा रही है।


घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में ईदगाह रोड की है। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गांवड़ी निवासी जीशान की यहां बैट्री की दुकान हैं। वह नई बैट्री बेचने के साथ पुरानी बैट्री और स्क्रैप की खरीद करते हैं। बीती 26 दिसंबर की शाम लगभग 6 बजे वह रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन कोहरा अधिक होने के कारण वह सुबह में लगभग 11 बजे दुकान पहुंचे। शटर उठाकर जीशान जैसे ही दुकान में दाखिल हुए तो जीने की नीचे दीवार में नकब कटा देख उनके होश उड़ गए। सामान चेक किया तो सात बड़ी नई तथा 10 पुरानी बैट्रियां, स्क्रैप व अन्य सामान गायब था। चोरी की घटना से आसपास दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पीआरवी ने मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल की। पीड़ित जीशान ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

# हिन्दी की वैश्विक यात्रा को नहीं मिली पहचान

## कटारिया की साहित्य निधि का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, महारानी टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक बृजभूषण सिंह और देहरादून एयरपोर्ट के निदेशक डीबीएस नेगी ने डॉ. यतींद्र कटारिया विद्यालंकार द्वारा लिखित हिंदी की वैश्विक यात्रा पर आधारित साहित्य निधि एवं तत्वमसि का विमोचन किया।




देहरादून एयरपोर्ट के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने राजभाषा हिंदी के उन्नयन और सांस्कृतिक जागरण के लिए डॉ. कटारिया के योगदान की सराहना की। डॉ. कटारिया ने एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए हिंदी संवाद पटल स्थापित करने और सांस्कृतिक वीथिका निर्माण का सुझाव दिया। इस अवसर पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने हिंदी के प्रचार-प्रसार में डॉ. कटारिया के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। वहीं ऋषिकेश में विश्व हिंदी मंच के कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. विकास सूर्यवंशी ने डॉ. कटारिया का भव्य स्वागत कर उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया।

# अमरोहा रोड पर सड़क किनारे बना कूड़ाघर



## दुर्गंध से राहगीर बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर को जनपद मुख्यालय से जोड़ने वाले अमरोहा मार्ग पर बीएसडी एकेडमी के पास सड़क किनारे कूड़े का अंबार लग गया है। आसपास स्थित मैरिज हॉल संचालकों और स्थानीय लोगों द्वारा यहां नियमित रूप से कूड़ा फेंकने से यह स्थान खुले कूड़ाघर में तब्दील हो गया है।

सड़क किनारे फैली गंदगी से तेज दुर्गंध उठ रही है, जिससे राहगीरों का सांस लेना दूभर हो गया है। हालात यह हैं कि लोग नाक पर रूमाल रखकर गुजरने को मजबूर हैं। वहीं, कूड़े के ढेर पर मच्छर और मक्खियों की भरमार से डेंगू, मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गंदगी के चलते स्वच्छता व्यवस्था की पोल खुल रही है और जिम्मेदारो की अनदेखी पर सवाल उठ रहे हैं। शहरवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कूड़े के ढेर को हटाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने की अपील की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो यह स्थान आने वाले दिनों में संक्रमण का बड़ा केंद्र बन सकता है।

# विदाई समारोह में भावुक हुए सीनियर्स विद्यार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 12 के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन रविवार को हाइवे के एक होटल में किया गया, जिसमें विदाई प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भावुक हो उठे। समारोह में मिस्टर एनआईएस का खिताब यतेन्द्र व मिस एनआईएस का खिताब मिनीकांत को मिला। विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने बच्चों को विदाई देते हुएउ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि उनके लिए जो कभी सख्त निर्णय लिए गए थे, वो उनके भविष्य के लिए थे। उनके शब्दों से छात्र-छात्राओं की आँखें भर आई। डायरेक्टर समीर नागपाल ने कहा कि 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आगामी विषय/कोर्स का चयन करते समय गुरूजनों का मार्गदर्शन और स्वयं की रूचि का विशेष ध्यान रखें।




समारोह में कक्षा 11 के छात्रों ने खूबसूरती और उत्साह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और रोमांचक खेल प्रस्तुत किए। मुख्य आकर्षण में स्लो मोशन डांस रहा, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न खिताबों में प्रथम उपविजेता बॉबी पवार और प्रिया त्यागी, द्वितीय उपविजेता (टाई) अर्चिता और शिवानी, नैतिक चौहान और ध्रुव जैन रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या निशी सिंह, कोऑर्डिनेटर्स दीपाली, कंचन यादव, मल्लिका श्रीवास्तव, नृत्य शिक्षक कमल वर्मा एवं पीटीआई हर्ष त्यागी आदि मौजूद रहे।

## शक्ति ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** हरिद्वार शांतिकुंज आश्रम से माता भागवती देवी शर्मा के जन्मसताब्धि कर अखण्ड दीपक व पंडित श्रीराम आचार्य जी सादना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे भारत वर्ष में व उत्तर प्रदेश के चारों जोन तथा अलग-अलग चल रही शक्ति ज्योति कलश यात्रा निकाली जा रही है जो 20 सितंबर से 2026 तक यात्रा निकाली जाएगी यात्रा का मुख्य उद्देश्य धरती पर स्वर्ग का अवतरण और मानव से देवदत्त का उदय सोमवार को शक्ति ज्योति कलश यात्रा पपसरा, खाता,घंसूरपुर, नारंगपुर, सरकड़ी अजीज, जलालपुर उमर, नगला कलां,तोफापुर सहित गांवों में होती हुई जोया स्थित शिव मंदिर पर रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को सुबह यज्ञ तत्पश्चात अमरोहा के लिए शक्ति ज्योति कलश यात्रा प्रस्थान करेगी। इस दौरान शिव पाल चौहान व सतवीर सिंह, भूप सिंह, विपिन गुप्ता,अजय कुमार गुप्ता, संजय गोयल, मीनू गुप्ता, अनिता विश्वकर्मा,मीना गुप्ता,अंजू गोयल, माया गुप्ता,जया गिल, सुनीता चौधरी, प्रिया सिंह डा संयुक्ता चौहान आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

# गार्ड ने सुरक्षाधिकारी को किया घायल

**■ हसनपुर रोड स्थित दुग्ध फैक्ट्री में हुई घटना**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हसनपुर रोड स्थित एक दुग्ध फैक्ट्री के सुरक्षाधिकारी को सुरक्षाकर्मी ने डंडे से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए हाइवे स्थित एक निजी कंपनी के अस्पताल में ले जाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार उत्तराखण्ड की तहसील हल्द्वानी के गांव पानपुर निवासी कैलाशचन्द्र गजरौला के हसनुपर रोड पर स्थित एक दुग्ध फैक्ट्री में एक निजी कंपनी की सिक्योरिटी के द्वारा सुरक्षाधिकारी के रूप में कार्यरत है। 28 दिसम्बर की रात को वह डयूटी पर था। रात के करीब एक बजे कम्पनी परिसर में गश्त कर रहा था कि तभी कंपनी के स्क्रैप ग्राउंड के पास उनकी ही कम्पनी का सुरक्षा कर्मी थाना हसनपुर के गांव रूस्तमपुर खादर निवासी जयपाल सिंह का पुत्र राहुल कुमार वहां पर खड़ा था। उसने पीछे से सुरक्षाधिकारी के ऊपर डण्डे से हमला कर दिया, जब तक सुरक्षाधिकारी ने स्वयं को संभाला तब तक वह डंडे बरसाता रहा। जिससे सुरक्षाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया। कम्पनी की गाड़ी द्वारा निजी कंपनी के अस्पताल में ले जाकर उपचार कराया गया। सुरक्षाधिकारी कैलाशचन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी राहुल कुमार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# वकीलों की आवाज को दबने नहीं दूंगा

## यूपी बार चुनाव के सदस्य पद प्रत्याशी शाहनवाज राना ने मांगे वोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज राना ने कहा कि वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना कराने का प्रयास करेंगे। सोमवार को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज राना ने धनौरा रोड स्थित एक अधिवक्ता के आवास पर वकीलों से जनसम्पर्क किया तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि वह हमेशा उनकी आवाज को नहीं दबने देंगे। वकीलों की जो भी समस्याएं हैं उनका समय रहते समाधान कराया जायेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगी। बार के पूर्व सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शाहनवाज राना ने कहा कि वकीलों की समस्याओं से भलिभांति परिचित हैं। उन्होने सभी अधिवक्ताओं से प्रथम वरीयता का वोट देने की अपील की। इस अवसर पर कौसर एडवोकेट, नदीम एडवोकेट, आदिल एडवोकेट, शाहिद एडवोकेट, रोहताश वर्मा एडवोकेट, विजय ठाकुर, दिलशेर सैफी, फारूक मलिक, राशिद एडवोकेट, रियासत एडवोकेट, राशिद पाशा आदि मौजूद रहे।



# द आर्यन्स में बाल मेले का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** शिक्षण संस्थान द आर्यन्स, जोया में रविवार को भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह, निदेशक अमन लिट्ट व गौरव चौधरी तथा प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

मेले में शैक्षिक, सांस्कृतिक और मनोरंजन से जुड़े अनेक स्टॉल लगाए गए। बच्चों ने खेल, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, कला व रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े स्टॉलों पर बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मेले का भ्रमण कर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे और उनकी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान स्वागत नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें नृत्य, योग, स्किट, संगीत और रैंप वॉक प्रमुख रहे। विषयगत प्रदर्शनी और फूड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। मेले में सुपर लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। जादूगर इंतजार पाशा ने अपने जादू से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही। इस बाल मेले में विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए स इस अवसर पर विद्यालय के अजीत सिंह, ममता, जागृति कौशिक, शुभम शर्मा, विनीत कुमार शर्मा, सुमित चौधरी, प्रेरिता, रिया, अनिल कुमार, फुरकान सैफी, सचिन शर्मा, सोनू, चांदनी बत्रा, प्रगति टंडन, सुचित्रा, कुमुद, सोनू, शिवानी सरोहा, रुकैया, ममता, कल्पना, अजीत सिंह, रुचि सिंह, सचिन कुमार यादव आदि मौजूद रहे।



# आयुष्मान कार्ड के नाम पर 40 हजार ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** साइबर ठगों ने अब बीमारी का इलाज करा चुके मासूम लोगों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला हसनपुर के मोहल्ला खैवान का है। जहाँ आयुष्मान कार्ड के जरिये इलाज कराने वाली एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। पीड़ित महिला बबली पत्नी शौवीर ने कुछ समय पूर्व आयुष्मान कार्ड के माध्यम से अपना ऑपरेशन कराया था।

सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे बबली के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने झांसा दिया कि उनके आयुष्मान कार्ड खाते में 4,000 रुपये की सरकारी सहायता आई है। ठग ने पैसे चेक करने के बहाने महिला के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। जैसे ही पीड़ित महिला ने उस संदिग्ध लिंक को खोला, उसके बैंक खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। ठगों ने दो बार में कुल 40,000 रुपये की नकदी पार कर दी। खाते से जमा पूंजी गायब होते ही परिवार के होश उड़ गये। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता तुरंत कोतवाली पहुँची और पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# नगर के कब्रिस्तान पर यादवों ने किया कब्जे का प्रयास, मुस्लिम समुदाय में आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर में कब्रिस्तान की जमीन पर यादवों द्वारा अवैध कब्जे को लेकर मुस्लिम समुदाय में भारी आक्रोश देखने को मिला। समुदाय के लोगों ने भूमाफियाओं पर कब्रिस्तान की पवित्र भूमि पर जबरन कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है।

कि इस पूरे मामले में पुलिस की मिलीभगत से कब्जा कराया जा रहा है, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। कब्रिस्तान की जमीन से छेड़छाड़ को लेकर नाराज मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में एकजुट होकर बिसौली तहसील परिसर पहुंचे और विरोध किया। लोगों ने निष्पक्ष कार्रवाई की मांग उठाई मुस्लिम समुदाय के लोगों का आरोप है कि कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि धार्मिक आस्थाओं पर सीधा हमला भी है। उन्होंने प्रशासन पर इस मामले में आंख मूंदकर बैठने और दबाव में काम करने का आरोप लगाया। मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# पुलिस ने बैंक शाखा का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**आसफपुर।** स्थानीय पुलिस उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार नेहवाल व हेड कांस्टेबल प्यारे खां व पी आर डी जवान मदन लाल ने स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक शाखा परिसर में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था परखी ।

इस दौरान पुलिस उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार नेहवाल ने बैंक परिसर में मौजूद लोगों से आवश्यक पूंछताछ की व शक के आधार पर गहन तलाशी भी ली । इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक प्रभात सागर द्विवेदी , देव रस्तोगी , प्रगति मिश्रा , रजनीश कुमार यादव , प्रदीप सिंह , विक्रम सिंह , राजकुमार कश्यप आदि मौजूद रहे । यह जानकारी पुलिस उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार नेहवाल ने दी ।

# रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेजः बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को इस कुप्रथा के विरुद्ध जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों तथा समस्त स्टाफ ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में बच्चों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के कानूनी पहलुओं की जानकारी भी दी गई। प्रभारी प्रधानाचार्य रामाधार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह से बच्चों का शारीरिक व मान. सिक विकास न होने से पूरा जीवन अंधकारमय हो जाता है। हमें सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। अन्य वक्ताओं ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह ने किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े भक्तिभाव के साथ मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के विद्या मंदिर रोड स्थित परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का सातवां जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। आयोजक सोनू केटर्स द्वारा हरिनाम कीर्तन मंडल के सहयोग से भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नगर के कृष्ण भक्त बड़ी संख्या में एकत्र हुए और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया। हरिनाम संकीर्तन की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान के बाल रूप की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुरेश चंद्र, विनोद कुमार, अनिल शर्मा, बबलू गुप्ता, योगेंद्र, मुकेश शर्मा, प्रवेश श्रीवास्तव, महेंद्र कोली, मनोज यादव, मुकेश शंखधार, अनुपम गुप्ता, प्रदीप उर्फ गप्पू, बीरू गुप्ता, एड. पवन, धर्मेंद्र, कृष्णा गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 10 दिन से लापता नाबालिग किशोरी का जंगल से मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**वजीरगंज।** 10 दिन से लापता एक 16 वर्षीय नाबालिक किशोरी का कंगाल नुमा सब गांव के एक खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई परिजनों ने ने कपड़ो के आधार पर शव की पहचान अपनी बेटी के रूप में की परिजनों ने आशंका जताई है की किशोरी की हत्या कर शव को लाई के खेत में फेंका गया है घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की है सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने खेत पर जाते समय गांव के ही समीप एक लाई के खेत में अज्ञात किशोरी का शव देखा जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शव का काफी हिस्सा जानवरों द्वारा खाया जा चुका है लड़की 19 दिसंबर की रात से अपने घर से लापता हो गई थी परिजनों ने लगातार उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला पर उन्होंने बताया की काफी दिनों तक तलाश करने के बाद जब किशोरी का सुराग नहीं लगा तो उन्होंने थाने में तहरीर दी लेकिन कोई औपचारिक गुमशुदीगी दर्ज नहीं कराई गई थी शव मिलने की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कपड़ों के आधार पर अपनी बेटी के रूप में शव की पहचान की इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है वही फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य भी जुटे हैं एसपी देहात डॉक्टर हिरदेश कठेरिया ने बताया की जंगल से एक लापता किशोरी का शव मिला है जिसकी पहचान परिजनों ने कर ली है और पोस्टमार्टम के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सात जनवरी तक पुनः खुला एयरेशन सिस्टम योजना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना (राज्य सेक्टर योजना) के अन्तर्गत जनसामान्य को ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पोर्टल https%@@fisheries-up-gov-in 29 दिसम्बर 2025 से 07 जनवरी 2026 तक पुनः खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन की प्रक्रिया आवेदन के साथ अपलोड किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट https%@@fisheries-up-gov-in पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय मत्स्य विभाग कक्ष सं0-325 विकास भवन बदायूँ में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# सैदपुर में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** कस्बा सैदपुर में विद्या भारती विद्यालय के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर सैदपुर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर स्वाति रंजन गुप्ता प्रवक्ता सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज बिसौली ने बोलते हुए परिवार प्रबोधन सामाजिक समरसता नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण के विषय पर महिलाओं को जागरूक किया वहीं कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कृष्णा गुप्ता सभासद नगर पालिका बिसौली ने अपने भाषण में महिलाओं से आज की कृतियों के विषय में विस्तार से बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सविता शर्मा ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बने आज वह किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। इस मौके पर अध्यक्ष अशोक कुमार व्यवस्थापक कृपा शंकर शर्मा कोषाध्यक्ष सौरभ महेश्वरी जिला निरीक्षक संदीप मिश्रा प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाल सिंह अतेंद्र पाल सिंह प्रधानाचार्य वजीरगंज अंकित कुमार प्रधानाचार्य वगरैन जितेंद्र सिंह प्रधानाचार्य गौठा के साथ-साथ स्थानी महिलाओं एवं बच्चों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

# एक नजर

## श्रीमद्भागवत कथा का समापन विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के ब्लूमिंग फ्लावर्स इंग्लिश स्कूल परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर विधिविधान से सामूहिक हवन किया गया, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा व्यास पं. रविकांत शास्त्री जी ने अपने ओजस्वी वाणी से हिंदू समाज को एकजुट रहने, सनातन संस्कृति को अपनाने और जीवन में धर्म, सत्य व भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ है, जो मानव को संस्कार, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर राम भूषण गुप्ता (सीईओ, हरियाणा), आचार्य सौरभ पाठक, यशवर्धन रस्तोगी, वंश वार्ष्णेय, शिवांश रस्तोगी, रामेंद्र शर्मा, संजय सक्सेना, राकेश सक्सेना, राजेश सक्सेना, सुरेंद्र अग्रवाल, अर्पित मिश्रा, हिमांशु पाठक, शिवम शर्मा, देवेश सक्सेना, शुभांक शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्काउटिंग युवाओं को कराती है, कर्तव्य बोध : महेश

**शाह टाइम्स सवाददाता**

**उझानी।** कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज बुटला बोर्ड में आयोजित त्रिदिवसीय स्काउटख्रगाइड प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन स्काउटख्रगाइड को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के उपाय, सीमित संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने की कला, राष्ट्रध्वज को सम्मानपूर्वक फहराने के नियम, स्काउट आंदोलन की प्रतिज्ञा व नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही जल, जंगल और जमीन से प्राप्त बहुमूल्य संसाधनों के संरक्षण एवं सही उपयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त महेश चंद्र पाठक ने स्काउट ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला संस्कार है, जो बच्चों में कर्तव्यबोध, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और मानव सेवा की भावना विकसित करता है। स्काउटिंग से जुड़े बच्चे आगे चलकर समाज और देश के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं। विद्यालय के प्रबंधक अमरदीप सिंह ने कहा कि सच्चा स्काउट वही है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी दूसरों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहे। स्काउटिंग हमें सेवा, सहयोग और समर्पण का पाठ पढ़ाती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्रेष्ठ संस्कारों से चिंतन, चरित्र और आचरण पवित्र हो जाता है। राष्ट्र की सेवा और आराधना करने वाले युवा देश के सच्चे सपूत हैं। स्काउट की वर्दी पहनना केवल पहनावा नहीं, बल्कि देशभक्ति, अनुशासन और सदाचार है।समाज या प्रकृति जब भी संकट में हो, स्काउट को सबसे पहले आगे बढ़कर सहायता करनी चाहिएख्रयही राष्ट्रधर्म है। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी स्काउटिंग की भावना को जीवन में उतार ले, तो कोई भी चुनौती देश की प्रगति को नहीं रोक सकती। शिविर के दौरान स्काउटख्रगाइड को आपदा प्रबंधन के साथ बायां हाथ मिलाना, सैल्यूट, ड्रिल एवं अन्य व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक सीमा सक्सेना, तेजवीर सिंह, आकांक्षा राठौर, संदीप कुमार, सुशांत कुमार, प्रिंस पटेल, कनुप्रिया, शीतल चौहान, रश्मि, सीमा गुप्ता, अंशु, मनोज कुमार, विनीत सिद्धार्थ, कामिनी, अमित कुमार, कैप गुड़िया, वर्षा, आदिम चौधरी आदि मौजूद रहीं।


## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan741@gmail-com


# प्रदेश में सुदृढ़ हुई कृषि योजनाओं से किसानों का बढ़ा आर्थिक आधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रदेश में किसानों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। प्रदेश सरकार का मानना है कि हमारा अन्नदाता किसान समृद्ध होगा, तो प्रदेश समृद्ध बनेगा। प्रदेश समृद्ध होगा तो देश भी समृद्ध होगा। यहां के किसानों को विगत 08 वर्षा से एम0एस0पी0 का लाभ लगातार प्राप्त हो रहा है। आज किसान या खेती करने वाला व्यक्ति ही अपनी उपज को क्रय केन्द्र में बेच सकता है। कोई भी बिचौलिया किसानों की मेहनत का लाभ नहीं उठा सकता। प्रदेश में किसानों को स्वॉयल हेल्थ कार्ड और फसल बीमा की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। गन्ना मूल्य का भुगतान ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त कर चुका है। कृषि मण्डियों और गांवों तक सड़क नेटवर्क का विस्तार, वैल्यू चेन स्टोरेज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश को आगे बढ़ाने, किसानों को बाजार और निर्यात से जोड़ने का प्रयास, प्रत्येक खेत को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराते हुए नहरों, पाइप लाइन, माइक्रो इरीगेशन और सोलर पम्प का विस्तार, जल संरक्षण अभियान, ड्रोन डोजिंग, सौर ऊर्जा, एफ0पी0ओ0, स्टार्टअप्स आधारित फसल और मूल्य संवर्धन आदि से सम्बन्धित योजनाएं प्रदेश में दिखाई दे रही हैं। जिसका भरपूर लाभ सीधे किसानों को मिल रहा है। कृषि हित में प्रदेश में खरपतवार नियंत्रण, स्वॉयल टेस्टिंग तथा प्राकृतिक खेती पर विशेष फोकस किया गया है। किसानों को कृषि क्षेत्र में उद्यमिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल मण्डी आदि में युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध कराये गये हैं। एक्सप्रेस-वे और लॉजिस्टिक्स पार्क से किसानों की उपज को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने की सुविधा प्राप्त हुई है। प्रदेश में विश्व बैंक के सहयोग से 'यू0पी0 एग्रीकल्चर ग्रोथ एण्ड रूलर इंटरप्राइजेज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग प्रोजेक्ट' अर्थात यू0पी0 एग्रीज परियोजना प्रारम्भ हो चुकी है। प्रदेश के कम कृषि ग्रोथ वाले 28 जनपदों को 4,000 करोड़ रुपये की लागत से 06 वर्षों की अवधि के लिए परियोजना के अन्तर्गत जोड़ा गया है। इनमें पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुन्देलखण्ड के जनपद सम्मिलित हैं। बुन्देलखण्ड के जनपद पहले जल के अभाव से ग्रसित थे, आज वहां पर पर्याप्त मात्रा में जल संसाधन उपलब्ध कराये जा चुके हैं। प्रदेश में किसानों को तकनीक से जोड़ने का कार्य भी प्रगति पर है। ओ0डी0ओ0पी0 योजना, एस0 एच0जी0, बी0सी0 सखी, ड्रोन दीदियां गांव-गांव तक रोजगार और स्थानीय उद्यम के सशक्त माध्यम बने हैं। प्रदेश के 09 क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप तकनीक तथा बीज आदि किसानों को उपलब्ध कराने के लिए कार्य लगातार आगे बढ़ रहा है। आज किसानों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ डी0बी0टी0 के माध्यम से पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है। बिचौलिया मुक्त खाद्यान्न खरीद की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश में 122 चीनी मिलों का संच. ालन हो रहा है। एथेनॉल उत्पादन 41 करोड़ लीटर से बढ़कर 182 करोड़ लीटर हो गया है, जो देश में प्रथम स्थान पर है। राज्य में आलू, केला, औद्यानिक तथा अन्य ऑर्गेनिक फसलों के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों के उत्पादन में भी प्रदेश अब देश में नम्बर एक पर है। प्रदेश में गन्ना किसानों के लिए गन्ने का एस0ए0पी0 400 रुपये प्रति कुन्तल तय किया गया है। किसान इसका लाभ प्राप्त कर रहा है। प्रदेश के किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सर्वाधिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। 02 करोड़ 86 लाख किसान इस योजना से जुड़े हैं। किसान को समय पर उन्नत नस्ल के बीज उपलब्ध कराने के लिए भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के नाम पर लखनऊ में एक सीड पार्क का निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश में 79 कृषि विज्ञान केन्द्र सक्रिय हैं। शेष 10 कृषि विज्ञान केन्द्रों पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इन केंद्रों में किसानों को आधुनिक तकनीक और फसल को देखने के लिए डेमोंस्ट्रेशन की सुविधा प्राप्त हो रही है। इनमें कई कृषि विज्ञान केन्द्र 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में कार्य कर रहे हैं।

# सचिवों एवं पंचायत सहायकों के लिए प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत विकास खंड उसाबॉ में दो दिवसीय अनअवासीय सचिवों एवं पंचायत सहायकों का ओ एस आर पर आधारित प्रशिक्षण का आयोजन विकास खंड के सभागार में आयोजित किया गया । प्रशिक्षण को संबंधित करते हुए मास्टर ट्रेनर अदिति रस्तोगी एव राज. ेश कुमार सक्सेना ने ओ एस आर का उद्देश्य ,परिचय ,क्यों और कैसे कर सकते हैं । केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त तथा स्थानीय स्तर पर ग्राम पंचायत अपना विकास कैसे कर सकती हैं ।आय के स्रोत जैसे जलकर, प्रकाश कर ,बारात घर, मेला , बाजार, दुकान, तालाव में मछली पालन आदि के द्वारा अपनी अपनी ग्राम पंचायत में आमदनी को बढ़ा सकते हैं ।जितना पैसा ओएसआर में जमा होगा । तो सरकार उसकी चार गुणा करके देगी ।मास्टर ट्रेनर अमर सिंह एव हरेंद्र यादव ने बताया कि मनो. रंजन कर , सेवा कर, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र , आय ,जाति, राशन कार्ड आदि की सेवा देकर और केंद्र द्वारा फलदार वृक्ष लगाकर , पुस्तकालय, विभिन्न प्रकार के आयोजन आयोजित करके हम अपनी ग्राम पंचायत के आमदनी को बढ़ा सकते हैं । इस मौके पर दिशा ,ध्यानवती , सुनीता देवी , सुषमा , मुजम्मिल खान ,सलमान , कमरुल हसन , शिवा ,परवीन, रीता ,सीमा ,रूपा देवी ,कविता दिशा ,यादव ,आदि लोग मौजूद रहे । कार्यक्रम में विशेष सहयोग विशाल सिंह एवं पंकज सिंह कर रहा ।

# राज्यमंत्री ने दिवंगत लोगों को अर्पित की श्रद्धांजलि



**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शहर में दिवंगत हुए लोगो की आत्मा की शान्ति के लिए हुई श्रद्धाजलि सभाओं में शामिल होकर श्रद्धाजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राज्यमंत्री संजय गंगवार शहर के प्रमुख चिकित्सक एवं समाज सेवी डा नरेन्द्र नाथ मिश्रा की विगत दिनो लम्बी बीमारी के बाद हुई मृत्यु के बाद दसवा स्थल पर हुई श्रद्धाजलि सभा में शामिल हुए और दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए उनके चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित करते हुए श्रद्धाजलि अर्पित की । इस मौके पर शहर के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं परिजन मौजूद रहे ।

इसके बाद राज्यमंत्री संजय गंगवार आवास विकास कालोनी स्थित भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव के आवास पर पहुचे जहां विगत दिनों उनकी माताश्री का देहांत होने के बाद उनके चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित कर श्रद्धाजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की । इस मौके पर भाजपा के कई पदाधिक. ारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

# टोल कर्मी या गुंडे, कार चालक की बेरहमी से की पिटाई



**पीलीभीत।** बीसलपुर रोड पर स्थित टिकरी टोल प्लाजा एक बार फिर विवादों के घेरे में है। आय दिन राहगीरों के साथ बदसलूकी और मारपीट के लिए कुख्यात हो चुके इस टोल प्लाजा पर दबंगई का एक और रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ मामूली बात को लेकर टोल कर्मियों ने आपा खो दिया और एक वैगनआर कार चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मिली जानकारी के अनुसार एक वैगनआर चालक बीसलपुर मार्ग से गुजर रहा था। टिकरी टोल प्लाजा पर टोल टैक्स के भुगतान या किसी अन्य तकनीकी बात को लेकर चालक और टोल कर्मियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि टोल पर मौजूद आधा दर्जन से अधिक कर्मियों ने चालक को घेर लिया। दबंगों ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघते हुए चालक को गाड़ी से खींच लिया और उस पर लात-घूंसों की बरसात कर दी।

# स्मार्ट मीटर पर किसानों में उबाल कार्यालय घेरकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार दोपहर 12 बजे अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन विभिन्न समस्याओं को लेकर किया गया। किसानों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग से जुड़ी कई समस्याएं हैं। इनमें बिना मीटर वाले घरों से विजिलेंस टीम द्वारा अवैध वसूली और स्मार्ट मीटरों में अत्यधिक बिल आना प्रमुख हैं। धरने के दौरान अधिशासी अभियंता मौके पर पहुंचे और भाकियू पदाधिकारियों से बातचीत शुरू की। किसानों ने अपनी समस्याएं विस्तार से अधिकारियों के सामने रखीं। इसी बीच, हरीपुर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जूनियर इंजीनियर (जेई) आर्यन पांडे वहां पहुंचे। उनकी भाकियू कार्यकर्ताओं से तीखी नोकझोंक हुई। किसानों का आरोप है कि जेई ने उन्हें पुलिस बुलाने की धमकी दी, जिससे माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। इस कथित धमकी से किसान और अधिक आक्रोशित हो गए और उन्होंने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन तेज कर दिया। किसानों ने कहा कि अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे, बल्कि उन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो बल्कि उन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान पीलीभीत के अधीक्षण अभियंता भी अधिशासी अभियंता कार्यालय में एक बैठक में शामिल होने आए थे। हालांकि, बढ़ते हंगामे और तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए वे बिना कोई ठोस निर्णय लिए वहां से चले गए, जिससे किसानों में और नाराजगी फैल गई। मामले की सूचना तत्काल एसडीएम को दी गई।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र।

**सम्पादकः** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎0581-2562222 (बरेली)

**मुख्यालयः** मोबाइल-9720007290

R.N.I. No UPHIN/2003/11165

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हाथ–पैर से दिव्यांग, तो मुंह व जीभ से चलाते हैं ऐंड्रॉयड फोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सेंथल नगर पंचायत का वह युवा जो हमेशा पूरे समय व्हीलचेयर पर रहते हैं, जो अपने दोनों हाथ व दोनो पैरों से दिव्यांग होने के साथ पूर्णतया परिवारजनों पर आश्रित होने के पश्चात भी फोन को हथेली से पकड़कर मुंह व जीभ से टाइप कर फोन चलाते हैं। सुनने में यह बेशक कुछ अलग लगे, मगर यह सत्य है।

सेंथल नगर के अयाज हैदर शारीरिक रूप से दिव्यांग होने के पश्चात सोशल मीडिया पर बहुत ही सक्रिय रहकर पार्टी व समाजहित राष्ट्रहित के मुद्दे पर बात रखना व पार्टी का प्रचार व सामाजिक जनहित के मुद्दे उठाकर जमकर तत्थात्मक रूप से अपनी बात रखते हैं। अयाज हैदर समाजवादी आइटी सेल के प्रदेश लेवल के पदाधिकारी भी हैं।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से एक दो तीन नहीं बल्कि इससे भी अधिक बार लखनऊ जाकर उनके निज निवास पर उनसे मुलाकातें भी कर चुके हैं, पूर्व विधायक केसर सिंह गंगवार, भगवत शरण गंगवार सहित डॉ. एमपी आर्य भी शारीरिक रूप से दिव्यांग अयाज हैदर द्वारा जीभ से फोन चलाने टाइपिंग इत्यादि करने की विशेष प्रतिभा से बहुत ही प्रभावित हैं, व उनकी हिम्मत साहस व कला की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हैं। हाथ की उंगलियों से नहीं बल्कि मुँह की जीभ से स्पष्ट साफ त्रुटि रहित लेखन असम्भव सा लगता है,



व इतनी फास्ट व साफ शुद्ध लेखन को सम्भव कर दिखाया सेंथल के अयाज हैदर ने इस समय अधिवक्ता की पढ़ाई भी निरंतर जारी होने से कुछ समय से सोशल मीडिया से दूरी है, लेकिन फोन द्वारा पढ़ाई निरन्तर जारी है।

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड के पैरामीटर की समीक्षा

- सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग बनाए रखने के दिए गए निर्देश
- कन्या सुमंगला योजना के लंबित आवे. दनों को सत्यापन करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज सीएम डैशबोर्ड (राजस्व विभागों) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में भू–राजस्व की समीक्षा की गयी और पाया कि 06 करोड़ रुये जमा कराया गया है, इसमें ए ग्रेड आया है। बैठक में स्टाम्प रजिस्ट्रेशन, आबकारी विभाग, जीएसटी, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग आदि की समीक्षा की गयी, कृषि विभाग द्वारा अगवत कराया गया कि लक्ष्य बढ़ाकर 05 करोड़ कर दिया गया है जबकि इतनी वसूली के साधन नहीं है, जिस पर लक्ष्य रिवाइज कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सिंचाई विभाग, मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना, उद्योग विभाग, बरेली विकास प्राधिकरण, खाद्य एवं रसद विभाग, औषधि विभाग, आरएफसी, गन्ना विभाग, पीएम स्वनिधि की भी समीक्षा की गयी और सीएम





डैशबोर्ड पर रैंकिंग बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में न्यायिक उप जिलाधिकारी न्यायिक आंवला, फरीदपुर व नवाबगंज को कोर्ट में लंबित वादों के निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में कन्या सुमंगला योजना के लंबित आवेदनों को सत्यापन करने के निर्देश दिए गए इसके अतिरिक्त शस्त्र, सीलिंग, शत्रु सम्पत्ति आदि के सम्बंध में आवश्यक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, समस्त उप जिलाधिकारी/ए0सी0एम0/तहसीलदार सहित सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

# सांड के हमले से किसान गंभीर रूप से हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** खेत पर काम करने जा रहे किसान पर रास्ते में एक जंगली सांड ने हमला कर दिया। जंगली सांड के हमले से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को परिजन गंभीर अवस्था में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।



जानकारी के मुताबिक ग्राम डांडी अभयचंद निवासी मोहम्मद यासीन सुबह अपने खेत पर गेहूं की फसल देखने के लिए जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक जंगली सांड ने उस पर हमला कर दिया। सांड ने उसपर कई बार सींगों से वार किया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह सांड को भगाकर घायल किसान को अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा और जंगली पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे किसानों और राहगीरों को खतरा बना हुआ है।

# कार की मांग को लेकर रिश्ता तोड़ा, पिता ने दर्ज कराई दहेज लोभियों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर पंचायत सेंथल के मोहल्ला पंछाया के रहने वाले बाबू ने अपनी पुत्री का रिश्ता जनपद पीलीभीत के गांव शेरपुर के निवासी हिकमत के पुत्र वसीम के साथ तय किया था। बीती 21 जून 2025 को इसके घर पर 30 लोग आए थे जिसमें उसने मंगनी का दस्तूर करते हुए 51 हजार रुपए दिए थे।

इसके साथ ही सभी मेहमानों को कम्बल और कालीन उपहार स्वरूप दिए थे। बाबू के मुताबिक उसका खासा खर्चा हो गया था। आरोप है कुछ दिनों बाद वसीम ने मंगनी में एक लाख रुपए मिलने की उम्मीद जताई, साथ ही शादी में कार की मांग रख दी। जब कार देने में असमर्थता जताई तो उन्होंने रिश्ता करने से साफ इंकार कर दिया और तय किया रिश्ता तोड़ दिया। बाबू पुत्र कल्लू की तहरीर पर हाफिजगंज पुलिस ने वसीम, उसके पिता हिकमत, मो मियां, मुजीब, फईम , सीमा, जफर, आसिमा और फिरदौस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बसपा नेत्री ने सपा नेता और पत्नी पर लगाया हथियारों से धमकाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र की एक बसपा नेत्री को हथियार दिखाकर धमकाने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर क्षेत्राधिकारी के आदेश पर पुलिस ने सपा नेता और उसकी पत्नी के खिलाफ हरिजन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव ईधजागीर स्थित बालाजीपुरम मोहल्ले की रहने वाली बसपा नेत्री केसरवती के अनुसार गुजरी 18 अक्टूबर की शाम वह कस्बे से फरीदापुर गांगा उर्फ नवादा गांव जा रही थीं। रास्ते में वह गांव में एक वृद्ध महिला से बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान पास में रहने वाले सपा नेता विजयपाल ने आपत्ति जताते हुए कथित रूप से घर से तमंचा निकाल लिया और गाली–गलौज करने लगे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि विजयपाल की पत्नी रामबेटी ने भी चाकू दिखाकर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शोर–शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए वहां से चले गए। मामले में बसपा नेत्री की ओर से घटना की तहरीर पुलिस को दी गई लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी। पीड़िता ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली।

वहीं सपा नेता विजयपाल ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि पुरानी रंजिश के चलते उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इससे पहले भी उनके परिवार के सदस्यों पर इसी तरह के आरोप लगाए जा चुके हैं। वह इस मामले को लेकर सी ओ से मिलकर घटना की जानकारी देंगे।

# विपुल हरि चुने गए आर्य समाज मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष, अंकित बने मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के आर्य समाज मन्दिर कार्यकारिणी के चुनाव में विपुल हरि को अध्यक्ष चुना गया। रविवार को आर्य समाज मंदिर नवाबगंज में वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें विपुल हरि के साथ ही अंकित राठौर को मंत्री के अलावा कोषाध्यक्ष पद पर सतेंद्र गुप्ता को चुना गया।







इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर महेंद्रपाल आर्य , रामपाल आर्य , उपमंत्री पद पर पूरनलाल आर्य, सौरभ आर्य , पुस्तकालय अध्यक्ष पर रामकिशोर आर्य , पुरोहित पद पर हेमदेव शास्त्री व वेदप्रकाश आर्य, प्रचार मंत्री पद पर देवदत आर्य व ऑडिटर पद पर धर्मपाल गुप्ता मनोनीत हुए । आर्य समाज मंदिर की इस नव निर्वाचित कार्यकारिणी को पूर्व सभासद दीपक सूरी, भाजपा नेता सुरेन्द्र राठौर, सूर्य राठौर आदि ने बधाई दी है।

# देवरनियां पुलिस की सख्त कार्रवाई 500 ग्राम चरस के साथ तस्कर दबोचा

## एसएसपी अनुराग आर्य के विशेष अभियान में एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी सफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत देव. रनियां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बहेड़ी अरुण कुमार के पर्यवेक्षण में थाना देवरनियां पुलिस टीम ने 500 ग्राम अवैध चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 9 बजकर 42 मिनट पर भोपतपुर रोड स्थित ढकिया तिराहे से लगभग 20 कदम दूर, ग्राम सेमीखेड़ा की ओर जाने वाली सड़क पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति पैदल आता दिखा, जिसकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर वह नहीं रुका, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया।



पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम प्रवेश बाबू उम्र करीब 37 वर्ष, पुत्र मुकुट बिहारीलाल, निवासी ग्राम ढकिया खैरुद्दीन, थाना नबाबगंज, जिला बरेली बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। इस बरामदगी के आधार पर थाना देवरनियां में आरा. ेपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर रही है।

आरोपी प्रवेश बाबू ने पूछताछ में बताया कि वह बीए तक शिक्षित है और खेती–बाड़ी करता है। उसने स्वीकार किया कि खेती से पर्याप्त आमदनी न होने के कारण वह चरस बेचकर अवैध रूप से धन कमाता था। उसने यह भी बताया कि बरामद चरस को वह अपने गांव में बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने किया। उनकी सतर्क निगरानी और सक्रिय पुलिसिंग के कारण यह सफलता मिली। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक मुकेश कुमार, कांस्टेबल बिट्टू सिंह, राजन, रोहित कुमार और शिवम कुमार भी शामिल थे।

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# मात्र एक बोली कर्ता के पहुंचने से नहीं हो सकी ओसवाल मिल के भूमि की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** केवल एक बोली कर्ता के शामिल होने की वजह से ओसवाल चीनी मिल की भूमि कि नीलामी आज नहीं हो सकी। तहसीलदार ने उनकी जमानत राशि का चेक जमा कर लिया।

क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल पर गन्ना किसानों का 70 करोड़ से अधिक का बकाया चला आ रहा है। वार वार आदेश निर्देशों के बाद भी जव गन्ना किसानों की बकाया राशि का भुगतान नहीं हो सका था जिस पर सरकार ने मिल की आर सी जारी कर दी थी। आरसी जारी किए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने मिल को कुर्क कर दिया था। गन्ना भुगतान को लेकर विगत दिनों सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एड द्वार भरी ठंड में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया था। किसानों के बढ़ते दबाव के चलते तहसील प्रशासन को चीनी मिल की भूमि को नीलाम करने के लिए सोमवार यानि 29 दिसंबर की तारीख नियत की गई। सोमवार को तहसील सभागार में तहस. ीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह की मौजूदगी में ओसवाल चीनी मिल की भूमि कि नीलामी शुरू की गई। काफी देर तक सभागार में एक मात्र बोली कर्ता बरेली के



अभिषेक सिंह है शामिल हो पाए। नीलामी प्रक्रिया के दौरान बड़ी तादात में किसान नेता मौजूद रहे। एक मात्र बोली कर्ता के बोली लगाए जाने के बाद मिल की नीलामी नहीं हो सकी।

तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि बोली कर्ता अभिषेक सिंह द्वारा जमानत राशि के तौर पर मूलधन राशि का 5 प्रतिशत धन का चेक जमा कर लिया गया है। बोली के समय किसान नेताओं चंद्र प्रकाश गंग. वार उर्फ पप्पू, रामरतन गंगवार, छेदा लाल गंगवार, महेन्द्र पाल गंगवार, अर्जुन गंगवार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# भाकियू प्रदेश सचिव दानिश बाबा ने दर्जनों लोगों को दिलाई सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकेट) के प्रदेश सचिव दानिश बाबा के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में पूरे उत्साह और जोश के साथ किसान हितों की लड़ाई को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बहेड़ी क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर दानिश बाबा किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और उनके समाधान के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान किसान यूनियन में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से अर्सलान, अमित, मोहम्मद उवैस, मोहम्मद समीर, जाकिर अंसारी, फैजान, एस के सुभान, जैनुल, फरमान, शानू,



जीशान, आकिब, राजू, फरमान किंग, जावेद, अमान, कैफ दुर्रानी, अमान बाबा, सुहैल, साकिब, सुजैन जाफरी, कैफ जाफरी, शान, आमिर बाबा, मोहम्मद आजम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

इस मौके पर दानिश बाबा ने कहा कि किसान यूनियन किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी और किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन की ताकत आम किसानों और मेहनतकश लोगों से ही आती है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने किसान यूनियन को और अधिक मजबूत बनाने तथा किसानों के अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

# देवरनियां में मस्जिद के सामने से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में एक मस्जिद के सामने से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जादौपुर थाना भोजीपुरा निवासी मो0 रफीक 27 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6:30 बजे अपनी बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी 25 डी एच 4123, रंग नीला से अजहरी मस्जिद, वार्ड संख्या 06 पहुंचे थे। उन्होंने मोटरसाइकिल मस्जिद के सामने खड़ी की और अंदर चले गए। करीब आधे घंटे बाद बाहर आने पर उनकी मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। आसपास काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली देवरनियां में अज्ञात चोर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ–साथ संभावित संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि मामले में जल्द ही चोर की पहचान कर गिरफ्तारी और बाइक बरामदगी की कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ाई जा रही है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में देवरनियां पुलिस त्वरित कार्रवाई और निष्पक्ष जांच के लिए जानी जा रही है, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

## रियायती दरों की यूरिया का उपयोग किसी औद्योगिक कार्य में तो नहीं हो रहा है, इसकी जांच करने के दिए निर्देश

- परिवहन विभाग को प्रवर्तन कार्य बढ़ाए जाने के दिए गए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस0 चौधरी की अध्यक्षता में आज मण्डलीय समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री, उर्वरक की उपलब्धता आदि की समीक्षा की गयी, जिस पर संयुक्त निदेशक कृषि ने अवगत कराया है कि उर्वरक की कोई समस्या नहीं है। मण्डलायुक्त के पूछने पर अवगत कराया गया कि बिना सब्सिडी यूरिया का मूल्य 1800 रुपए है, जिस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि यह जांच की जाए कि रियायती दरों की यूरिया का उपयोग किसी औद्योगिक कार्य में तो नहीं हो रहा है।

धान खरीद के सम्बन्ध में भी विस्तार से समीक्षा की गयी और पाया कि मण्डल में 27 दिसम्बर तक लक्ष्य का 89 प्रतिशत धान क्रय कर लिया गया तथा 63 प्रतिशत धान मिलों को भी भेज दिया गया है। जनपद बरेली में 148713.86, बदायूं में 32925.44, शाहजहांपुर 255222.48 तथा पीलीभीत में





171792.39 कुल 608654.18 धान खरीद हुई है जो लक्ष्य के सापेक्ष 84.65 की खरीद है। मण्डलायुक्त ने कहा कि शिकायत आ रही है कि किसान से धान खरीद नहीं की जा रही है उन्हें विभिन्न कारण दिखाकर वापस कर दिया जाता है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति की समीक्षा की गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि एससी के लिए आय सीमा 2.50 लाख रुपए तथा अन्य के लिए 2.00 लाख रुपए आय सीमा निर्धारित है। जनपद समिति द्वारा शुद्ध एवं संदेहास्पद डाटा लॉक करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तथा धनराशि अंतरण 09 फरवरी 2026 तक किया जाना है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के अन्तर्गत चिकित्सकों की उपलब्धता तथा टी0वी0 मुक्त ग्राम पंचायत की समीक्षा की गयी। संस्थागत प्रसव की समीक्षा की गयी और पाया गया कि ग्राम अमरिया, जरियनपुर तथा बरखेड़ा में डिलवरी कम हो पा रही हैं। जरियनपुर/ पूरनपुर में सिजेरियन नहीं हो पा रहे हैं इसके कारण पूछे गए और निर्देश दिए गए कि केन्द्रों पर 10 से अधिक डिलवरी कराने का प्रयास किया जाए। सभी चिकित्सा इकाईयों में अग्नि/विद्युत सुरक्षा संबंधी आदेशों के क्रम में बताया गया कि बरेली में 16 में से 14 में फायर एनओसी प्राप्त कर ली है, विकासखंड बिथरी चौनपुर और फतेहगंज पश्चिमी में अभी एनओसी प्राप्त करना अवशेष है। नियमित टीकाकरण की समीक्षा में पाया गया कि मण्डल स्तर पर टीकाकरण प्रतिशत 96.4 है, आयुष्मान कार्ड बनाने में जनपद बदायूं पीछे है।

बैठक में पीएम–एबीएचआईएम के अन्तर्गत सब सेंटर निर्माण की भी समीक्षा की गयी। जनपद शाहज. हांपुर में शहरी आरोग्य मंदिर कम सक्रिय हैं, जिस पर अवगत कराया गया कि अगले माह तक क्रियाशील हो जाएंगे। बैठक में दवाईयों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि दवाईयों का सही वितरण हो रहा है या नहीं इसका भी ध्यान रखा जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद बरेली के विकास खण्ड शेरगढ़ में वसुंधरा प्रसव केन्द्र है जो सक्सेज स्टोरी के रुप में है यहां बड़ी संख्या में डिलवरी हो रही हैं, इसी प्रकार जनपद बदायूं के वजीरगंज के उसगवां में भी अच्छा कार्य हुआ है।

बैठक में मुख्यमंत्री कम्पोजिट स्कूल की समीक्षा के दौरान जानक. ारी दी गयी कि जनपद शाहजहांपुर में 06 तथा अवशेष जनपदों में 02–02 कम्पोजिट विद्यालय प्रस्तावित है। जनपद शाहजहांपुर के कजरी नूरपुर में कार्य शुरू हो गया है, बरेली में प्रस्तावित दोनों स्थानों पर कार्य प्रगति पर है तथा पीलीभीत में एक स्थान पर जनवरी में कार्य शुरू हो जाएगा।

बैठक में ''मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना'' की समीक्षा की गयी और पाया कि मण्डल में 61 प्रतिशत ऋण वितरण किया गया है। बरेली जनपद में सबसे अच्छा कार्य हुआ है। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, छात्रवृत्ति, फैमिली आईडी, पर्यावरण जलवायु, आईसीडीसी तथा सेतुओं के निर्माण की समीक्षा की गयी। बैठक में नई सड़कों के निर्माण कार्यों, 02 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों, नहरों की सिल्ट सफाई की भी समीक्षा की गयी। उक्त के उपरांत मण्डलायुक्त ने कर करेत्तर की भी समीक्षा करी, जिसके अन्तर्गत पाया गया कि राज्यकर में बरेली जोन प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। स्टाम्प एण्ड रजिस्ट्रेशन की समीक्षा में पाया गया कि मण्डल में 88.51 प्रतिशत वसूली हुई है, बैठक में बोगस फर्मों की फैली चेन को चिन्हित कर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आबकारी विभाग की समीक्षा की गयी और पाया कि मण्डल का वसूली प्रतिशत 93.84 प्रतिशत है, मण्डलायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए कि ओवर रेटिंग ना हो इसका ध्यान रखा जाए। बैठक में परिवहन विभाग की समीक्षा की गयी और पाया कि मण्डल की 87.57 प्रतिशत उपलब्धि है, जिस पर प्रवर्तन कार्य बढ़ाए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा की भी गयी और 05 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए इसके साथ ही धारा–80 के अंतर्गत कितने प्रकरण रिजेक्ट किए गए हैं उसके कारणों पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त देवेन्द्र प्रताप, अपर आयुक्त प्रीति जायसवाल, जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, जिलाधिकारी बदायूं अवनीश राय, जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह सहित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# खेत में महिला से छेड़छाड़, विरोध पर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**तीन आरोपियों पर मुकदमा, पुलिस ने तेज की कार्रवाई**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के एक गांव में महिला की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करने वाली घटना सामने आई है। खेत पर काम कर रही महिला के साथ पहले छेड़छाड़ और उसके कपड़े उतारने का प्रयास किया गया, और विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद आरोपी पक्ष के लोगों ने महिला के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 दिसंबर को दोपहर के समय पीड़िता तालाब के पार अपने खेत में कार्य कर रही थी। इसी दौरान गांव का ही एक युवक पीछे से आया और महिला को जबरन पकड़कर पेड़ों की ओर ले गया। आरोप है कि आरोपी ने महिला के साथ अश्लील हरकतें कीं और उसके कपड़े उतारने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने और विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। इसके बाद जब पीड़िता भयभीत अवस्था में घर लौट रही थी, तभी रास्ते में आरोपी के परिजन मिल गए। महिला द्वारा घटना की शिकायत किए जाने पर आरोपियों ने लात–घूंसों व लाठी–डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में महिला को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद पीड़िता ने साहस दिखाते हुए थाना देवरनियां पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हिंदू संगठनों व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूंका पुतला

## बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारों से गूंज उठा बागपत का राष्ट्रीय वंदना चौक, मुस्लिम समुदाय के लोगों में भी दिखा भारी आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में बागपत में प्रदर्शन किया गया। सोमवार को राष्ट्रीय वंदना चौक पर हिंदू संगठनों और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का पुतला फूंका।

प्रदर्शन करते हुए लोगों ने बांग्लादेश सरकार पर हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि यदि सरकार स्थिति को नियंत्रित नहीं कर सकती तो प्रधानमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने भारत के प्रधानमंत्री से बांग्लादेश के हालात पर कड़ा रुख अपनाने और वहां की सरकार को सबक सिखाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि हिंदुओं पर अत्याचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने भी इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं, जबकि वहां की सरकार निष्क्रिय है। उन्होंने (हिंदुस्तान जिंदाबाद) और (बांग्लादेश सरकार मुर्दाबाद) के नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने भारत के प्रधानमंत्री से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को तुरंत रोकने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है, जबकि बांग्लादेश में कट्टरता साफ झलक रही है, जिस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।







# बावरिया गैंग के दो इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। बिनौली थाना पुलिस ने बरनावा गांव के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद 25-25 हजार रुपये के दो इनामी बावरिया गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ये बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। इसके अलावा, उनके पास से सोने-चांदी के आभूषण और 16 हजार रुपये नकद भी मिले हैं। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान प्रदीप और मोंटू के रूप में हुई है, जो हापुड़ जनपद के निवासी हैं। अभियुक्त प्रदीप पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी सूरज राय ने बताया कि बावरिया गैंग के इन दो सदस्यों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। पूरे मामले में बिनौली थाने पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घायल बदमाशों का अस्पताल में उपचार जारी है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# ठंड बनी जानलेवा, आवारा गौवंश की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पूरनपुर नवादा गांव में सोमवार सुबह कड़ाके की ठंड के चलते एक आवारा गोवंश की मौत हो गई। सुबह गांव के बाहर गोवंश मृत अवस्था में पड़ा मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। सूचना मिलने पर गांव के लोगों ने आपसी सहयोग से जेसीबी मंगवाकर गोवंश का अंतिम संस्कार कराया।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बढ़ती ठंड के बावजूद आवारा गोवंशों के लिए ठहरने और बचाव की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ठंड के मौसम में गोवंशों के लिए आश्रय, चारे और अन्य आवश्यक इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



# बड़का गांव में तालाब की सफाई का कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बड़का गांव में आखिरकार अधिकारियों ने तालाब की सफाई करने का निर्णय ले लिया है। बड़का गांव में तालाब की सफाई कूड़ा कचरा हटाने की मांग को लेकर एडवोकेट आनंद कश्यप ने तालाब के अंदर कूद कर जल समाधि लेने का निर्णय लिया था। उनके द्वारा लिए गए निर्णय को देखते हुए आखिर शासन प्रशासन जाग गया है। सोमवार से तहसील परिसर में एडवोकेट आनंद कश्यप ने अनिश्चितकालीन धरना तहसील परिसर में देने की घोषणा की थी। उनकी घोषणा से प्रशासन हरकत में आया आखिरकार जेसीबी लगाकर अधिकारियों ने तालाब की सफाई शुरू करी थी। कूड़ा कचरा भी हटवाना शुरू कर दिया गया है आखिर ग्राम वासियों की मेहनत रंग लेकर आई गई समाजसेवी एडवोकेट आनंद कश्यप ने कहा कि आखिरकार प्रशासन को अपना निर्णय काम करना ही पड़ा अब तालाब की सफाई शुरू हो गई है। सभी ग्राम वासियों ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



## एक नजर

### सीएनजी की कीमत 2.50 रुपये व पीएनजी की कीमत 2 रुपये हुई कम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा एकीकृत शुल्क में संशोधन के बाद थिंक गैस ने उत्तर प्रदेश में पीएनजी और सीएनजी के मूल्यों में कटौती की घोषणा की है जिससे इस क्षेत्र में परिवारों के लिए स्वच्छ कुकिंग एवं परिवहन ईंधन कहीं अधिक किफायती हो जाएगा। संशोधित कीमतें 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होंगी।

संशोधित शुल्क लागू होने से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) की कीमतें 2 रुपये प्रति एससीएम घटकर 44 रुपये प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एससीएम) पर आ जाएंगी। कीमतों में कमी से परिवारों को अधिक बचत होगी और प्रतिदिन खाना पकाना अधिक किफायती हो जाएगा। शुल्क की नई रूपरेखा के तहत उत्तर प्रदेश में सीएनजी की कीमतें भी घटेंगी जिससे रोजाना दफ्तर, दुकान आने जाने वालों, ऑटो ड्राइवरों, टैक्सी ऑपरेटरों और सार्वजनिक परिवहन के ऑपरेटरों को लाभ होगा। संशोधित मूल्य निर्धारण के तहत सीएनजी 81.95 रुपये प्रति किलोग्राम पर उपलब्ध होगी जिससे मूल्य में कटौती का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को सुनिश्चित होगा। थिंक गैस के चीफ मार्केटिंग एवं कॉमर्शियल ऑफिसर विनुकुमार बालकृष्णन ने कहा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड द्वारा एकीककृत शुल्क संशोधन से हम उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य उपलब्ध करा सकेंगे। इससे परिवारों को कहीं अधिक कुशलता से खाना पकाने का खर्च संभालने में मदद मिलेगी और सीएनजी यूज़र्स को ईंधन पर अधिक बचत होगी।

# जिले में बढ़ते नशे के कारोबार के खिलाफ डीएम से की सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला जाट महासभा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिले में बढ़ते नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

महासभा ने बागपत के डीएम अस्मित लाल को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि मेडिकल स्टोरों पर खुलेआम प्रतिबंधित नशीली दवाएं और इंजेक्शन बेचे जा रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि स्कूल और कॉलेजों के आसपास मॉडल शॉप्स खुलने से समाज में नशे की लत लगातार बढ़ रही है। महासभा ने इन मामलों में अधिकारियों से गंभीरता से कार्रवाई करने का आग्रह किया। जिला जाट महासभा के कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे युवाओं को लगातार जागरूक कर रहे हैं और उन्हें नशे से दूर रहने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से भी खुले में हो रहे नशे के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इस संबंध में बागपत के डीएम अस्मित लाल ने आश्वासन दिया कि सभी मामलों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां-जहां शिकायतें मिलेंगी, वहां जांच की जाएगी और किसी भी प्रतिबंधित दवा की बिक्री नहीं होने दी जाएगी।



# भाजपाइयों ने किया अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी समारोह को लेकर भाजपाइयों द्वारा अटल स्मृति सम्मेलन शहर के सम्राट पृथ्वीराज डिग्री कॉलेज में आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक मेरठ के चैयरमेन विमल शर्मा ने कहा कि अटल ने देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया, और तरक्की के नए रास्ते खोले। उन्होंने विदेशी दौरों पर भी देश के सम्मान की बात की। अटल बिहारी वाजपेई एक ऐसे नेता थे जिनका सम्मान न केवल भारत में बल्कि विश्वभर में किया जाता था। उन्होंने कहा अटल बिहारी वाजपेयी का करगिल युद्ध में महत्वपूर्ण प्रभाव था। उन्होंने 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए इस युद्ध के दौरान भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उनकी नेतृत्व क्षमता और दृढ़ निर्णय ने भारत को इस युद्ध में विजय दिलाई। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष सुदेश चौहान ने कहा कि अटल की विरासत को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य गांवों को सड़कों से जोड़ना था।

### माय भारत की विकास खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चमके ग्रामीण खिलाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्रामीण अंचल के युवाओं में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और फिट इंडिया मूवमेंट को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय, भारत सरकार की पहल माय भारत के तत्वावधान में श्री नेहरू इंटर कॉलेज, पिलाना के खेल मैदान में विकास खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बिनौली एवं पिलाना विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों और युवा क्लबों से आए खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और खेल के माध्यम से स्वस्थ भारत के निर्माण के संदेश के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जय किशोर, रालोद जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर, पूर्व मंत्री कुलदीप उज्ज्वल, जिला पंचायत सदस्य संजय तथा श्री नेहरू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.सत्यवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करते हैं, जो राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। जिला युवा अधिकारी डा.योगेश कुमार ने कहा कि माय भारत के माध्यम से युवाओं को खेल, स्वयंसेवा और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फिट इंडिया अभियान का मूल उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को सक्रिय, स्वस्थ और जागरूक बनाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल अवसर और मार्गदर्शन की। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ने की दिशा देती हैं। प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स एवं टीम खेलों की विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। 200 मीटर बालिका दौड़ में शिखा ने प्रथम, कीर्ति ने द्वितीय और अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक बालिका वर्ग में निशा त्यागी प्रथम, साक्षी द्वितीय और पारुल तृतीय स्थान पर रहीं। 1600 मीटर बालक वर्ग दौड़ में विशाल ने प्रथम, तुषार ने द्वितीय और यश ने तृतीय स्थान हासिल किया। लंबी कूद बालक वर्ग में वंशित प्रथम, साहिल द्वितीय और आर्यन तृतीय रहे। टीम खेलों में भी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पलड़ा यूथ क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ढिकौली यूथ क्लब उपविजेता रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में घटौली यूथ क्लब विजेता बना और पिलाना यूथ क्लब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खेल मैदान पर दर्शकों की तालियों और खिलाड़ियों के जोश ने आयोजन को उत्सव का रूप दे दिया।

कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं युवाओं को फिट इंडिया शपथ 'भी दिलाई गई, जिसमें नियमित व्यायाम, खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा नशामुक्त और अनुशासित जीवन अपनाने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें युवाओं ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया। अतिथियों ने युवाओं से मोबाइल की लत और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहते हुए खेलों को अपनाने की अपील की। समापन अवसर पर विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भविष्य में जिला एवं जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने पर भी चर्चा की गई। आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवक प्रशांत, अनुज ढाका, रोहित सांगवान, अर्जुन त्यागी सहित अन्य स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि खेलों के माध्यम से स्वस्थ, अनुशासित और आत्मनिर्भर युवा भारत का निर्माण संभव है।

# बुधवार अवकाश को लेकर दिया भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में लगातार लंबे समय से बडौत श्रमिक बुधवार अवकाश की मांग करते आ रहे हैं। इसको लेकर लगातार कई बार धरने प्रदर्शन श्रमिकों द्वारा तहसील परिसर में किए गए। श्रमिकों ने नगर में शहर की मार्केट बंद करते हुए हंगामा प्रदर्शन तक भी किया। मगर आज तक उनकी मांगे पूरी नहीं हुई फिर अभी भी लगातार अपनी मांगों को लेकर श्रमिक ज्ञापन सौंपने का काम कर रहे हैं। श्रमिकों ने एसडीएम से लेकर उपमुख्यमंत्री तक अपने ज्ञापन सौपे मगर उनकी समस्याओं का आज तक भी कोई समाधान नहीं हो पाया। उन्होंने नवनियुक्त भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को भी बुधवार अवकाश की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। अब आने वाला वक्त बताएगा कि उनकी मांग कब पूरी होगी। बड़ौत श्रमिक एसोशिएशन बागपत ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को ज्ञापन सौंपा। बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करा कर श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश दिलाने की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष प्रवीण वर्मा भाजपा नगर बड़ौत उपाध्यक्ष राजगोपाल कश्यप, मनोज कश्यप सोहन, रवी आदी थे। प्रशासन को चेतावनी दी की वो धरना प्रदर्शन करेगे।



# ऋण देने में ना की जाए किसी तरह की कोई लापरवाही:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कैनरा बैंक आर-सेटी बागपत की वित्तीय वर्ष 2025-26 की बैठक एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति (DLCC) की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न बैंकों के अधिकारी, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि एवं आर- सेटी के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इन योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचना चाहिए। जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया की बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ आए जो सरकार की योजनाएं हैं। उनका लाभ अंतिम पत्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। ऋण देने में किसी तरह की कोई लापरवाही ना की जाए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी किसानों को कृषि फसल बीमा योजना से जोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लंबित ऋण प्रकरणों/पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण कर पात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वरोजगार, आजीविका संवर्धन एवं वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न की जाए तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों, ऋण वितरण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर अभय सिंह जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी ने की जिला बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जिला बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय योजनाओं, शैक्षिक गुणवत्ता, नामांकन, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, शिक्षक उपस्थिति, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की।

साथ ही जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुसार स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, बाउंड्रीवाल, कक्षाओं की मरम्मत आदि सुविधाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पहुंचाया जाए। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए बच्चों को दिल्ली के मुख्य अच्छे स्थलों पर घुमाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें।

# नितिन पहलवान और हैप्पी के बीच हुई 11 हजार की कुश्ती बराबरी पर छुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव मे हर माह आयोजित दगंल का आयोजन किया गया जिसमें क्षैंत्र के सैकड़ों लोगो ने दंगल का लुफ्त उठाया और पहलवानों को आशीर्वाद दिया।

ढिकोली गांव मे हर माह एक दंगल का आयोजन किया जाता है जिससे क्षैंत्र में पहलावनी का जज्बा बना रहे और कुश्ती लोगो का मनोरंजन के साथ साथ देश के लिए पहलवान तैयार किया जा सके। दंगल में उज्जवल पहलवान ढिकोली और काला पहलवान के बीच कुश्ती हुई जो बराबरी पर छुटी। उसके बाद रोबिन ढिकोली और शमशाद बागपत के बीच कुश्ती हुई जिसमे रोबिन विजेता रहा उसके बाद 5100 रूपये की कुश्ती रिहान लोनी और काले सैदपुर के बीच हुई जिसमे काले विजेता रहा 11 हजार की कुश्ती जितेन्द्र पहलवान और सुभम पहलवान सहारनपुर के बीच हुई, जिसमें जितेन्द्र ढिकोली ने कुश्ती जीती। वही भारत गुर्जर पहलवान और कातिया के बीच कुश्ती बराबर पर छुटी उज्जवल डगरपुर व काले पहलवान ब्राह्मण पुठी के बीच हुई जिसमे काले ने कुश्ती जीती। 11 हजार की कुश्ती नितिन पहलवान जावली और हैप्पी खेकड़ा के बीच बराबरी पर छुटी दगंल मे रेफरी की भूमिका बिटू पहलवान ने निभाई। वही ग्रामीणों ने सहयोग किया।



# बिलासपुर में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास खण्ड बिलासपुर ग्राम पंचायत हामिदनगर के ग्राम सिहोर में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख बिलासपुर कुलवन्त सिंह औलख की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में तकनीकी जानकारी हेतु स्टॉल भी लगवाए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग का शिविर भी लगा जिस पर कुछ लोगों द्वारा रक्तदान भी किया गया। ब्लॉक प्रमुख बिलासपुर द्वारा कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताया गई रीति के अनुसार खेती करने हेतु कृषि विभाग की ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशालाओं के माध्यम से विभाग में संचालित योजनाओं व कृषि की उन्नत तकनीकी जानकारी देने की सराहना की। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह द्वारा बताया गया कि खेती की बात खेत पर थीम पर आधारित जनपद की 245 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठियोंधकिसान पाठशालाओं का आयोजन किया जा रहा है साथ ही उनके द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं उनमें देय सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जनपद के 80 प्रतिशत कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी हैं तथा जिन किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है वह भी अतिशीघ्र फार्मर रजिस्ट्री करा लें। उनके द्वारा किसानों से सब्जियों, फलों, फूलों इत्यादि की खेती करने और सब्जियों में कम क्षमता वाली कीटनाशी रसायनों का प्रयोग करने हेतु आहवान किया गया। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा द्वारा बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज व कीटनाशक उपलब्ध है। कृषक साठा धान न लगाए तथा इसके स्थान पर मक्का की खेती करें। जनपद के समस्त बीज भण्डारों पर अच्छी कम्पनियों का गुणवत्तायुक्त मक्का का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरण कराया जाएगा।

भूमि संरक्षण अधिकारी डा।भगवत सरन द्वारा खेत तालाब, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ढचा बीज, कृषि यंत्रों के प्रकार एवं उन पर देय अनुदान के बारे में विस्तार से बताया गया।

अधीक्षक राजकीय उद्यान अजय कुमार द्वारा उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं, उनमें आवेदन करने का तरीका, पात्रता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि इन योजनाओं के अन्तर्गत ड्रिप इरीगेशन इत्यादि पर बड़े किसानों को 80 प्रतिशत तथा लघु व सीमान्त किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था है। खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर पियूष वर्मा द्वारा कृषि अधिकारीधविशेषज्ञों व कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताया गई रीति के अनुसार खेती करने तथा उनके अनुसार अपनी खेती में संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें।

कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा डा। अनुज बंशल द्वारा रबी फसलों में लगने वाले कीटध्रोगों की पहचान व उनके नियंत्रण, बीज शोधन, सूक्ष्म पोषक तत्व प्रबन्धन, गेहूं की फसल पर कोहरे से पड़ने वाले प्रभाव, ट्राइकोडर्मा का प्रयोग के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञ बलविन्दर सिंह मल्ली द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 तक सभी कृषक अपनी रबी फसलों का बीमा करा सकते है तथा फसलवार प्रीमियम की राशि, योजना के अन्तर्गत बीमा कराने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। फसलों में यूरिया के प्रयोग, भूमि में घट रहे कार्बन की मात्रा को बढ़ाने, मटर की फसल में लग रही सूण्डी की पहचान कर उसके नियंत्रण हेतु विस्तार से जानक. ारी दी गई। कार्यक्रम में एसडीओ फोरेस्ट ओम प्रकाश, ग्राम प्रधान सुखदेव सिंह तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों/कृषि विशेषज्ञों सहित कृषकगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो अत्याचारों के खिलाफ, पुतला जलाकर जताया विरोध

■ **विश्व हिंदू महासंघ ने की बांग्लादेश को ब्लैक लिस्ट करने की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बांग्लादेश देश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा बांग्लादेश का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। इस मौके पर बांग्लादेश के ब्लैक लिस्ट करने की प्रधानमंत्री से मांग की विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र होकर जुलूस की शक्ल में नगर के तीन वत्ती चौराहा पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश का पुतला दहन किया इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष राहुल पांडे ने कहा कि एक ओर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेखघ हसीना को देश छोड़कर आने पर भारत में सम्मान शरण दी जाती है तो वहीं बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं का खुलेआम कत्लेआम किया जा रहा उनको जिन्दा जलाया है जो कि निंदनीय है। जब इस प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं तो दिल दहल जाता है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करते हैं कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के विश्व पटल पर आवाज उठा कर बांग्लादेश ब्लैक लिस्ट किया जाएं जिससे कि अति शीघ्र हिन्दुओं पर अत्याचार बन्द हों, क्योंकि पूरे देश का हिन्दू आपके साथ है और वह आपसे उम्मीद भी लगाए बैठा है कि आप हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को अति शीघ्र रोकने हेतु सफल प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी जीतू पांडे, जिला संयोजक दर्शनानंद महाराज, जिला उपाध्यक्ष विकास पांडे, टिंकू शर्मा टिंकू शर्मा आकाश सागर,आकाश सागर, डॉ वैभव अग्रवाल, नगर अध्यक्ष, नगर उपाध्यक्ष, रिंकू पांडे,अंकित पांडे, सुमित पांडे, अरविंद, अतुल, संदीप, अनुराग, विक्की करन सागर आदि थे।

# कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस नगर के मोहल्ला मस्जिद खाम स्थित पार्टी कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया गया।

नगर अध्यक्ष फिरासत अली,जिला महासचिव फुरकान इरफानी, नगर उपाध्यक्ष मो।माज ने कांग्रेस की स्थापना और देश के लिए पार्टी के योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने ए वचन लिया है,हमें साथ मिलकर कांग्रेस की सोच और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। सभी को सामाजिक न्याय दिलाकर, खुशहाल हिंदुस्तान बनाना है। इस अवसर पर निजाम कुरैशी नगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस, मास्टर नजाकत,हाफिज वदूद, मो.असलम, नोमान इरफानी, शहादत अली, मो. राशिद, अफसर अली आदि लोग मौजूद रहे।

# आई.आई.ए. ने नव वर्ष स्वागत का जश्न मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर चौप्टर ने 2025 की विदाई एवं 2026 के स्वागत में एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नैनीताल से आमंत्रित बैंड ने सदस्यों का मनोरंजन किया।

इस अवसर पर आई आई ए की जनरल बॉडी मीटिंग भी आयोजित की गई मीटिंग में आई आई ए के चेयरमैन श गुप्ता ने वाराणसी में आयोजित टूरिज्म फेयर की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं लखनऊ में 16 से 18 जनवरी को आयोजित होने जा रही आगामी इंडिया फूड एक्सपो के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने फूड ,फ्रोजेन वेज आदि के छेत्र में कार्यरत उद्यमियों से अनुरोध किया कि वोह इस आयोजन मे भाग लें ओर आई आई ए द्वारा आयोजित इस एक्सपो में अपने उत्पाद का प्रदर्शन करें। सचिब मनोज गर्ग ने सभी उद्यमियों से औद्योगिक समस्याएं प्राप्त की ओर उन्हें आगामी उद्योग बंधु की मीटिंग में रखने का भरोसा दिया। मीटिंग में 2 नए सदस्यों का पिन लगाकर स्वागत किया गया। मीटिंग में अनुज गुप्ता ने राइस मिलर की समस्या को प्रमुख सचिव के सम्मुख रखने पर आई आई ए का आभार जताया। मीटिंग में निर्यातक एस के गुप्ता, एस के अग्रवाल, निक्की जॉली ,रमेश अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, मनोज गुप्ता, उमेश अग्रवाल, किशन गुप्ता, सुशील गुप्ता, राजू गुप्ता ,व्योम वार्ष्णेय,जितेंद्र जैन,सरदार हरजिंदर सिंह,संजय अग्रवाल,अंकित अग्रवाल,नरेश सिंघल,दिलीप रस्तोगी, विनीत रस्तोगी,तुषार गुप्ता, अमित सहगल , मनोज गुप्ता,डॉ वी बी शर्मा, संचित अग्रवाल,पीयूष अग्रवाल,सचिन अग्रवाल, आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# बाइक और पिकअप की टक्कर,बाइक सवार घायल,दो की हालत गम्भीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर के रामपुर मार्ग पर ढक्का नगलिया तिराहे पर स्थित एटी इंटर कॉलेज के पास बाइक और पिकअप की टक्कर में बाइक सवार दो भाई गम्भीर रूप से घायल हो गए।दोनों को स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।जबकि तीसरे साथी को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।तीनों युवक नगर से बाइक द्वारा वलीमे की दावत खाकर रामपुर मार्ग स्थित एक मैरिज हॉल से आ रहे थे।

नगर के मोहल्ला हाजीपुरा निवासी एक युवक की शनिवार को शादी हुई थी,जिसका रविवार की शाम वलीमा था।वलीमे का इंतिजाम रामपुर मार्ग स्थित व्हील्स इंडिया फैक्टरी के पास एक मैरिज हॉल में किया गया था।मोहल्ला यूसुफ चोक निवासी शफीक के दो बेटे सलमान18 वर्ष व शादान 10 वर्षअपने चचेरे भाई शाद15 वर्ष पुत्र शकील के साथ शाम 7 बजे बाइक पर सवार होकर वलीमे की दावत खाने गए थे।बताते हैं कि जब वे दावत खाकर वापस लौट रहे थे, तब ढक्का नगलिया तिराहे पर एटी इंटर कॉलेज के पास पहुंचे तो उनकी बाइक की पिकअप से जोरदार टक्कर हो गई।दुर्घटना में बाइक सवार सलमान और उसके छोटे भाई शादान के गम्भीर चोटें आई हैं।

दोनों भाई सिर में लगी गम्भीर चोट के कारण बेहोश हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को स्थानीय सीएचसी लाया गया।जहां सलमान और शादान की हालत नाजुक होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जबकि शाद को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। हालांकि बाद में उसकी हालत भी खराब होने पर परिजन उसे भी मुरादाबाद स्थित हायर सेंटर ले गए।सूचना पर अस्पताल में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने पिकअपद्ध,छोटे हाथीऋ को कब्जे में लेकर मंडी समिति परिसर में खड़ा करा दिया है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न-दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु निर्देश जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सु.ढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने शीत ऋतु के दौरान कोहरे की संभावित स्थिति को देखते हुए एनएचआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर प्राथमिकता के आधार पर सड़क के दोनों ओर रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड एवं चेतावनी संकेतक लगाए जाएं। साथ ही टोल प्लाजा पर निरन्तर एनाउंसमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे वाहन चालकों को समय रहते सतर्क किया जा सके।

उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों पर टेबल-टॉप ब्रेकर एवं अन्य सुरक्षा उपाय तत्काल कराने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था, ब्लिंकर लाइट एवं संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। एनएचएआई अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ स्थानों पर अवैध कट बनाए गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी यातायात को निर्देशित किया कि ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में 112 पेट्रोल पंपों की जांच की गई, जिनमें अनियमितता पाए जाने पर कुल रूपये 45,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

बैठक में एआरटीओ द्वारा यह जानक. ारी दी गई कि जनवरी से नवम्बर माह तक ओवरस्पीडिंग के 2407, बिना हेलमेट 8190, बिना सीट बेल्ट 2421, रॉन्ग साइड 595, ओवरलोडिंग के 908 प्रकरणों में चालान किए गए हैं तथा 824 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। वहीं पुलिस विभाग द्वारा बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर 10,849 चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक ने शिक्षा विभाग एवं एआरटीओ को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक, जागरूकता अभियान एवं विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। बैठक में सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उद्योग व्यापार मंडल की बैठक आहूत की गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल स्वार के नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने अपनी दुकान पर अपने पदाधिकारी के साथ बैठक की जिसमें अध्यक्ष अनवर अली ने बताया की नगर में बिजली की व्यवस्था बहुत अधिक स्तर पर चरमराई हुई है जिससे स्वार के व्यापारी आम जनता और आरा मशीन कनेक्शन वाले सभी लोग बुरी तरह से प्रभावित हैं दिन में कई कई घंटे लाइट का गुल हो जाना कारोबार पर बहुत असर डाल रहा है उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का बिजली विभाग से अनुरोध है की लाइट व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए ताकि कारोबार और व्यापारियों का नुकसान ना हो सर्दी के मौसम में बिजली व्यवस्था इतनी चरमराई हुई है आने वाले गर्मी के मौसम में स्वार की बिजली व्यवस्था कैसे दुरुस्त हो सकती है जो लाइन जो तारे सर्दी के मौसम में सही तरीके से नहीं चल पा रही हैं उन लाइनों का उन तारों का गर्मी के मौसम में क्या हाल होगा और स्वार नगर के बिजली व्यवस्था का क्या हाल होगा यह सोचने को मजबूर है।

स्वार का व्यापारी और आम जनता क्या होगा व्यापार मंडल का एक बार फिर विद्युत विभाग के उच्च अधिका. रियों से अनुरोध है कि वह स्वार की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करें और आने वाले गर्मी के मौसम का भी कुछ समाधान करें।

इस मौके पर मौजूद नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष हाशिम शान, महासचिव मुशर्रफ अली, फुरकान अली, भूरा भाई मोहब्बे भाई आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बाईक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक रामपुर।** नगर के बिलासपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के निकट नगर मिलक के किसी अज्ञात वाहन ने 35 वर्षीय बाइक सवार युवक कुंव. रपाल पुत्र जोगराज निवासी ग्राम चिड़िया खेड़ा थाना कैमरी तहसील बिलासपुर जनपद रामपुर कुंवर पाल अपनी बाइक से अपनी ससुराल को गांव समसपुर थाना मीरगंज जनपद बरेली को जा रहे थे।

नगर के बिलासपुर रोड मिलक स्थित पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और यह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से इन्हें 108 एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# धोखाधड़ी से प्राप्त की गई धनराशि 20 हजार साइबर क्राइम द्वारा आवेदक के बैंक खाते में वापस कराए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शिकायतकर्ता से साथ कुछ अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप पर चौट के माध्यम से टेलीग्राम पर जोड़ने के पश्चात लिंक भेजकर ट्रेडिंग मार्केट में पैसा इन्वेस्ट करने का झांसा देकर धनरा. शि 786450- ट्रान्सफर करा ली गई। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत की गई थी। पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम व साइबर अपराध के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान द्वारा साइबर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल ऑफिसर साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में उक्त प्रकरण में थाना साइबर क्राइम जनपद रामपुर द्वारा तकनीकी सहायक के माध्यम से तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए आवेदक की धोखाधडी की गई धनराशि 20000- रूपए वापस कराई गई तथा शेष धनराशि वापस कराए जाने के अथक प्रयास किया जा रहा है। उक्त बरामदगी एवं सराहनीय कार्य के लिए आवेदक द्वारा रामपुर पुलिस का आभार प्रकट किया गया। निश्चित ही थाना साइबर क्राइम रामपुर की इस कार्यवाही से जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास स.ढ हुआ है। आवेदक को यह भी बताया गया कि प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें । साइबर फ्राडध्धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर पोर्टल पर शिकायत करें या 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं । बरामदगी का विवरण धनराशि- 20000६- द्ध बीस हजार रूपए जांच अधिकारी ६ बरामदगी करने वाली टीम का विवरण प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम रामपुर हैड कांस्टेबल 383 राहुल सिंह रहे।

# मिशन शक्ति केन्द्र, थाना भोट ने महिला संबंधी विवाद में निभाई अहम भूमिका

■ **पारिवारिक मतभेद हुआ समाप्त, टूटा नहीं परिवार, साथ रहने का लिया संकल्प**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान 5।0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सु.ढ़ बनाने हेतु मिशन शक्ति केन्द्र, थाना भोट लगातार प्रभावी कार्य कर रहा है। इसी क्रम में मिशन शक्ति केन्द्र पर महिला उप निरीक्षक सृष्टि चौधरी, हेड कांस्टेबल 1008 रिंकू चौधरी, महिला कांस्टेबल 582 स्वाति भिवानिया थाना भोट रामपुर द्वारा एक महिला संबंधी प्रकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

आवेदिका निवासी किशनपुर पनचक्की थाना भोट, जिला रामपुर, द्वारा पति द्वारा घरेलू बातों को लेकर मन मुटाव व लड़ाई झगड़ा की शिकायत दर्ज कराई गई थी । प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर महिला उप निरीक्षक सृष्टि चौधरी, हेड कांस्टेबल 1008 रिंकू चौधरी, महिला कांस्टेबल 582 स्वाति भिवानिया द्वारा दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र, थाना भोट पर बुलाकर विस्तृत काउंसलिंग कराई गई ।

काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों के बीच आपसी मतभेद का सौहार्दपूर्ण समाधान निकला तथा दोनों ने वैवाहिक जीवन को आगे भी साथ-साथ निभाने पर सहमति व्यक्त की । मिशन शक्ति टीम के प्रयासों से पारिवारिक

विवाद समाप्त हुआ और एक परिवार टूटने से बच गया ।

# हत्या में वांछित इनामी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्या में वांछित 25000 का इनामी अभियुक्त को ग्राम हरैया शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया।

5 अक्टूबर 2025 को आशा निवा. सिनी ग्राम सैंौली थाना मिलक जनपद रामपुर ने कोतवाली में तहरीर दी थी जिसमें लिखा था। कि गांव के वीरेंद्र के द्वारा मेरे पुत्र ललित के साथ गाली गलौच व मारपीट करना तथा मेरे पुत्र ललित के ऊपर पेट्रोल डालकर जान से मारने की नीयत से आग लगा दी जिससे मेरा पुत्र ललित गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में महिला की तहरीर पर गांव के आरोपी वीरेंद्र के खिलाफ गंभीर धारा में रिपोर्ट दर्ज हुई उपरोक्त मुकदमे में फरार चल रहा आरोपी वीरेंद्र पुत्र भगवत शरन निवासी ग्राम सैंडोली थाना मिलक जनपद रामपुर को मिलक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हरैया शिव मंदिर के पास गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह, निरीक्षक अपराध राघवेंद्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल योगेश शर्मा, कांस्टेबल अंकुश कुमार आदि के द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# डीएम ने शीतलहर से बचाव हेतु जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने अपने नियमित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान दूरदराज से आए असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमंद नागरिकों को शीतलहर से बचाव हेतु कंबल वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कोई भी पात्र व्यक्ति ठंड के कारण असुविधा का शिकार न हो, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में निरंतर चलाए जा रहे राहत कार्यों के अंतर्गत अब तक तहसील सदर में 1573, स्वार में 909, टाण्डा में 791, मिलक में 909, बिलासपुर में 1000 तथा शाहबाद में 989 कंबलों का वितरण किया जा चुका है। इस प्रकार कुल 6171 जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु कंबल उपलब्ध कराए गए हैं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीतलहर के .ष्टिगत निरंतर सर्वे करते हुए पात्र व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए तथा किसी भी जरूरतमंद को सहायता से वंचित न रहने दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन जनसेवा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जरूरतमंदों तक राहत सामग्री पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 977 वाहनों की जांच, तीन वाहनों पर की गई चालान की कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कठोर प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने अभियान की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे अभियानों को निरंतर जारी रखते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

28 दिसम्बर 2025 को जनपद की सभी तहसीलों के अंतर्गत प्रमुख चौराहों पर कुल 09 चेक-प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 977 वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान परिवहन नियमों के उल्लंघन के मामलों में ए.आर.टी.ओ.द्वारा 03 वाहनों के विरुद्ध प्रति वाहन 05-05 हजार रूपये के चालान की कार्रवाई की गई।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.,**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर**

**ई-निविदा सूचना** **दिनांक:**-29.12.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 28/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खण्ड (तकनीकी), रामपुर के कार्यक्षेत्रों में 24X7 विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिये 04 नग वाहन मय ड्राईवर, डीजल सहित उपलब्ध कराने का कार्य।
प्रपत्र शुल्क रू. 5900.00, धरोहर राशि-निविदा प्रपत्र देखें।

ई-निविदा की अंतिम तिथि: 13.01.2026 11:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**अधीक्षण अभियंता**
**विविमं, रामपुर**

# नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर करें सख्त कार्रवाई: डीएम

## जिला स्तरीय एनकॉड समिति की हुई बैठक, विभागीय समन्वय बढ़ाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारियों सहित आबकारी विभाग, एनसीबी, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, खाद्य सुरक्षा, औषधि विभाग, क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।



बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा सख्त एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान गत माह में संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की गई और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित दवा फैक्ट्रियों एवं मेडिकल स्टोरों पर निरंतर निरीक्षण किया जाए तथा दवाओं में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की मिलावट को रोकने के लिए नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने औषधि विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई भी मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के संचालित पाया जाता है तो उसे तत्काल सील कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सभी संबंधित पुलिस क्षेत्राधिका. रियों को निर्देश दिए कि ड्रग्स के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।

बैठक में अपर जिलाधिक. ारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# पुलिस व गोकशों के बीच मुठभेड़ में चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस की रविवार देर रात गोकश बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोकश बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि पुलिस ने घायल सहित कुल चार बदमाशों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक प्रतिबंधित जीवित पशु, अवैध हथियार, जिंदा व खोखा कारतूस, एक सुपर स्प्लेंडर बाइक तथा पशु कटान के उपकरण बरामद किए हैं। गढ़मुक्तेश्वर सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव अल्लाहबख्शपुर में नाले के किनारे ईख के खेत में कुछ गोकश बदमाश गोकशी की फिराक में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगे। जब पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आकिल पुत्र सलीम, निवासी मोहल्ला झंडे वाला, मीरा की रेती, थाना गढ़मुक्तेश्वर वर्तमान पतारू मोहम्मदाबाद, थाना गजरौला, जनपद अमरोहा के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। इसके अलावा पुलिस ने उसके अन्य साथियों नदीम पुत्र सलीम, जैद पुत्र ताहिर को मौके से दबोच लिया। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार सभी बदमाशों के आपराधिक इतिहास की गहन जांच की जा रही है। मामले में संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संच. ालित 50 लाख रुपये से अधिक एवं 50 लाख रुपये से कम लागत वाले निर्माण कार्यों तथा सीएम डैशबोर्ड की प्रगति को लेकर जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर उन्हें पूर्ण कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 50 लाख रुपये से अधिक लागत की प्रमुख परियोजनाओं में राजकीय महिला महाविद्यालय धौलाना, गौ संरक्षण केंद्र धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर में ब्रजघाट निर्माण एवं आईटीआई से संबंधित कार्य शामिल हैं। समीक्षा के दौरान आईटीआई के निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कर शीघ्र संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में चल रहे सभी निर्माण कार्यों को मानक व गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। कार्यदाई संस्थाएं एवं विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराएं। 50 लाख रुपये से कम लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान बाल विकास परियोजना कार्यालय गढ़मुक्तेश्वर, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कॉलेज तथा अन्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। सीडीओ ने अधिकारियों को प्रभावी रणनीति बनाकर लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान जिन विभागों की रैंक सी, डी व ई श्रेणी में पाई गई, उन पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर डाटा फीडिंग सही व समय पर की जाए, जिससे जनपद की रैंक प्रभावित न हो। साथ ही आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व खराब रैंक वाले विभागों को प्रोजेक्टवार सुधार करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का डाटा समय से पोर्टल पर फीड कराया जाए। बैठक में संबंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर हुड़दंग व अवैध पार्टियॉ करने पर होगी सख्त कार्रवाई: डीआईजी

## कानून व्यवस्था से खिलवाड़ अथवा किसी प्रकार की आपराधिक घटना को लेकर सभी जनपद प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नववर्ष के अवसर पर कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, हुड़दंग, अवैध पार्टियों, शराब के दुरुपयोग एवं किसी भी प्रकार की आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को कड़े एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीआईजी ने साफ शब्दों में कहा है कि नववर्ष के नाम पर किसी भी तरह की अराजकता, नियमविरुद्ध आयोजन अथवा कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

डीआईजी ने निर्देश दिए हैं कि नववर्ष की आड़ में किसी भी व्यक्ति या संस्था को बिना वैध लाइसेंस के पार्टी आयोजित करने की अनुमति न दी जाए। नववर्ष के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, व्हाट्सऐप आदि पर 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी अफवाह के फैलने पर तुरंत उसका खंडन किया जाएगा। सभी थानों को नववर्ष के लिए ड्यूटी चार्ट तैयार करने, पर्याप्त नाइट ड्यूटी लगाने और प्रमुख स्थलों पर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्वयं भ्रमण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात पुलिस द्वारा अलग से ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान बनाया जाएगा। प्रमुख मार्गों,



चौराहों, तिराहों, कटों और पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त यातायात कर्मी तैनात रहेंगे। नववर्ष कार्यक्रम स्थलों और मार्गों पर महिला सुरक्षा के दृष्टिगत महिला पुलिस बल की तैनाती, पिकेट और पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। होटल, रेस्टोरेंट, क्लब, फार्म-हाउस, मैरिज हॉल और पंडालों की अग्रिम चेकिंग कर क्षमता से अधिक भीड़ एकत्र न होने देने के निर्देश दिए गए हैं। डीआईजी ने ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी ने अंत में स्पष्ट किया कि नववर्ष को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और अनुशासित वातावरण में मनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# महिला व नाबालिग अपराधों पर सख्ती, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था व अभियोजन से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में अपराध नियंत्रण, अभियोजन की प्रगति तथा विशेष रूप से महिलाओं एवं नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने निर्देश दिए कि महिलाओं व बच्चों से जुड़े अपराधों में पीड़ितों को शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से दिलाया जाए। उन्होंने जिला प्रोब. ेशन अधिकारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित सहायता योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही, पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामलों में त्वरित जांच एवं प्रभावी पैरवी कर दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ठोस और जिम्मेदारी आधारित कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और अभियोजन कार्यों में गुणवत्ता लाना बैठक का मुख्य उद्देश्य है। दोषियों को समय पर सजा दिलाने से अपराधों में कमी आएगी और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। बैठक में अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार, सभी उप जिलाधिकारी, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।



# मारपीट के आरोपियों से परेशान परिवार पहुंचा कलेक्ट्रेट, आत्मदाह की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव अटूटा में बीते 23 दिसंबर को हुई मारपीट की घटना के बाद पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। पीड़ितों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता के चलते आरोपी खुलेआम धमकियां दे रहे हैं, जिससे परिवार पलायन को मजबूर हो गया है।

पीड़ित पीतम सिंह के मुताबिक 23 दिसंबर को गांव में राशन वितरण के लिए एक ट्रक आया था। इस दौरान ट्रक की चपेट में आकर बिजली की केबल टूट गई। जब उन्होंने इस संबंध में ट्रक चालक से आपत्ति जताई तो मामला बिगड़ गया। आरोप है कि चालक वीरेंद्र ने गाली-गलौज शुरू कर दी और बाद में अपने बेटे आर्यन, रोहित, चीनू सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर पीतम सिंह और उनकी पुत्रवधू पिंकी के साथ मारपीट की। घटना के बाद पीतम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन पीड़ित परिवार का कहना है कि इसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और गांव में रहने नहीं दे रहे। सोमवार को पीड़ित परिवार दिल्ली रोड स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचा और अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। परिवार ने चेतावनी दी कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो वह आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। पीड़ितों का कहना है कि गांव में कदम रखते ही उन्हें धमकाया जाता है, जिससे उनका सामान्य जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। फिलहाल मामला प्रशासनिक स्तर पर पहुंच चुका है और पीड़ित परिवार को अब उच्चाधिकारियों से न्याय की उम्मीद है।



### एक नजर

# शीतलहर और कड़ाके की सर्दी से ठिठुरे लोग, अलाव का सहारा

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** घने कोहरे और अत्यधिक ठंड ने रविवार और सोमवार को भी लोगों को बहुत परेशान किया। इस दौरान घर से बाहर निकलने वाले लोगों को और भी ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा। और ना ही पूरे दिन सूर्य देवता के दर्शन हो पाए, जिसके चलते ग्राहकों की कमी होने पर छोटे दुकानदारों की बिक्री भी प्रभावित हुई, लोग जगह-जगह सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे है, उधर हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई है, अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इन दिनों कोहरा और गलन लोगों को लगातार परेशान कर रही है। रविवार और सोमवार को अवकाश के बीच बच्चें और लोग घरों पर राहत तो महसूस करते रहे, लेकिन जो काम से निकले उनको मुश्किलें आती रहीं। हल्के-हल्के सूर्यदेव भी निकले, लेकिन धूप में कोई गर्मी नहीं होने से राहत नहीं मिली। लोगों को अलाव का सहारा लेकर सर्दी से निजात पाते हुए देखा गया। सड़कों पर भी वाहनों की रफ्तार थमती रही। वहीं आसमान से पानी की नन्हीं बूंदें गिरने से घर से बाहर निकले लोगों के अलावा दो पहिया वाहन चालकों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ गया। लोग गर्म कपड़ों में ही सारा दिन निकलते दिखाई दिए। जहाँ अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। घना कोहरा और गलन भरी सर्दी की वजह से लोग जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। जिसके चलते बाजार में ग्राहकों की आमद घटी रही। बाजार में तमाम दुकानदार ग्राहकों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन निराशा हाथ लगी। उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं से गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ क्षेत्र में जोरदार ठंड पड़ रही है। जिसके चलते लोग ठंड से बचने के लिए दिन में भी अलावा का सहारा ले रहे हैं। साथ ही नगर के लोग अन्य दुकानदार और व्यापारी भी अपने घर और दुकान के बाहर ठंड से राहत पाने के लिए आग जलाकर तापते हुए नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार विगत आने वाले दिनों में और भी ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना है।

# टोल हटाने व बाईपास-पुल निर्माण की मांग को लेकर आठवें दिन भी जारी रहा तहसील में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील परिसर में बृजघाट टोल प्लाजा को हटाने व बाईपास को स्याना चौराहे से निकालने तथा तिगरी पर गंगा पुल निर्माण की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को विभिन्न सामा. जिक, धार्मिक और किसान संगठनों का व्यापक समर्थन मिला और तहसील परिसर में आठवें दिन की धरना जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे संगठनों के पदाधिकारियों ने इसे जनहित का मुद्दा बताते हुए आंदोलन को आर-पार की लड़ाई तक ले जाने की घोषणा की।

इस दौरान समाजसेवी पंकज लोधी ने कहा कि यह आंदोलन आम जनता की समस्याओं से जुड़ा है और बृजघाट टोल लंबे समय से जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहा है। उन्होंने कहा कि बृजघाट टोल प्लाजा अपनी अवधि पूरी कर चुका है, इसे तुरंत हटाया जाना चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि गढ़मुक्तेश्वर की जनता पिछले 15 वर्षों से टाल दे रही है, जनता में आक्रोश व्याप्त है, इस दौरान महिलाएं भी एकत्रित होकर धरना स्थल पर पहुंची और धरने में समर्थन दिया। विश्व हिंदू राष्ट्र सेना के युवा प्रदेश अध्यक्ष मोंटी चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि नया बाईपास बनाकर गंगा पर नया पुल बनाया जाता है और उसके नाम पर टोल वसूली की समय सीमा बढ़ाई गई तो इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि स्याना चौराहे से बाईपास निकाले जाने पर ही जाम की समस्या का स्थायी समाधान संभव है। अन्य किसी मार्ग से बाईपास निकालने पर जाम खत्म नहीं होगा। उन्होंने भी जिलाधिकारी से संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को बुलाकर जनता को संतुष्ट करने की मांग की और इस दौरान आठवें दिन भी धरना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# दहेज हत्या में फरार ससुर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे नामजद हत्यारा. ेपी ससुर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से दबोच लिया है और उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी धीरज मालिक ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी कीरत सिंह उर्फ पप्पू पुत्र श्रीराम, निवासी ग्राम भदस्याना, थाना बहादुरगढ़, जनपद हापुड़ को उसके मकान से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी दहेज हत्या के एक मामले में नामजद था और घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था, लेकिन पुलिस की सतर्क निगरानी और सटीक सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करेगी। पुलिस का कहना है कि दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या जैसे जघन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# साहित्य महोत्सव का भव्य आयोजन, दो दिन तक साहित्य-संस्कृति का उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ब्रह्मा देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित हापुड़ साहित्य महोत्सव का दो दिवसीय साहित्यिक-सांस्कृतिक उत्सव 27 एवं 28 दिसंबर 2025 को अत्यंत गरिमा, वैचारिक ऊँचाई और व्यापक जनसहभागिता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन साहित्य, संस्कृति, कला और समाज के जीवंत संवाद का एक सशक्त मंच बनकर उभरा।



आयोजित समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की स्वामिनी स्वाति कृपाल ने की। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय रहे, जबकि सरस्वत अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे। फेस्टिवल डायरेक्टर महेश वर्मा एवं अध्यक्ष इंदुभूषण मित्तल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए साहित्यम महापर्व की अवधारणा, उद्देश्य और सामाजिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। अपने संबोधन में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि साहित्य समाज की संवेदनशील चेतना का आधार है और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भाषा, संस्कृति और रचनात्मकता से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनते हैं। पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने साहित्यम को जनपद के सांस्कृतिक इतिहास की एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उद्घाटन के उपरांत बनवासी कल्याण आश्रम की बालिकाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। दिन का समापन ब्रह्मशून्य बैंड की सजीव संगीत प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम के समापन दिवस पर साहित्यिक विमर्श और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का और अधिक विस्तार देखने को मिला। दीपशिखा फाउंडेशन द्वारा आयोजित पुस्तक परिचर्चा एवं सम्मान समारोह विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार धर्मपाल अकेला तथा चिंतक एवं संरक्षक डा. अशोक मैत्रेय को उनके साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए 25-25 हजार रूपये की सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। समापन वैलिडिक्टरी फंक्शन में मुख्य अतिथि एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, विशिष्ट अतिथि संजय खपाल विद्यालय संस्थापक तथा डा. सुनील त्यागी सीएमओ उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में साहित्यम के पार्टनर एवं मार्गदर्शक डा. श्याम कुमार का सहयोग अंत तक बना रहा। दो दिवसीय साहित्यम लिटफेस्ट के समापन पर यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरा कि यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि विचार, भाषा, संस्कृति और समाज को जोड़ने वाला एक सतत साहित्यिक आंदोलन है, जो आने वाले वर्षों में और अधिक व्यापक एवं प्रभावशाली स्वरूप लेगा।

# शोषित क्रांति दल ने फूंका बांग्लादेश के पीएम का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शोषित क्रांति दल के पदा. धिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मेरठ तिराहा स्थित डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ हो रहे कथित अत्याचारों और बिहार से जुड़ी एक विवादित घटना को लेकर रोष जताया गया।

कार्यकर्ताओं ने दोनों मुद्दों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पुलिस प्रशासन को सौंपा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला जलाने का प्रयास किया, तो मौके पर मौजूद पुलिस ने हस्तक्षेप किया। इसी बात को लेकर कुछ समय के लिए पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने पुतला अपने कब्जे में ले लिया, जिससे मुख्यमंत्री का पुतला दहन नहीं हो सका। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष केपी सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन वहां की सरकार उन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने भारत सरकार से इस मुद्दे पर कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री से जुड़ी घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उसकी कड़ी आलोचना की और इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया। शोषित क्रांति दल के अजब सिंह ने भी दोनों मामलों की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मोनू कुमार, रोहित कुमार, करण, विक्रांत, ईश्वर, मनीष, जयंत, सतीश आजाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का 141वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस पार्टी का 141वां स्थापना दिवस पिलखुआ में नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। राकेश त्यागी ने पार्टी कार्यालय पर ध्वजारोहण किया, जिसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और कांग्रेस ध्वज को सलामी दी गई। ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कांग्रेस पार्टी के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी की स्थापना लगभग 140 वर्ष पूर्व विदेशी नागरिक एओ ह्यूम द्वारा की गई थी। कांग्रेस पार्टी ने देश को कई प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय नेता दिए हैं, जिन्हें आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेंगी। कार्यक्रम में पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी ने कहा कि आजादी से लेकर अब तक देश ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हर दौर में देश को मजबूत नेतृत्व दिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर डा. मनमोहन सिंह तक कांग्रेस द्वारा दिए गए प्रधानमंत्रियों का योगदान देश के विकास में अतुलनीय रहा है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसजनों को स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश महासचिव विजय कुमार गोयल, पूर्व प्रदेश सचिव डा. शोएब, महराज सैफी, पूर्व सभासद मुंशी हबीब, अमरनाथ प्रधान, सतीश चंद त्यागी, विनोद शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, पवन कौशिक, अनूप कर्दम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे किए



10000 रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय व दुनिया की चौथी बल्लेबाजी बनी स्मृति मंधाना

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय तथा दुनिया की चौथी बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी-20 में हासिल की। मंधाना से पहले मिताली राज यह मुकाम हासिल कर चुकी हैं। मिताली राज 10868 रनों के साथ वह सबसे जडादा रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे हैं। सूजी बेट्स 10652 रन के साथ दूसरे और शार्लेट एडवर्ड्स 10273 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मांधना इस मुकाम तक पहुं. चने वाली सबसे तेज बल्लेबाज हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों की 281वीं पारी में 10 हजार रन पूरे किए। राज ने यह उपलब्धि 291 पारियों में हासिल की थी, जबकि एडवर्ड्स और बेट्स को ऐसा करने में क्रमशः 308 और 314 पारियां लगी थीं। श्रीलंका के खिलाफ चौथे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से पहले मंधाना इस आंकड़े से मात्र 27 रन दूर थीं और उन्होंने यह उपलब्धि बाएं हाथ की स्पिनर निमाशा मीपाजे की गेंद को लॉन्ग ऑन की दिशा में एक रन के लिए ड्राइव कर हासिल किया। मंधाना के लिए 2025 अब तक एक शानदार साल रहा है। भारत की विजई महिला विश्व कप अभियान के दौरान मंधाना एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार एकदिवसीय रन बनाने वाली पहली महिला बल्लेबाज बनी थीं। उन्होंने साल का अंत एकदिवसीय प्रारुप में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज के रूप में किया, जहां उन्होंने 1362 रन बनाए। वहीं दूसरे स्थान पर रहीं लॉरा वुलफार्ट ने 1174 रन बनाए थे। मंधाना ने इस साल पांच शतक भी लगाए, जिसकी बराबरी दक्षिण अफ्रीका की तेजमिन ब्रिट्स और लॉरा वुलफार्ट ने की। स्मृति मंधाना के इस साल 1660 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन हो गए हैं।

# आईसीसी ने मेलबर्न क्रिकेट मैदान की टेस्ट पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग दी

- **ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट दो दिन के अंदर समाप्त हो गया था इस कारण मेलबर्न ग्राउंड को एक डिमेरिट अंक मिला**



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की बॉक्सिग डे टेस्ट की पिच को 'अंसतोषजनक' रेटिंग दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ जेम्स ऑलसोप्प ने अपने बयान में कहा कि बहुत प्रशंसकों के पास तीसरे और चौथे दिन के टिकट थे और उसके अलावा लाखों प्रशंसक इस मैच के लिए उत्साहित थे लेकिन पिच के कारण यह दो दिन में ही समाप्त हो गया और यह निराशाजनक है।

पिछले कुछ सालों में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के स्टाफ ने बेहद शानदार टेस्ट पिच तैयार करके दी थी और हमें उम्मीद है कि अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले बॉक्सिग डे टेस्ट और मार्च 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट में बध्यिा पिच देखने को मिलेगी। आईसीसी ने पिच रेटिंग के लिए चार श्रेणी रखी है और इस मैदान की पिच को तीसरे स्थान 'अंसतोषजनक' श्रेणी में रखा गया है जिसमें पिच गेंदबाजों के लिए फायदेमंद रहती है और गेंद एवं बल्ले के बीच बराबर का मुकाबला देखने को नहीं मिलता। पिछले तीन बॉक्सिग डे टेस्ट में एमसीजी को 'सबसे बढ़िया' पिच की रेटिंग दी गई थी लेकिन इस बार मामला उलट गया। यह इस ऐशेज में दूसरा दो दिन वाला टेस्ट था और सीरीज के पहले तीन टेस्ट में जीत के बाद इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पघ। मैच समाप्त होने के अगले दिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के क्यूरेटर मैट पेज ने बताया कि वह एकदम सदमे में हैं। पेज के पिच पर 10 मीमी घास छोड़ने के फैसले की भी काफी चर्चा हो रही है। इस टेस्ट के दो दिन में समाप्त होने की वजह से सीए को बड़ा आर्थिक नुकसान (10 मिलियन ऑस्ट्रेलिया डॉलर) भी हुआ है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्रीलंका को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आखिरी और पांचवें टी-20 मुकाबले में भारतीय महिला टीम क्लीन स्वीप करन साल का सफल समापन करने उतरेगी। वहीं श्रीलंका के पास इस मैच में जीत दर्ज आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर होगा। भारत इस पूरी सीरीज में क्लिनिकल रहा है। उन्हें किस्मत का भी साथ मिला, क्योंकि उन्होंने पहले तीन टॉस जीते। भारत ने तीनों मैचों में श्रीलंका को 130 से कम के स्कोर पर रोकते हुए और कम से कम पांच ओवर और सात विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल करते हुए अपना दबदबा बनाया। श्रीलंका कल होने वाले इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की चुनौती को पार करना होगा। इस भारतीय जोड़ी ने किसी भी विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी की और मेजबानों का सर्वोच्च टी-20 स्कोर खड़ा किया। भारत को इस सीरीज में अब तक केवल पांच बल्लेबाजो का ही इस्तेमाल करना पड़ा है। चाहे वे लक्ष्य तय करें या उसका पीछा करें, श्रीलंका रविवार को हसिनी परेरा की शुरुआत से प्रेरणा लेगा, जिसमें उन्होंने शुरुआती ओवरों में रेणुका सिंह और अरुंधति रेड्डी पर आक्रामक प्रहार किया। इससे पहले कि नीलाक्षी डी सिल्वा ने लोअर ऑर्डर में आखरिकार कुछ रन जोड़े। श्रीलंका चाहेगा कि भारतीय क्षेत्ररक्षकों से मिलने वाले किसी भी जीवनदान का फायदा उठाया जाए, क्योंकि इस सीरीज में भारतीय क्षेत्ररक्षक मामले में कमजोर दिखे है। पहले मैच में उन्होंने पांच कैच छोड़े और चौथे मैच में दो जो दोनों टीमों के बीच के फासले को कम करने में मेहमानों की मदद कर सकता है। श्रीलंका बल्लेबाजी में ओपनिंग में कप्तान अटापट्टू और हिसनी से बड़ी साझेदारी की उम्मीद करेगा। रविवार को हुए मुकाबले में इस जोड़ी ने अच्छी साझेदारी कर टीम को जीत की उम्मीद जगाई थी।

# मुंबई ने छत्तीसगढ़ को हराया

विजय हजारे ट्रॉफी

**जयपुर, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर (चार विकेट) और शम्स मुलानी (पांच विकेट) की बेहतरीन गें. दबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 68) और सिद्धेश लाड (नाबाद 48) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में छत्तीसगढ़ को 156 गें. दें शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया है। यहां टॉस जीतकर मुम्बई ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

शार्दुल ठाकुर 13 रन देकर (चार विकेट) और शम्स मुलानी 31 रन देकर (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बल्लेबाजी करने उतरी छत्तीसगढ़ को 38-1 ओवर में 142 के स्कोर पर समेट दिया। छत्तीसगढ़ के लिए कप्तान अमनदीप खरे (68) और अजय मंडल (46) ही जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर सके। शेष नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई ने 24 ओवर में एक विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से अपने नाम कर लिया। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और इशान मुल. चंदानी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। नौवें ओवर में हर्ष यादव ने इशान मुलचंदानी (19) को आउट कर छत्तीसगढ़ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सि(श लाड ने अंगकृष रघुवंशी के साथ 102 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिला दी।

## मप्र ने केरल को मात दी

**अहमदाबाद, वार्ता।** हिमांशु मंत्री (93) की शानदार बल्लेबाजी के बाद शुभम शर्मा (तीन विकेट), सारांश जैन और शिवांग कुमार (दो-दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर मध्यप्रदेश ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में केरल को 47 रनों से शिकस्त दी। यहां केरल ने टॉस कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अंकित शर्मा (चार विकेट) और बाबा अपराजित (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर केरल ने बल्लेबाजी करने उतरी मध्य प्रदेश को 46.1 ओवर में 214 के स्कोर पर समेट दिया। मध्यप्रदेश के लिए हिमांशु मंत्री ने 105 गेंदों में सात चौकों की मदद से 93 रनों की पारी खेली। इसके अलावा त्रिपुरेश सिंह ने (37), हर्ष गवली (22), आर्यन पांडे (15) और यश दुबे ने 13 रनों का योगदान दिया। केरल के लिए अंकित शर्मा ने चार विकेट लिए।

# वनडे सीरीज हार्दिक-बुमराह को मिल सकता है आराम




- **टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी-20 सीरीज खेली भारतीय टीम**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों के लिए आराम दिया जा सकता है।

टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में वापसी करेंगे। इनसे पहले होने वाले तीन एकदिवसीय मैच 11 जनवरी (बड़ौदा), 14 जनवरी (राजकोट) और 18 जनवरी (इंदौर) को होंगे। इनमें बुमराह और पांड्या को शामिल किए जाने की संभावना कम है। एकदिवसीय टीम की घोषणा 4-5 जनवरी के आसपास होने की उम्मीद है। ऐसा समझा जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि टी-20 विश्व कप के लिए अहम इन दो खिलाड़ियों को एकदिवसीय टीम से बाहर रखा जाएगा। हार्दिक पांड्या, जो सिर्फ सफेद गेंद क्रिकेट खेलते हैं, फिटनेस की दिक्कतों के कारण मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद से कोई वनडे नहीं खेले हैं। जसप्रीत बुमराह, जिनके वर्कलोड पर टीम में उनकी अहमियत को देखते हुए करीब से नजर रखी जा रही है, 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से वह किसी वनडे में नहीं खेले हैं। हालांकि, उम्मीद है कि पांड्या चल रहे विजय हजारे गेम्स में बड़ौदा के लिए खेलेंगे। संभावना है कि वह घरेलू 50-ओवर के टूर्नामेंट में खेलेंगे ताकि वह बीसीसीआई के घरेलू खेल में अनिवार्य भागीदारी के फरमान का पालन कर सकें। रोा. हत शर्मा और विराट कोहली की तरह, जिन्होंने पहले दो खेल में मुंबई और दिल्ली के लिए खेला था, पांड्या बड़ौदा के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के आखिरी तीन लीग मैचों में से दो में खेल सकते हैं, जो 3, 6 और 8 जनवरी को राजकोट में होने हैं। इस बीच, दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के एक शीर्ष अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि कोहली, जिन्होंने 24 और 26 दिसम्बर को बेंगलुरु में दिल्ली के लिए पहले दो विजय हजारे ट्रॉफी में खेले थे, छह जनवरी को अलूर के मैदान पर रेलवे के खिलाफ खेले जाने वाले आखिरी लीग मैच के लिए वापस आएंगे। उसके बाद, वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे।

# ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप के लिए प्रोविजनल टीम में कमिंस-हेजलवुड को शामिल




- **सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला उस असेसमेंट के नतीजों के बाद लिया जाएगा**

**सिडनी, वार्ता।** कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलिया ने चोट की चिताओं के बावजूद आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए अपनी प्रोविजनल टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जॉश हेजलवुड को शामिल करने जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कमिस, जो एशेज के तीसरे टेस्ट के लिए एडिलेड में लौटे थे, लेकिन सावधानी के तौर पर बाकी सीरीज से बाहर हो गए थे, लगभग चार हफ्ते में अपनी पीठ का एक और स्कैन करवाएंगे।

सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला उस असेसमेंट के नतीजों के बाद लिया जाएगा। मैकडॉनल्ड ने कहा कि मुझे लगता है पैट का चार हफ्ते में एक स्कैन होगा, तो उससे हमें जानक. ारी मिल जाएगी कि वह टी-20 विश्व कप के लिए किस स्थिति में हैं।

उन्हें 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया जाएगा। इस बीच, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और अकिलीज की समस्याओं के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। 34 साल के तेज गेंदबाज को चोटों ने परेशान किया है। हालांकि वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है और उम्मीद है कि वह जल्द ही गेंदबाजी करना शुरू कर देगा, जिससे वैश्विक टूर्नामेंट के लिए उसकी उपलब्धता की उम्मीदें बढ़ेगी। मैकडॉनल्ड ने कहा कि जॉश गेंदबाजी करने के लिए वापस आ रहा है। ऐसा लगता है कि वह संभावित समय के हिसाब से ठीक हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलते समय दाहिनी हैमस्ट्रिंग की चोट से प्रभावित मध्यमक्रम के आक्रामक बल्लेबाज टिम डेविड की फिटनेस पर भी नजर रख हुए है।

# पीएम ने कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपिशनशिप 2025 में कांस्य पदक जीतने वाली कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कोनेरू हम्पी को बधाई, जिन्होंने दोहा में फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के सेक्शन में कांस्य पदक जीता। खेल के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि दोहा में फीडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के ओपन सेक्शन में कांस्य पदक जीतने के लिए अर्जुन एरिगैसी पर गर्व है। उनका हौसला काबिले तारीफ है।

# न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ब्रेसवेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के लिए एक दशक से भी अधिक समय खेलने वाले पूर्व ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए 69 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें 28 टेस्ट शामिल हैं, और उन्होंने अपने लाल-गेंद करियर में 74 विकेट लिए। ब्रेसवेल का नाम न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में 2011 में होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जिताने वाले प्रदर्शन के लिए दर्ज है, जहां उन्होंने मैच में नौ विकेट लेकर सात रन की यादगार जीत दिलाई थी। ब्रेसवेल ने सफेद गेंद क्रिकेट में भी न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 में 41 मैच खेले। वह आईसीसीस पुरुष टी-20 विश्व कप 2012 में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थे और अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के दौरान एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के तौर पर नियमित रूप से योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए उनका आखिरी मैच 2023 में वेलिगटन में श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट था। बाद में पसली की चोट के कारण सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के साथ उनका घरेलू अभियान छोटा हो गया, जिसके कारण आखिरकार उन्होंने खेल से दूर होने का फैसला किया। आईसीसी ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के एक बयान के हवाले से ब्रेसवेल के हवाले से कहा कि यह मेरे जीवन का एक गौरवपूर्ण हिस्सा रहा है, और कुछ ऐसा जिसकी मैंने एक युवा क्रिकेटर के तौर पर ख्वाहिश की थी। मैं क्रिकेट के माध्यम से मिले अवसरों और अपने देश के लिए खेलने के मौके के लिए हमेशा आभारी रहूंगा, साथ ही अपने घरेलू करियर के दौरान सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए भी। प्रथम श्रेणी और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना एक सौभाग्य की बात है, और मैं आभारी हूं कि मैंने इतने लंबे समय तक खेल खेला और उसका आनंद लिया।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए मिला-जुला रहा 2025

## टीम ने जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज से साल की धमाकेदार शुरुआत की

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की जीत, एशिया कप में खिताबी सफलता और इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के अलावा भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए वर्ष 2025 का सफर काफी मिला-जुला रहा है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज से साल की धमाकेदार शुरुआत की।

भारत ने पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज 4-1 से अपने नाम की, जबकि एकदिवसीय सीरीज में इंग्लैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत बनाम इंग्लैंड टी-20 सीरीज का सबसे बड़ा आकर्षण पल अभिषेक शर्मा का विस्फोटक शतक रहा। उन्होंने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आखिरी मैच में 135 रनों की पारी खेली, जो अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। भारतीय टीम ने फरवरी में पाकिस्तान और यूएई की मेजबानी में हुई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी अपनी लय को बरक. रार रखा। आठ साल बाद अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर में लौटी इस प्रतिष्ठित एकदिवसीय टूर्नामेंट में भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ विराट को. हली का शतक जीत का सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र रहा, जबकि फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तान रोहित शर्मा ने टीम को चैंपियन बनाया। इसके बाद भारत का अगली अंतर्राष्ट्रीय सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज थी, लेकिन उससे पहले ही बड़ा बदलाव देखने को मिला। रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने इस सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। इसके बाद चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया। हाल के वर्षों की सबसे रोमांचक टेस्ट सीरीज में से एक मानी जा रही यह सीरीज बराबरी पर खत्म हुई। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट और लॉर्ड्स में तीसरा मुकाबला जीता, जबकि भारत ने एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट अपने नाम किया और द ओवल में खेले गए आखिरी मुकाबले में छह विकेट से शानदार जीत दर्ज कर सीरीज बराबर की। इस पूरी सीरीज में कप्तान शुभमन गिल ने 75-40 की औसत से 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक और एक दोहरा शतक शामिल रहा। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में भी अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए सितम्बर में यूएई में खेले गए एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म की बदौलत भारत फाइनल में पाकिस्तान को हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार महाद्वीपीय चैंपियन बना। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत धीमी रही, लेकिन नाबाद 69 रन की शानदार पारी खेलने वाले तिलक वर्मा ने टीम को जीत दिलाई और फाइनल के हीरो रहे। अक्टूबर में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज की मेजबानी की और 2-0 से क्लीन स्वीप किया। यह शुभमन गिल की टेस्ट कप्तान के रूप में पहली सीरीज में जीत थी। इसी दौरान गिल को रोहित शर्मा की जगह भारतीय एकदिवसीय टीम का कप्तान भी बनाया गया। एकदिवसीय प्रारुप में उनकी शुरुआत उतनी सफल नहीं रही।

# चोटिल गस एटकिसन एशेल के आखिरी टेस्ट से हुए बाहर



**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी को होने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की एशेज सीरीज के आखिरी मैच से बाहर हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार एटकिसन को मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट के दूसरे दिन गेंदबाजी करते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी। 27 साल के एटकिसन ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पांचवां ओवर पूरा करने के बाद मैदान छोड़कर चले गए और वापस नहीं लौटे, जबकि इंग्लैंड ने इस मैच में चार विकेट से जीत हासिल की। बाद के स्कैन में हैमस्ट्रिंग की समस्या की पुष्टि हुई, जिससे एटकिसन एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट नहीं खेल पाए। ऑस्ट्रेलिया अभी पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। इंग्लैंड ने एक बयान में कहा कि इंग्लैंड पुरुष टीम के तेज गें. दबाज गस एटकिसन एशेज टूर के बाकी मैच से बाहर हो गए हैं, क्योंकि स्कैन में पता चला है कि उन्हें बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है। सरे के दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने चौथे टेस्ट में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड की जीत के दौरान ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पांचवां ओवर फेंकने के बाद मैदान छोड़ दिया। इंग्लैंड पांचवें टेस्ट के लिए किसी रिप्लेसमेंट को नहीं बुलाएगा, जो चार जनवरी से सिडनी में शुरू होगा। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटों के कारण बाहर हैं। साथी तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर और मैथ्यू पॉट्स, जो टूरिंग टीम का हिस्सा हैं, अब सीरीज के आखिरी मैच के लिए एटकिसन की जगह भरने की कोशिश में हैं।

**इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), हैरी ब्रूक (उपकप्तान), जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, विल जैक्स, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ

# भूटान के सोनम एशे ने आठ विकेट लेकर टी-20 क्रिकेट में बनाया नया रिकॉर्ड

**भूटान, वार्ता।** भूटान के बाएं हाथ के स्पिनर सोनम एशे एक टी-20 मैच में आठ विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। 22 वर्षीय एशे ने यह कारनामा म्यांमार के खिलाफ तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में किया। एशे शुक्रवार को म्यांमार के खिलाफ खेले गए मुकाबले के अपने चार ओवर में सात रन देकर आठ विकेट झटके। इस मैच भूटान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 127 रन का स्कोर बनाया था।

इसके जवाब में म्यांमार की पूरी टीम को 45 रन सिमट गई। इस सीरीज में एशे अब तक चार मैचों में 12 विकेट ले चुके हैं। सीरीज का आखिरी मैच सोमवार को खेला जाना है। अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू टी-20 क्रिकेट में यह उपलब्धि किसी भी गेंदबाजा द्वारा पहली बार हासिल की गई है। एशे से पहले पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में केवल दो गेंदबाजो ने सात विकेट लिए थे। सयाजरुल इद्रुस ने 2023 में चीन के खिलाफ मलेशिया के लिए आठ रन देकर सात विकेट लिए थे। वहीं अली दाऊद ने 2025 में भूटान के खिलाफ बहरीन के लिए 19 रन देकर सात विकेट झटके थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर भी यह कारनामा केवल दो बार हुआ है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025

# नस्लीय सोच

देहरादून में एक युवा की नस्लीय टिप्पणी के कारण हुई मौत ने देश को झकझोर दिया है। यह घटना पूर्वोत्तर के लोगों के प्रति देश में मौजूद गहरी नस्लीय सोच को उजागर करती है। इस मामले में सख्त कार्रवाई और नस्लवाद विरोधी कानून की मांग की जा रही है। 'मैं भारतीय हूं' देहरादून में दम तोड़ने वाले त्रिपुरा के एंजेल चकमा के ये आखिरी शब्द हर भारतीय को झकझोरने वाले होने चाहिएं। अपनी पहचान से संघर्ष करते हुए एक युवा को जान देनी पड़ी। यह शर्मनाक है कि देश के भीतर देश के ही कुछ हिस्सों के लोगों की भारतीयता पर बार-बार सवाल उठाए जाते हैं। 24 साल के एंजेल पिछले एक साल से देहरादून में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। 9 दिसम्बर को वह अपने भाई माइकल के साथ कुछ सामान लेने निकले थे, जब कुछ लड़कों ने उन पर आपत्तिजनक कमेंट्स किए। एंजेल ने जब विरोध किया कि हम चीनी नहीं हैं, तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। इस शुक्रवार को एंजेल ने दम तोड़ दिया, जबकि माइकल की हालत गंभीर है। 6 में से 5 आरोपी अरेस्ट हो चुके हैं। इस घटना से त्रिपुरा और पूर्वोत्तर के दूसरे राज्यों में जबरदस्त गुस्सा है और यह जायज भी है। अमेरिका, यूरोप या ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों के खिलाफ नस्लभेदी अपराध होने पर जो देश विरोध जताता है, उसके भीतर ही कुछ तबकों में इतनी गहरी और खतरनाक नस्लीय सोच मौजूद है। इनके निशाने पर बार-बार पूर्वोत्तर के लोग आते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च ने 2021 में एक स्टडी के नतीजे जारी किए थे। तब सर्वे में शामिल पूर्वोत्तर के 78 प्रतिशत लोगों का मानना था कि उन्हें उनके चेहरे-मोहरे के कारण निशाना बनाया जाता है। यह बताता है कि लोगों में अपने ही देश के बारे में कितनी कम जागरूकता है। दूसरी बात, पूर्वोत्तर के लोगों को देश के कई हिस्सों में कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसी हर घटना के बाद कड़ी कार्रवाई की बात की जाती है, लेकिन सवाल है कि क्या उनसे कोई सबक लिया जा रहा? 2014 में दिल्ली में अरुणाचल के छात्र नीदो तानिया को इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई। वहां से अभी तक, क्या कोई बदलाव आया है एंजेल की मौत के बाद कई संगठनों ने नस्लवाद विरोधी कानून की मांग की है, जो बिल्कुल सही है। नस्लवाद देश की एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि जब भी भारत के किसी शहर में किसी एंजेल के साथ भेदभाव किया जाता है, तो उससे एक बड़े वर्ग की भावनाओं को चोट पहुंचती है। देश को ऐसा कानून चाहिए, जो इन मामलों में आरोपियों के प्रति सख्ती और पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाए। यदि इस तरह का कानून नहीं बन पाता है, तो देश में इस तरह की सोच रखने वाले लोग फिर किसी एक और एंजेल के साथ इसी तरह की घिनौनी वारदात अंजाम देते रहेंगे। हमें चाहिए कि हम सब मिलकर देश को आगे की ओर ले जाएं, ना कि पीछे धकेलें।

## जल जीवन मिशन अब लूट का मिशन बना



उप्र में भ्रष्टाचार और लूट अपने चरम पर पहुंच चुकी है, भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी हावी है, निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण और जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है, कई जिलों में पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का बोझ नहीं झेल पाईं और धराशाई हो गईं, जल जीवन मिशन अब लूट का मिशन बन गया है, जहां गुणवत्ता और जनहित की बजाय कमीशन को प्राथमिकता दी जा रही है, उप्र की भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में माफिया पैदा कर दिए हैं भूमाफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया और लकड़ी माफिया खुलेआम लूट मचा रहे हैं।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष समाजवादी पार्टी**

# वनों का कटान एक गंभीर समस्या



भारत में वनों की कटाई आज के समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं में से एक बन चुकी है। भारत प्राकृतिक संसाधनों, जैव विविधता और विविध जलवायु क्षेत्रों से समृद्ध देश रहा है, जहां सदियों से वन मानव जीवन, पशु-पक्षियों और पारिस्थितिक संतुलन का आधार रहे हैं। लेकिन बढ़ती जनसंख्या, तीव्र औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और विकास की अंधी दौड़ ने वनों पर अभूतपूर्व दबाव डाला है। वनों की कटाई केवल पेड़ों के काटे जाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के विनाश, मिट्टी के कटाव, जल संकट और मानव जीवन की गुणवत्ता में गिरावट जैसे गहरे संकटों को जन्म देती है।

भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल वन और वृक्ष आवरण लगभग 8.27 लाख वर्ग किलोमीटर है, जो भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 25 प्रतिशत है। देखने में यह आंकड़ा संतोषजनक लगता है, लेकिन इसके भीतर छिपी सच्चाई कहीं अधिक चिंताजनक है। हाल के वर्षों में घने और प्राकृतिक वनों का क्षेत्र लगातार घट रहा है, जबकि वृक्ष आवरण में हुई वृद्धि का बड़ा हिस्सा कृत्रिम पौधारोपण या सड़क किनारे लगाए गए पेड़ों से आया है। प्राथमिक या प्राकृतिक वन, जो जैव विविधता के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं, सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। वैश्विक संस्थाओं की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में ही भारत ने लगभग 18 हजार हेक्टेयर प्राथमिक वन क्षेत्र खो दिया, जो पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। वर्ष 2001 से अब तक भारत लगभग 2.3 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वृक्ष आवरण खो चुका है, जिससे करोड़ों टन कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में पहुंची है। वनों की कटाई के पीछे सबसे बड़ा कारण कृषि विस्तार है। बढ़ती आबादी की खाद्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जंगलों को खेतों में बदला गया। विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत और मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में झूम खेती या स्थानांतरित कृषि के कारण बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। यद्यपि यह परंपरागत खेती पद्धति रही है, लेकिन आज बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण यह टिकाऊ नहीं रह गई है और वनों के पुनर्जनन का समय नहीं मिल पाता। इसके अतिरिक्त अवैध कटाई भी वनों के विनाश का एक प्रमुख कारण है। लकड़ी, ईंधन और फर्नीचर उद्योग की बढ़ती मांग ने जंगलों में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। कई क्षेत्रों में संगठित गिरोह जंगलों से कीमती लकड़ी की तस्करी करते हैं, जिससे वन विभाग की चुनौतियां और बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही खनन गतिविधियां, विशेष रूप से झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, बड़े पैमाने पर जंगलों को नष्ट कर रही हैं। खनन के लिए जंगल साफ किए जाते हैं, जिससे न केवल पेड़ कटते हैं बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ जाता है। तेजी से बढ़ता शहरीकरण और बुनियादी ढांचे का विकास भी वनों की कटाई का एक बड़ा कारण बन चुका है। सड़कों, रेल लाइनों, बिजली परियोजनाओं, औद्योगिक गलियारों और आवासीय कॉलोनियों के निर्माण के लिए हजारों हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग किया गया है। विकास की ये परियोजनाएं आर्थिक दृष्टि से आवश्यक मानी जाती हैं, लेकिन इनके दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभावों पर अक्सर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। कई बार वन भूमि को अन्य उपयोग के नाम पर गैर-वन क्षेत्र घोषित कर दिया जाता है, जिससे जंगलों का स्थाई नुकसान होता है। वनाग्नि भी वनों के विनाश का एक बड़ा कारण बनती जा रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि और वर्षा के पैटर्न में बदलाव से जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में हर वर्ष सैकड़ों हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ जाते हैं। इससे न केवल पेड़ नष्ट होते हैं, बल्कि वन्यजीवों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है और वायु प्रदूषण बढ़ता है। वनों की कटाई का सबसे गहरा प्रभाव जैव विविधता पर पड़ता है। भारत विश्व के उन देशों में शामिल है जहां जैव विविधता अत्यधिक समृद्ध है। लेकिन जंगलों के सिकुड़ने से वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहा है। बाघ, हाथी, तेंदुआ, गैंडा और अनेक पक्षी प्रजातियां लगातार अपने प्राकृतिक क्षेत्रों से बाहर आने को मजबूर हो रही हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ी हैं। कई प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी हैं, जो पारिस्थितिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा है। वनों की कटाई जलवायु परिवर्तन को भी तेज करती है।

जंगल कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वातावरण को संतुलित रखते हैं, लेकिन जब पेड़ काटे जाते हैं तो यही कार्बन वातावरण में मुक्त हो जाता है। इससे वैश्विक तापमान बढ़ता है, वर्षा चक्र प्रभावित होता है और सूखा, बाढ़ तथा हीटवेव जैसी आपदाएं अधिक तीव्र हो जाती हैं। भारत में हाल के वर्षों में मौसम की चरम घटनाओं में वृद्धि इसी असंतुलन का संकेत है। इसके अलावा वनों के नष्ट होने से मिट्टी का कटाव बढ़ता है, जिससे भूमि की उर्वरता घटती है और कृषि उत्पादन प्रभावित होता है। जंगल वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे भूमि में समाहित करते हैं, लेकिन उनके अभाव में वर्षा का पानी बहकर नदियों में चला जाता है, जिससे बाढ़ और भूजल स्तर में गिरावट दोनों समस्याएं पैदा होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गहराता जा रहा है, जिसका एक बड़ा कारण वनों का घटता क्षेत्र है। भारत सरकार ने वनों के संरक्षण के लिए कई नीतियां और योजनाएं लागू की हैं। वन संरक्षण अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम और ग्रीन इंडिया मिशन जैसे प्रयास इसी दिशा में किए गए हैं। इसके अलावा क्षतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन प्राधिकरण यानी बडच। के तहत जंगलों की कटाई के बदले नए पौधे लगाने की व्यवस्था की गई है। हालांकि आलोचक मानते हैं कि केवल पौधारोपण से प्राकृतिक वनों की भरपाई संभव नहीं है, क्योंकि प्राकृतिक जंगलों का पारिस्थितिक ढांचा अत्यंत जटिल होता है। सरकार द्वारा उपग्रह निगरानी और डिजिटल मैपिंग के माध्यम से वनों की स्थिति पर नजर रखने की व्यवस्था भी की गई है, जिससे अवैध कटाई को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। फिर भी जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन की कमी, भ्रष्टाचार और संसाधनों की कमी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। वनों की रक्षा में स्थानीय समुदायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहां-जहां ग्राम वन समितियों और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया गया है, वहां वन संरक्षण के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। आदिवासी समुदाय सदियों से जंगलों के साथ संतुलन बनाकर रहते आए हैं, इसलिए उनकी भागीदारी के बिना कोई भी संरक्षण नीति सफल नहीं हो सकती। साथ ही लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है, ताकि वे जंगलों को केवल संसाधन नहीं बल्कि जीवन का आधार समझें। भविष्य की दृष्टि से भारत के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाया जाए। सतत विकास की अवधारणा को अपनाते हुए ऐसी नीतियां बनानी होंगी जिनमें आर्थिक प्रगति के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा भी सुनिश्चित हो। हरित ऊर्जा, वैकल्पिक ईंधन, पर्यावरण अनुकूल निर्माण और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण जैसे कदम इस दिशा में सहायक हो सकते हैं। अंतत: यह कहा जा सकता है कि वनों की कटाई केवल पर्यावरण की समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है। यदि आज हमने जंगलों को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित जीवन देना कठिन हो जाएगा। वनों का संरक्षण ही भविष्य की सुरक्षा है और यही सच्चे अर्थों में सतत विकास का मार्ग है।

**...साभार सीजीपीटी**

# ग्लोबल वार्मिंग मापने की नई तकनीक से आस

**अब अलास्का के समुद्र के अंडर-सी पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने के बारे में हमें कई सारी महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। अब यह तरीका अन्य जगह भी लागू किया जा सकता है। केबल पर पड़ने वाला दबाव, केबल का तापमान आदि कारणों से प्रकाश के संचार पर असर होता है। अत: इस अनुसंधान से विकसित की गई तकनीक की बदौलत जहां-जहां भी अंडर-सी केबल हैं वहां के समुद्र तल के बारे में नई जानकारी पाना संभव हो सकता है।**

आजकल ग्लोबल वार्मिंग यानी धरती के गर्माने की बहुत बातें हो रहीं है। औद्योगीकरण के चलते हवा में कार्बन डाईऑक्साइड जैसी गैसों की मात्रा बढ़ी है, जिससे विश्व का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है। यह एक बहुत ही धीमी रफ्तार से होने वाली प्रक्रिया है तथा तापमान में बदलाव भी बहुत थोड़ा-थोड़ा करके, एकाध डिग्री सेल्सियस से भी कम, होता है। हालांकि, इतने छोटे बदलाव से भी कई जगह अलग-अलग असर देखने को मिलते हैं। ये असर क्या हैं, उनके कारण पर्यावरण को क्या नुकसान हो रहे हैं या आगे क्या हो सकते हैं, यह जानने के लिए दुनिया में कई सारे वैज्ञानिक काम कर रहे हैं।

इसी प्रयास में वैज्ञानिकों ने यह देखा है कि तापमान वृद्धि का बड़ा असर उत्तरी ध्रुव के बर्फीले प्रदेशों पर हो रहा है। बड़े-बड़े हिमखंड पिघल रहे हैं। यह परिणाम तो प्रत्यक्ष नजर आते हैं जिन्हें देखना काफी आसान और संभव है किंतु समुद्र के पानी में जो बदलाव हो रहा है वह जानना काफी मुश्किल है। वैज्ञानिक उन प्रभावों को ढूंढने और मापने के नए-नए तरीके खोजते रहते हैं। अन्य जगहों के मुकाबले आर्कटिक वृत्त के पास के समंदरों के बारे में इस तरह की जानकारी पाना तो और भी मुश्किल है। यहां के समंदर का पानी साल भर काफी ठंडा रहता है और तो और, जाड़े के मौसम में कई जगह बर्फ जम जाती है। यह हुई ऊपरी हिस्से की बात। जैसे-जैसे हम समंदर की गहराई में जाते हैं, पानी का तापमान और कम होता जाता है। ज्यादा गहराई में जाने पर कुछ हिस्से ऐसे भी हैं जहां पानी साल भर पूरी तरह बर्फ के रूप में जमा होता है और कभी पिघलता नहीं है। इसे समंदर के अंदर का स्थाई तुषार पर्माफ्रॉस्ट कहते है। वैज्ञानिकों को आशंका थी कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण इस पर्माफ्रॉस्ट पर असर हुआ है और उस के कुछ हिस्से पिघलने लगे हैं परंतु जहां पहुंचना भी मुश्किल है, वहां इतनी गहराई में उतरकर कुछ नाप-जोख कर पाना लगभग असंभव है। हाल ही में साइंटिफिक अमेरिकन में छपी एक रिपोर्ट में एक नई तकनीक का जिक्र है जिसकी बदौलत अब हमें पर्माफ्रॉस्ट की हालत के बारे में जानकारी मिलना संभव हो गया गया है। पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने का अध्ययन इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि यदि यह बर्फ पिघली तो इसमें कैद कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन वगैरह वातावरण में पहुंचकर ग्लोबल वार्मिंग को और बढ़ा देंगी, तो क्या है यह तकनीक?

हम लोग केबल टीवी से तो काफी परिचित है। अपने घर के टीवी तक लगाए गए केबल के जरिए हम बहुत सारे टीवी चैनल देख पाते हैं। सिर्फ टीवी ही नहीं बल्कि हर प्रकार के संचार संकेतों के प्रेषण के लिए केबल डाली जाती है, जैसे टेलीफोन, टेलीग्राफ, इंटरनेट के लिए। जिस तरह हमारे शहरों में सड़कों के किनारे जमीन में केबल डाली जाती है, उसी तरह दो शहरों के बीच या दो देशों के बीच भी केबल रहती है। अलबत्ता यह केबल थोड़ी अलग किस्म की होती है। उनमें तार की जगह प्रकाशीय रेशों ऑप्टिकल फाइबर के बहुत से तंतु होते हैं। दो देश जमीन से जुड़े हों तो उनके बीच इस तरह की केबल डाली जा सकती है परंतु यदि हमें इंग्लैंड और अमरीका के बीच केबल डालनी है तो? उनके बीच तो अटलांटिक महासागर है। यह केबल अब समंदर के पानी के अंदर अंडर-सी बिछानी पड़ेगी। इस तरह की अंडर-सी केबल पहली बार 1858 में इंग्लैण्ड और फ्रांस के बीच इंग्लिश चैनल के आर-पार डाली गई थी। उस समय यह केबल टेलीग्राफ के लिए इस्तेमाल की जाती थी और वह काफी प्राथमिक स्तर की थी। अब इनमें काफी सुधार हुए हैं। दुनिया के सभी महासागरों में इस तरह की केबल डाली जा चुकी हैं। आजकल दुनिया का अधिकतर दूरसंचार इसी तरह के केबल द्वारा होता है। अब स्कूल में पढ़े कुछ विज्ञान को याद करते हैं। हम जानते हैं कि प्रकाश किरण एक सीधी रेखा में चलती है, पर माध्यम बदलने पर यह अपनी दिशा बदल लेती है। इसे हम अपवर्तन कहते हैं। माध्यम का घनत्व बदलने से भी प्रकाश किरणें दिशा बदलती हैं। इसका सामान्य उदाहरण मरीचिका है- यह प्रभाव इस कारण होता है कि गर्मी के दिनों में जमीन के पास की हवा अधिक गरम होने की वजह से विरल (कम घनत्व वाली) होती है। सैंडिया नेशनल लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों ने ध्यान दिया कि आर्कटिक वृत्त के समुद्र के तले में कई केबल डली हुई हैं। उसमें से कुछ अलास्का के ब्यूफोर्ट सागर के तले पर मौजूद पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र से गुजर रही है। उन्होंने अंदाज लगाया कि पर्माफ्रॉस्ट के कारण केबल पर जो दबाव पड़ा होगा उससे अंदर के तंतुओं पर कुछ असर हुआ होगा। अत: उस जगह हमें प्रकाश किरण का अपवर्तन और विक्षेपण (यानी बिखराव) दिखाई देगा। उन्होंने केबल के असंख्य तंतुओं में से एक ऐसा तंतु चुना जिसका उपयोग नहीं हो रहा था। उसमें एक लेजर बीम छोड़ा और यह नापने की कोशिश की कि बीम का कहां-कहां और कैसे अपवर्तन तथा विक्षेपण होता है। चूंकि पर्माफ्रॉस्ट के कारण केबल पर जो असर हुआ वह बहुत सूक्ष्म था, लेजर बीम में होने वाला बदलाव भी न के बराबर रहा परंतु चार साल के अथक प्रयासों के बाद वैज्ञानिक अपने मकसद में कामयाब रहे।

**-साभार प्रभा**

# बुढ़ापे को दावत देता है लेपटॉप और मोबाइल में घुसे रहना

मोबाइल फोन और लैपटॉप से निकलने वाली ब्लू वेवलेन्थस (तरंगदैर्ध्य) स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है और इनके साथ अधिक समय बिताने से मस्तिष्क और रेटिना की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं तथा बुढ़ापे को असमय न्यौता देती हैं। अमेरिका की ऑरेगन स्टेट यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने अपने ताजा शोध में यह खुलासा किया है और चाहे अनचाहे इस नीले प्रकाश के जद में जी रही मानव जाति की नियति पर चिंता जताई है। उनका दावा है कि प्राकृतिक प्रकाश के अलावा हर प्रकार की कृत्रिम रोशनी सेहत के लिए नुकसानदायक है। इनमें मोबाइल, लैपटॉप, कम्प्यूटर और अन्य उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी के अलावा एलईडी ब्लब एवं ट्यूबलाइट से निकलने वाला दूधिया उजाला भी शामिल है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के प्रोफेसर (ईएनटी विशेषज्ञ) डा. अशोक कुमार ने बताया था कि मोबाइल फोन समेत तमाम वैज्ञानिक उपकरणों ने हमारे जीवन को नया आयाम दिया है लेकिन इनके लगातार तथा अधिक समय तक प्रयोग करने का हमें खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने अपने नये शोध में साबित किया है कि ब्लू वेवलेन्थस किस तरह मस्तिष्क और रेटिना की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। हम आज कृत्रिम रोशनी और विद्युत चुंबकीय विकिरण (इलेक्ट्रो मैग्नेटिक रेडिएशन) के साए में जी रहे हैं जो हमारी सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक हैं। प्रोफेसर कुमार ने कहा कि उपकरणों के सही उपयोग के प्रति जागरूकता नहीं होने से हमें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। कुछ लोगों को



अधिकांश समय ईयरफोन लगाए देखा जा सकता है। ईयरफोन लगाकर गाना सुनने की आदत ज्यादातर स्कूल-कॉलेज के बच्चों और ऑफिस में काम करने वाले लोगी की होती है। वे लगातार इसका उपयोग करते हैं। आलम यह है कुछ लोग लिटरली कानों को बंद करके सड़क भी पार करते हैं। कई ईयरफोन ऐसे होते हैं कि आप आवाज देते रहिए, लोग सुनेंगे नहीं। इस दौरान सड़क हादसे की कई घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि देर तक ईयरफोन का उपयोग करने से मस्तिष्क तक आवाज पहुंचाने वाली कोशिकाएं गर्म होकर क्षतिग्रस्त होती हैं और उन्हें ठीक भी नहीं किया जा सकता। कान सिर्फ 65 डेसिबल तक की आवाज को सहन कर सकता है। लगातार तेज अवाज के संपर्क में रहने से हेयर सेल्स क्षतिग्रस्त होती हैं और कालांतर बहरेपन की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर आप लगातार 10 घंटे तक ईयरफोन का इस्तेमाल करेंगे तो बहरेपन की शिकायत भी हो सकती है। हेडफोन से निकलने वाली विद्युत चुम्बकीय तरंगे मस्तिष्क को गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं। कुछ लोगों को रात में सोते हुए गाने सुनने की आदत होती है जिसका दिमाग पर बहुत बुरा असर पड़ता है। कुछ इसी तरह की बात हमारे ताजा शोध में आई है कि ब्लू वेवलेन्थस हमारे मस्तिष्क और रेटिना की कोशिकाओं को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। हमें सतर्क रहने की जरूरत है। एजिग एडं मेकैनिज्म ऑफ डिजीज में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि वैज्ञानिकों ने ड्रॉसोफिला मेलानोगेस्टर (फलों पर बैठने वाली मक्खियां) पर अध्ययन के दौरान ब्लू वेवेलेन्थस के हानिकारक प्रभावों को देखा है। अनुसंधानकर्ता प्रोफसर जे गिइबुल्टोविक्स की टीम ने बताया कि इन मक्खियों की सेलुलर (जीवकोषीय) और विकासात्मक (डिवेलप्मेन्टल) प्रक्रिया मनुष्यों और पशुओं से मेल खाती है, इसलिए इस शोध के लिए ये उपयुक्त थीं। उन्होंने कहा कि इन मक्खियों का बायोलॉजिक क्लॉक का अध्ययन किया गया। इनके एक झुंड को 12 घंटे मोबाइल, टैबलेट्स, कम्प्यूटर आदि उपकरणों की ब्लू वेवलेन्थस जैसी एलईडी लाइट में और 12 घंटे अंधेरे में रखा गया और दूसरे झूंड को ब्लू वेवलेंथस फिल्टर्ड में रखा गया। हमें बेहद चौंकाने वाले परिणाम मिले। उन्होंने कहा कि नीली रोशनी में रखी गईं मक्खियों के रेटिना और ब्रेन न्यूरोंस को क्षतिग्रस्त पाया गया। मक्खियां दीवार आदि पर बैठने समेत अपनी कई स्वभाविक क्रियाएं नहीं कर पाईं और शिशु मक्खियों की आंखें खुलने की प्रक्रिया रुक गई। हमने यह भी देखा कि मौका मिलने पर मक्खियों ने नीली रोशनी से शीघ्र अति शीघ्र भागने की कोशिश की। प्रोफसर गिइबुल्टोविक्स ने कहा कि वैसे तो हर तरह की कृत्रिम रोशनी हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक है, लेकिन शोध के दौरान हमने देखा कि ब्लू वेवलेन्थस से मुक्त वातावरण के मुकाबले ब्लू वेवलेन्थस वाले क्षेत्र में रखी गईं मक्खियों की एजिग प्रक्रिया तेज थी। हमारे इस शोध का निष्कर्ष मनुष्यों पर भी लागू हो सकता है। उन्होंने कहा कि क्यों न हम हर संभव कोशिश करें कि ब्लू वेवलेन्थस हमारे लिए मायाजाल न बने और इस तरह के उपकरणों के लंबे इस्तेमाल से स्वयं को सुरक्षित रखने के तमाम उपायों पर अमल करें।

**इस दौरान सड़क हादसे की कई घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि देर तक ईयरफोन का उपयोग करने से मस्तिष्क तक आवाज पहुंचाने वाली कोशिकाएं गर्म होकर क्षतिग्रस्त होती हैं और उन्हें ठीक भी नहीं किया जा सकता। कान सिर्फ 65 डेसिबल तक की आवाज को सहन कर सकता है। लगातार तेज अवाज के संपर्क में रहने से हेयर सेल्स क्षतिग्रस्त होती हैं और कालांतर बहरेपन की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर आप लगातार 10 घंटे तक ईयरफोन का इस्तेमाल करेंगे तो बहरेपन की शिकायत भी हो सकती है।**



पश्चिम बंगाल। नादिया जिले के फुलिया स्थित बीडीओ कार्यालय में सूची के विशेष गहन संशोधन के लिए अपना नाम दर्ज कराती महिलाएं मतदाता।

## इंडोनेशिया के मनाडो में नर्सिंग होम में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत की राजधानी मनाडो में एक नर्सिंग होम में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। शवों की पहचान करने के लिए इंडोनेशियाई पुलिस कार्रवाई कर रही है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को दी। पोल्डा सुलुट के जनसंपर्क अधिकारी आलमस्याह पी. हसीबुआन के अनुसार, पीड़ितों के शवों की पहचान उत्तरी सुलावेसी क्षेत्रीय पुलिस (पोल्डा सुलुट) के भायंगकारा अस्पताल में की जा रही है। हसीबुआन के अनुसार स्थानीय समयानुसार रात लगभग 8:36 बजे मनाडो जिले के पाल दुआ जिले के रानोमुट उप-जिले में स्थित पांटी वर्धा दमाई नर्सिंग होम में आग लग गई। मनाडो नगर सरकार की तीन दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और रात लगभग 9:30 बजे आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी तुरंत इलाके को सुरक्षित करने और बचाव कार्यों में सहायता करने के लिए सक्रिय हो गए।

## इस्लामिक स्टेट के खिलाफ छापेमारी में सात तुर्की पुलिसकर्मी घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी प्रांत यालोवा में संदिग्ध इस्लामिक स्टेट (आईएस) सदस्यों को निशाना बनाकर किए गए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान गोलीबारी में सात पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरकारी प्रसारक टीआरटी की रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया कि प्रांतीय पुलिस इकाइयों ने एलमालिक गांव के एक घर पर छापा मारा, जहां छापेमारी अभियान के दौरान आईएस सदस्यों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। गोलीबारी के बाद, पड़ोसी प्रांत बर्सा से विशेष ऑपरेशन पुलिस को छापेमारी में मदद करने के लिए तैनात किया गया, जो आसपास के क्षेत्र में बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था के तहत जारी है। मुठभेड़ में घायल हुए पुलिसकर्मियों की हालत स्थिर बनी हुई है।

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 5 घरों में आग लगाई

## दरवाजे बाहर से बंद थे, लोग बाड़ काटकर घर से निकले, पांच संदिग्ध गिरफ्तार किए गए

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के कम से कम पांच घरों में आग लगाने की घटना सामने आई है। यह घटना शनिवार, 27 दिसम्बर को पिरोजपुर जिले के दम्रिताला गांव की बताई जा रही है। परिवार के सदस्यों के मुताबिक आग लगने के वक्त वे घर के अंदर फंसे हुए थे क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। कुल आठ लोग टिन और बांस की बाड़ काटकर बाहर निकलने में कामयाब रहे।

लेकिन उनके घर, सामान और पालतू जानवर पूरी तरह जलकर राख हो गए। स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमलावरों ने एक कमरे में कपड़े भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। घटना का एक वीडियो



■ आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया, घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें लोग आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसम्बर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फार बांग्लादेश माइनारिटीज की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला। अब ईशनिंदा के आरोप डर फैलाने और अल्पसंख्यकों को दबाने का हथियार बनते जा रहे हैं। बांग्लादेश में 18 दिसम्बर को हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने ईशनिंदा के झूठे आरोप में मार दिया था। ये घटनाएं देश के 30 से ज्यादा जिलों में फैली हुई हैं। रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, खुलना, कुमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट जैसे कई इलाकों में ऐसे मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में एक जैसे मामले होना यह दिखाता है कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का एक चलन बनता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही किसी पर ईशनिंदा का आरोप लगता है, पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन उसके साथ ही इलाके में भीड़ इकट्ठा हो जाती है और हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार आरोप किसी एक व्यक्ति पर होता है, लेकिन गुस्साई भीड़ पूरे हिंदू मोहल्ले को सजा देती है। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले चटगांव में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदू मोहल्ले पर हमला किया और वहां आग लगा दी थी।

# पानी को हथियार बना रहा भारत: शेरी रहमान

## भारत में पर्यावरण मंत्रालय के तहत पैनल ने चिनाब नदी पर जलविद्युत परियोजना को मंजूरी पर दिया पाक सांसद ने तीखा बयान



■ भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए, जिसमें 1960 के पुराने सिंधु जल समझौते को निलंबित करना शामिल था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक सांसद सोमवार को भारत पर पानी को हथियार बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों के संबंधों में तनाव को और बढ़ा सकता है। यह टिप्पणी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सांसद शेरी रहमान ने की। उन्होंने यह बयान तब दिया, जब भारत में पर्यावरण मंत्रालय के तहत एक पैनल ने चिनाब नदी पर जलविद्युत परियोजना को मंजूरी दी।

इससे पहले, अप्रैल में पहलगाम में हुए खौफनाक आतकंवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित कर दिया था। रहमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर 260 मेगावाट की दुलहस्ती चरण-सेकेंड जलविद्युत परियोजना को हरित पैनल ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने इसे सिंधु जल संधि का उल्लंघन करार दिया और कहा कि पानी को हथियार बनाना न तो समझदारी है और न ही स्वीकार्य है। खासकर यह क्षेत्र पहले से ही जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणी दबाव में है। यह पहले से ही शत्रुता और अविश्वास से भरे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव बढ़ाएगा। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए, जिसमें 1960 के पुराने सिंधु जल समझौते को निलंबित करना शामिल था। विश्व बैंक की मध्यस्थता में तैयार किया गया यह समझौता 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और इसकी सहायक नदियों के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करता रहा है। जलविद्युत परियोजनाओं की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने इस महीने अपनी 45वीं बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दे दी। अब इसके निर्माण के लिए निविदाओं की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 3200 करोड़ रुपये से अधिक है। पैनल ने कहा कि चिनाब बेसिन का पानी भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि के नियमों के अनुसार बांटा जाता है और इस परियोजना के नियम और योजनाएं इसी समझौते के अनुसार बनाई गई हैं। हालांकि, सिंधु जल समझौता 23 अप्रैल 2025 से निलंबित है। जब सिंधु जल संधि लागू थी, तब पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों पर अधिकार था, जबकि भारत को रावी, ब्यास और सतलज पर अधिकार था। अब जब यह संधि निलंबित है तो भारत सिंधु बेसिन में कई जलविद्युत परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहा है।

## भारत में अल्पसंख्यकों पर हमले चिंता का विषय: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने भारत में क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ और अल्पसंख्यकों पर हिंसा से जुड़ी घटनाओं को लेकर चिंता जताई है। पाकिस्तान का कहना है कि ऐसी घटनाएं भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती नफरत का संकेत देती हैं और इस पर अंतर्राष्ट्रीय समुदायों को ध्यान देना चाहिए।

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन अंद्राबी के मुताबिक भारत में क्रिसमस से पहले धार्मिक प्रतीकों और सजावट को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे ईसाई समुदाय में डर का माहौल बना। अंद्राबी ने ये आरोप भी लगाया कि मुसलमानों के खिलाफ घरेलू हिंसा, घरों को गिराए जाने और भीड़ द्वारा लिंचिंग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना गहरी हो रही है। पाकिस्तान ने इस दौरान 2015 में हुए मोहम्मद अखलाक हत्याकांड का भी जिक्र किया। अंद्राबी ने कहा कि इस मामले में भारतीय अधिकारियों

■ क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ और अल्पसंख्यकों पर हिंसा से जुड़ी घटनाओं को लेकर चिंता जताई

ने आरोपियों को सजा दिलाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि इन घटनाओं से न सिर्फ मुसलमानों बल्कि दूसरे अल्पसंख्यकों में भी डर का माहौल है। इसी वजह से पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह इन मामलों को गंभीरता से देखे और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने जिस घटना का जिक्र किया, वह 24 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुई थी। रायपुर के मैग्नेटो माल में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस के मौके पर की गई सजावट और सांता की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में पुलिस ने 27 दिसम्बर को 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया

## आपका खराब रिकॉर्ड सब बयां कर रहा भारत का पाकिस्तान पर पलटवार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत में क्रिसमस पर अपवाद के तौर पर हुई तोड़फोड़ की खबरों पर ज्ञान देने की कोशिश की। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के बयान पर अब भारत सरकार ने पड़ोसी देश की सरकार को दो टूक सुना दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम उस देश की कथित टिप्पणियों को खारिज करते हैं जिसका इस मामले में बेहद खराब रिकॉर्ड खुद ही सब कुछ बयां करता है। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है, विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों पर पाकिस्तान का भयावह और सुनियोजित उत्पीड़न एक सर्वविदित तथ्य है। किसी भी तरह के आरोप-प्रत्यारोप इसे छिपा नहीं सकते हैं। भारत में क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ की छिटपुट घटनाओं और भारत में तथाकथित तौर पर मुसलमानों के खिलाफ हिंसा को लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने जहर उगला था। यहां सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस तरह का ज्ञान वो पाकिस्तान दे रहा है, जहां आए दिन अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बरता के मामले सामने आते रहते हैं।

## यूक्रेन वार्ता में प्रगति हुई है, पर अभी भी कुछ जटिल मुद्दे बाकी: ट्रम्प

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद कहा कि 'फ्लोरिडा वार्ता' के दौरान यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में प्रगति हुई है, लेकिन 'एक या दो बहुत जटिल मुद्दे' अभी भी बाकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य सवाल टकराव वाले क्षेत्रों (जमीन) को लेकर था। रूस ने पहले मांग की है कि यूक्रेन उसे और अधिक जमीन सौंप दे।

जेलेंस्की ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वे 20-सूत्रीय शांति योजना के '90 प्रतिशत' हिस्से पर समझौते पर पहुंच गए हैं, वहीं ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी का काम 'लगभग 95 प्रतिशत' पूरा हो गया है। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन के दल चार साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत करने के लिए अगले सप्ताह यूक्रेन में मिलेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बाद में टेलीग्राम ऐप पर एक बयान में कहा कि हमने सभी मुद्दों पर सार्थक बातचीत की और हम पिछले हफ्तों में यूक्रेनी और अमेरिकी दलों द्वारा की गई प्रगति को बहुत महत्व देते हैं। रूस ने फरवरी



■ रूस ने पहले मांग की है कि यूक्रेन उसे और अधिक जमीन सौंप दे

2022 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू किया था, और रूस ने इस समय यूक्रेनी क्षेत्र के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रम्प ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र, जिस पर रूस का काफी हद तक नियंत्रण है, उसे विसैन्यीकृत क्षेत्र में बदलने का प्रस्ताव 'अनसुलझा' बना हुआ है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उस जमीन का कुछ हिस्सा ले लिया गया है। उस जमीन का कुछ हिस्सा शायद हासिल किया जा सकता है, लेकिन इस पर अगले कुछ महीनों की अवधि में कब्जा भी किया जा सकता है। रूस ने इस समय डोनेत्स्क क्षेत्र के लगभग 75 प्रतिशत और पड़ोसी लुहान्स्क के लगभग 99 प्रतिशत हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैक्सिको ट्रेन दुर्घटना में 13 मरे, 98 घायल

**मैक्सिको सिटी।** दक्षिणी मैक्सिको में सलिना क्रूज-कोत्जाकोआल्कोस मार्ग पर 'इंटरओशनिक ट्रेन' के पटरी से उतरने से 13 लोगों की मौत हो गई है और 98 लोग घायल हो गए हैं। मैक्सिको की नौसेना सचिवालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। नौसेना ने एक बयान में बताया कि ओक्साका और वेराक्रूज राज्यों को जोड़ने वाली इंटरओशैनिक ट्रेन रविवार को निजांडा कस्बे के पास एक मोड़ से गुजरते समय पटरी से उतर गई थी।

### कश्मीर में हिमपात पूर्वानुमान से पहले रात के तापमान में वृद्धि

**श्रीनगर।** मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को कश्मीर घाटी में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आ सकता है जिसके कारण घाटी के इलाकों में हल्की से मध्यम स्तर की बर्फवारी हो सकती है। मौसम संबंधी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, श्रीनगर में रात के तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। यहां न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के 0.8 डिग्री सेल्सियस से बहुत ज्यादा है।

### अमेरिका में सड़क हादसे में तेलंगाना की दो छात्राओं की मौत

**हैदराबाद।** अमेरिका में सड़क दुर्घटना में तेलंगाना की दो छात्राओं की मौत हो गई है। सोमवार को मिली सूचना के अनुसार, मृतकों की पहचान मेघननारानी (25) और कडियाला भावना (24) के रूप में हुई है। दोनों महबूबाबाद जिले के गरला मंडल की निवासी थीं।

## बीएनपी के नेता तारीक रहमान ने दाखिल किए नामांकन पत्र

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान ने सोमवार को आगामी चुनावों के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। 'डेली स्टार' की रिपोर्ट के मुताबिक, नामांकन पत्र सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे सेगुनबागीचा स्थित ढाका संभाग आयुक्त के कार्यालय में जमा किए गए।

बीएनपी अध्यक्ष के सलाहकार अब्दुस सलाम ने बांग्लादेश डाक्टर संघ (डीएबी) के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर डा. फरहद हलीम डोनार के साथ मिलकर तारिक रहमनान की ओर से नामांकन पत्र जमा किए। तारिक रहमान 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में ढाका-17 सीट से चुनाव लड़ेंगे। 13वें संसदीय चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। अब्दुस सलाम ने मीडिया के जरिये सभी

■ 13वें संसदीय चुनाव के लिए ढाका 17 सीट से लड़ेंगे चुनाव

का आभार जताया और कहा कि 17 साल के निर्वासन के बाद तारिक रहमान का शहरवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ढाका-17 के लोग 12 फरवरी के चुनाव में अपनी इच्छा से तारिक रहमान के पक्ष में मतदान करेंगे। रविवार को बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने चुनाव से कुछ हफ्ते पहले तारिक रहमान का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की अनुमति दी। एक दिन पहले तारिक रहमान ने चुनाव आयोग कार्यालय का दौरा किया था और बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए अपनी उंगलियों के निशान और आंखों की स्कैन प्रक्रिया पूरी की थी।

# चीन ने ताइवान को पांच तरफ से घेरा

## अभ्यान शुरू, जवाब में ताइवान ने काउंटर काम्बैट एक्सरसाइज लॉन्च की, तीनों सेनाएं भी अलर्ट पर

**बीजिंग/ताइपे।** चीन ने ताइवान को पांच तरफ से घेरते हुए बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। चीनी सेना ने ताइवान के उत्तर, उत्तर-पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और पूर्वी तट के पास अलग-अलग जोन बनाकर लाइव-फायर ड्रिल शुरू की है।

चीन की कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने भी काउंटर काम्बैट एक्सरसाइज शुरू कर दी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना को अलर्ट पर रखा गया है। चीनी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। ताइवान ने अपनी सेनाओं को तैनात कर काम्बैट-रेडीनेस ड्रिल शुरू की है। ताइवान ने चीन पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। ताइवान कोस्ट गार्ड के मुताबिक, चीन के सैन्य अभ्यास से जहाजों की आवाजाही और मछुआरों की सुरक्षा

**ताइवान ने चीन पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने का आरोप लगाया**

पर खतरा पैदा हो गया है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के मुताबिक, इस अभ्यास में नौसेना, वायुसेना और राकेट फोर्स को एक साथ तैनात किया गया है। ड्रिल में युद्धपोत, फाइटर जेट, बाम्बर, ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके जरिए समुद्री और हवाई टारगेट को निशाना बनाने, बंदरगाहों की नाकाबंदी और बाहरी दखल को रोकने का अभ्यास किया जा रहा है। इसके साथ ही चीनी कोस्ट गार्ड को भी ताइवान के आसपास समुद्र में एक्टिव किया गया है। इस सैन्य अभियान को 'जस्टिस मिशन 2025' नाम दिया गया है। चीनी सेना ने कहा है कि यह अभ्यास ताइवान की 'अलगाववादी ताकतों' और बाहरी देशों के दखल के खिलाफ चेतावनी है। द गार्डियन ने डिफेंस एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया है कि इस बार चीन का अभ्यास पहले से ज्यादा बड़ा है और ताइवान के बेहद करीब किया जा रहा है। खासकर पूर्वी तट के पास बनाए गए सैन्य जोन को अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी दिशा से संकट के समय ताइवान को अंतर्राष्ट्रीय मदद मिल सकती है। चीन के इस युद्धाभ्यास की वजह अमेरिका और ताइवान के बीच हुई हथियारों की डील मानी जा रही है। अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को करीब 11.1 अरब डालर के हथियार बेचने की घोषणा की थी, जो अब तक का सबसे बड़ा रक्षा पैकेज है। इसमें आधुनिक मिसाइल सिस्टम, राकेट लॉन्चर और अन्य सैन्य उपकरण शामिल हैं। इस डील से चीन भड़क गया, क्योंकि वह ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है।

# ऑस्ट्रेलिया भेजी जाने वाली सभी चीजों पर शुल्क शून्य हो जाएगा

## भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के तहत होने जा रहा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** भारत से आस्ट्रेलिया भेजे जाने वाले सभी तरह के माल पर आगामी पहली जनवरी से शून्य-शुल्क दर पर प्रवेश मिलेगा। यह दोनों देशों के बीच हुए व्यापार समझौते के तहत होने जा रहा है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (भारत-आस्ट्रेलिया एक्टा) की तीसरी सालगिरह के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में सोमवार को कहा गया, 1 जनवरी 2026 से, भारतीय निर्यात के लिए 100 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई टैरिफ लाइनें (वस्तु श्रेणियां) शून्य-शुल्क वाली होंगी, जिससे (भारत के) श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता दो अप्रैल 2022 को हुआ था और यह 29 दिसम्बर 2022 को प्रभाव में आया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस समझौते के बाद दोनों देशों के बीच इस समय व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीका) की बातचीत प्रगति



■ भारत और ऑस्ट्रेलिया साथ मिलकर साझा समृद्धि और भरोसेमंद व्यापार का भविष्य बना रहे हैं

पर है। भारत का कहना है कि इस समझौते से मेक इन इंडिया और विकसित भारत 2047 के सपने के साथ मिलकर इंडो-पैसिफिक में भारत की आर्थिक भागीदारी को मजबूती मिल रही है। साथ मिलकर, भारत और ऑस्ट्रेलिया साझा समृद्धि और भरोसेमंद व्यापार का भविष्य बना रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले तीन सालों में, इस समझौते से भारत के निर्यात में वृद्धि, बाजार प्रवेश में आसानी और आपूर्ति श्रृंखला में मजबूती आई है तथा जिससे भारतीय निर्यातकों, सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों, किसानों और मजदूरों सभी को फायदा हुआ है। मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 8 प्रतिशत बढ़ा, जिससे भारत का आस्ट्रेलिया के साथ व्यापार संतुलन बेहतर हुआ है। इससे विनिर्माण, रसायन, कपड़ा, प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोलियम उत्पाद और रत्न और आभूषण क्षेत्रों में मजबूत बढ़त देखी गई है। यह समझौता कृषि-निर्यात में व्यापक वृद्धि लेकर आया है। इससे वहां भेजे जाने वाले फल और सब्जियों, समुद्री उत्पादों, मसालों में तेजी से वृद्धि हुई है। मंत्रालय के अनुसार इससे आस्ट्रेलिया को कॉफी के निर्यात में असाधारण वृद्धि हुई। अप्रैल-नवम्बर 2025 में वहां के लिए रत्न और आभूषण निर्यात में भी 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## हूती नेता की चेतावनी: सोमालीलैंड में इजरायली ठिकाना बना, तो करेंगे सैन्य हमला

**सना।** यमन के हूती विद्रोही समूह ने इजरायल और सोमालीलैंड के बीच बढ़ती नजदीकियों को लेकर कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगर सोमालीलैंड की धरती पर इजरायल अपनी कोई भी उपस्थिति दर्ज कराता है, तो उसे हूती सेना का 'सैन्य लक्ष्य' माना जाएगा। हूती कमांडर अब्दुलमलिक अल-हूती ने रविवार को स्पष्ट किया कि सोमालीलैंड (सोमालिया का अलग हुआ क्षेत्र) को इजरायल की दी गई मान्यता न केवल सोमालिया की संप्रभुता का उल्लंघन है, बल्कि यह यमन और पूरे अरब जगत की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उसने आरोप लगाया कि इजरायल इस क्षेत्र का उपयोग अफ्रीकी देशों और यमन के खिलाफ शत्रुतापूर्ण गतिविधियों के लिए एक 'लॉन्च पैड' के रूप में करना चाहता है। हूती कमांडर ने सोमालिया के लोगों के प्रति एकजुटता जाहिर करते हुए कहा कि उनका समूह सोमालिया की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। उसने मुस्लिम और अरब देशों से अपील की कि वे इजरायल के इस 'विस्तारवाद' के खिलाफ एकजुट होकर कड़ा रुख अपनाएं।

